दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, सोमवार, 17 मार्च, 2025 | फाल्गुन कृष्ण पक्ष: तृतीया विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 74 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12





उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

"आप अनुभव पैदा नहीं कर सकते, आपको उससे होकर गुजरना होता है।"

### सुबल वाणी



प्रसन्न व्यक्ति हमेशा स्वयं का मूल्यांकन करता है और दुःखी व्यक्ति वह है जो सदैव दूसरों का मूल्यांकन करता है।


## तरक्की के ★★★ 3 साल



# बना रहे हैं रंगला पंजाब

युद्ध नशिआं विरुद्ध

**नशे के ख़िलाफ़ युद्ध**

**300 यूनिट मुफ़्त बिजली, 90% घरों का ₹0 बिजली बिल**

**हज़ारों नौकरियाँ बिना सिफ़ारिश बिना रिश्वत**

**3 करोड़ लोगों को आम आदमी क्लीनिक में मुफ़्त इलाज**

- वृद्धजनों, विधवाओं, निराश्रित महिलाओं व बच्चों और दिव्यांगजनों को ₹16847.83 करोड़ की वित्तीय सहायता
- 118 नए स्कूल ऑफ़ एमिनेंस, शिक्षकों का प्रशिक्षण सिंगापुर-फिनलैंड में
- अब तक ₹96,836 करोड़ का निवेश
- 15,947 खालों की सफाई, नहरों का पानी अंतिम छोर तक
- शहीद परिवारों को ₹1 करोड़ की वित्तीय सहायता
- 35,500 तीर्थयात्रियों को मुफ्त दर्शन
- भ्रष्टाचार-मुक्त पंजाब के तहत 817 भ्रष्ट अधिकारी गिरफ्तार
- सड़क सुरक्षा फोर्स का गठन– 144 हाई-टेक वाहन, 5000 पुलिस कर्मी
- डोर-स्टेप डिलीवरी सेवा, अब 406 सरकारी सेवाएं घर पर उपलब्ध
- सी.एम. योगशाला के तहत 1.5 लाख लोगों ने लाभ उठाया

"पिछले 3 सालों में हमने शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के सपनों का पंजाब बनाने के लिए हर प्रयत्न किया है और आगे भी करते रहेंगे। आइए, हम सब मिलकर बाबा साहब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के दिखाए हुए रास्ते पर चलकर एक रंगला पंजाब बनाएं!"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

**यहाँ स्कैन करें**
मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## पंजाब में आप सरकार के नशा विरोधी अभियान को मिली ऐतिहासिक सफलता

# 'युद्ध नशयां विरुद्ध'-1572 एफआईआर, 2364 गिरफ्तारियां, 90 किलो हेरोइन, 1128 किलो भुक्की और 51 किलो अफीम जब्त, 33 तस्करों की संपत्तियां भी ध्वस्त

पंजाब के लोग नशीली दवाओं के खतरे को खत्म करने के लिए आप सरकार के साथ हो रहे एकजुट : चीमा

चीमा ने नशा तस्करी को बढ़ावा देने और तस्करों को संरक्षण देने के लिए अकाली-भाजपा और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की

आप सरकार की ड्रग्स के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति है, तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है, वहीं नशा मुक्ति केंद्र युवाओं को नशा छुड़ाने में मदद कर रहा है



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** पंजाब में नशे के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के अभियान के ऐतिहासिक परिणाम आने शुरू हो गए हैं, जो नशीले पदार्थों के खिलाफ राज्य की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ है।

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा शुरू किए गए नशा विरोधी अभियान की सफलता की जानकारी मीडिया के साथ साझा की।

चीमा ने कहा कि यह पहल अब एक जन आंदोलन में तब्दील हो चुका है। इसमें पंजाब के लोग दशकों से राज्य में व्याप्त नशीली दवाओं के खतरे को खत्म करने के लिए सरकार का सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

मादक पदार्थों की तस्करी पर आंखें मूंदने के लिए पिछली अकाली-भाजपा और कांग्रेस सरकारों की आलोचना करते हुए चीमा ने कहा कि 'पिछली सरकारें पंजाब में ड्रग्स तस्करों और गैंगस्टरों के पनपने के लिए जिम्मेदार है। उनके विपरीत मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आप सरकार राज्य से नशीली दवाओं को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि 'युद्ध नशयां विरूद्ध' अभियान के तहत अभी तक पंजाब पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटांसेज (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत कुल 1,572 एफआईआर दर्ज की है और राज्य भर में 2,364 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों पर यह व्यापक कार्रवाई अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के सरकार के दृढ़ संकल्प को दर्शाती है।

अभियान के परिणामस्वरूप 90 किलोग्राम हेरोइन, 51 किलोग्राम अफ़ीम, 1,128 किलोग्राम भुक्की और 13 किलोग्राम गांजा सहित बड़ी मात्रा में अवैध ड्रग्स जब्त किए गए हैं। इसके अलावा ?63 लाख की नकदी, जो मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ा है, जब्त कर ली गई है।

इसके अलावा 33 ड्रग तस्करों से जुड़ी करोड़ों की संपत्ति को भी ध्वस्त कर दिया गया है। ये कार्रवाइयां मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों को एक कड़ा संदेश देती हैं कि अब पंजाब में नशा का कारोबार नहीं चल सकता।

उन्होंने कहा कि यह अभियान नशे की लत से जूझ रहे व्यक्तियों के पुनर्वास को भी प्राथमिकता देता है। नशे के सेवन से पीड़ित सैकड़ों लोगों को सरकार समर्थित नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती कराया गया है, जहां उन्हें समाज में फिर से शामिल होने के लिए उचित उपचार मिल रहा है।

### पुलिस ने हिमाचल प्रदेश पुलिस के सहयोग से प्रमुख ड्रग तस्करी मार्गों को भी नष्ट किया

चीमा ने आगे बताया कि पंजाब पुलिस ने हिमाचल प्रदेश पुलिस के सहयोग से प्रमुख ड्रग तस्करी मार्गों को भी नष्ट कर दिया है और सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी नेटवर्क को प्रभावी ढंग से निष्क्रिय कर दिया है। इस समन्वित कार्रवाई से राज्य में ड्रग्स की आपूर्ति पर काफी हद तक अंकुश लगा है। हरपाल चीमा ने कहा कि आप सरकार नशा तस्करों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति लागू कर रही है। उन्होंने कहा, 'किसी भी नशा तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा। उनकी अवैध संपत्तियों को जब्त कर लिया जाएगा और उन्हें सख्त कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा।'

### अभियान को सफल बनाने के लिए पंजाब के लोगों का किया धन्यवाद

वित्त मंत्री ने नशा विरोधी अभियान को सफल बनाने में सक्रिय समर्थन के लिए पंजाब के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आप सरकार पंजाब को नशा मुक्त बनाने के अपने मिशन को जारी रखेगी और राज्य के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य बनाने के अपने वादे को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ शुरुआत है। मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के दूरदर्शी नेतृत्व से पंजाब में नशे के खिलाफ लड़ाई आगे भी जारी रहेगी और हम इसमें विजयी होंगे।

# नशे की तस्करी से जुड़े दो हवाला ऑपरेटर गिरफ्तार; 17.60 लाख रुपये की नकदी व 4000 डॉलर बरामद

561 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामले की गहन जांच के तहत इस हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़

मामले की आगे जांच जारी, और गिरफ्तारियों व बरामदगी की संभावना : डीआईजी सतिंदर सिंह



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 16 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर चलाई जा रही नशा विरोधी व्यापक मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के तहत अमृतसर देहाती पुलिस ने दो हवाला ऑपरेटरों को गिरफ्तार कर एक नार्को-आतंकी हवाला रैकेट का भंडाफोड़ किया है। आरोपियों के कब्जे से 17.60 लाख रुपये और 4000 अमेरिकी डॉलर बरामद किए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डी जी पी) गौरव यादव ने बताया कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्ती से रोक लगाने के प्रयासों के तहत की गई है।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान फतेहपुर निवासी सुखजीत सिंह और अन्नगढ़ निवासी रणबीर सिंह के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से भारतीय और विदेशी मुद्रा के अलावा एक एच पी लैपटॉप, जिसमें लेन-देन से संबंधित रिकॉर्ड शामिल हैं, भी बरामद किया गया है।

यह सफलता उस मामले की विस्तृत जांच के दौरान मिली, जिसमें पुलिस ने शुक्रवार को गांव हरदो रतन के पास गुरसाहिब सिंह और जसवंत सिंह को 561 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था।

डीआईजी बॉर्डर सतिंदर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि अमृतसर देहाती पुलिस द्वारा 561 ग्राम हेरोइन की बरामदगी के मामले में जांच के दौरान गिरफ्तार तस्करों ने सुखजीत सिंह और रणबीर सिंह नामक हवाला ऑपरेटरों तथा अन्य ड्रग सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अपने संबंधों का खुलासा किया। प्रारंभिक जांच से यह स्पष्ट हुआ कि ये दोनों व्यक्ति नशे की तस्करी से संबंधित अवैध वित्तीय लेन-देन में सहायता कर रहे थे। डीआईजी ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और आने वाले दिनों में अधिक गिरफ्तारियां और बरामदगी की संभावना है।

अमृतसर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस एस पी) मनिंदर सिंह ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अमृतसर के इंडिया गेट, छेहरटा से इन दोनों हवाला ऑपरेटरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक एच पी लैपटॉप तथा भारतीय व विदेशी मुद्रा बरामद की। हवाला नेटवर्क में इनके अन्य संपर्कों का पता लगाने के लिए पूछताछ जारी है। इस संबंध में अमृतसर ग्रामीण के थाना घरिंदा में एन डी पी एस एक्ट की धारा 21-सी, 25 और 29 के तहत एफआईआर नंबर 57, दिनांक 14-03-2025 पहले ही दर्ज की जा चुकी है।

### बॉर्डर रेंज के जिलों में 337 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया

गौरतलब है कि 1 मार्च, 2025 से शुरू हुई 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के तहत अब तक बॉर्डर रेंज अमृतसर के जिलों में 337 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एन डी पी एस एक्ट के तहत 192 मामले दर्ज किए हैं और अब तक 41 किलो हेरोइन, 1 किलो आइस, 26 लाख रुपये, 4000 अमेरिकी डॉलर ड्रग मनी, 6 मोटरसाइकिल, 9 चार पहिया वाहन और 21 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

# पंजाब में दो नए रूटों पर चलने वाली बसों को दिखाई हरी झंडी

लहरा निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग हुई पूरी, लहरा से होशियारपुर तथा मूनक से खनौरी तक बस सेवा हुई शुरू



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लहरा/संगरूर, 16 मार्च।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के कुशल नेतृत्व में लहरा हलके के निवासियों को निरंतर बड़ी सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिन्दर कुमार गोयल ने लहरा बस स्टैंड से दो नए रूटों पर चलने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री श्री गोयल ने कहा कि लहरा से होशियारपुर जाने वाले व्यापारियों को अक्सर अपनी यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, क्योंकि यहां से कोई सीधी बस सेवा नहीं थी। उन्होंने बताया कि अब बस रोजाना सुबह 6.45 बजे लहरा बस स्टैंड से रवाना होकर सुनाम, संगरूर, लुधियाना होते हुए दोपहर बाद होशियारपुर पहुंचेगी और वहां से दोपहर 2.37 बजे लहरा के लिए वापिस रवाना होगी। उन्होंने कहा कि इस बस से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी, जो 422 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

कैबिनेट मंत्री श्री बरिन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि दूसरी बस सेवा मूनक से खनौरी तक यात्रियों को सेवाएं प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर सरकारी बस सेवा न होने के कारण विद्यार्थी वर्ग को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और अब यह समस्या स्थाई रूप से हल हो गई है।

कैबिनेट मंत्री बरिन्दर गोयल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर और पीआरटीसी के चेयरमैन रणजोध सिंह हडाना का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने उन सभी गांवों में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी है, जहां पिछली सरकारों ने बस सेवाओं सहित लोगों की अन्य मांगों को नजरअंदाज किया था और आज पंजाब के हर गांव और शहर में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं है।

इस अवसर पर उनके साथ गौरव गोयल, मार्केट कमेटी चेयरमैन शीशपाल आनंद, पीए राकेश कुमार गुप्ता, रमेश कुमार सेवानिवृत्त अध्यापक, राकेश कुमार आढ़ती, नंद लाल, डा. सेठी भी उपस्थित थे।

# आज लुधियाना में अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान उद्योगपतियों से करेंगे मुलाकात

अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान उद्योग व्यापार से जुड़े मुद्दों को करेंगे संबोधित

व्यापारियों से राय-मशविरा कर समस्याओं का किया जाएगा समाधान : संजीव अरोड़ा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 16 मार्च।** सोमवार को लुधियाना में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान लुधियाना के उद्योगपतियों और व्यापारियों से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता यहां कुछ आम जनता से भी मिलेंगे और उनकी समस्याओं को जानेंगे। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा ने रविवार को मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लुधियाना के होटल रैडिशन में आयोजित किया जा रहा है। इसमें करीब 400 व्यापारियों कारोबारियों के आने की उम्मीद है।

संजीव अरोड़ा ने बताया कि दोनों नेता यहां के उद्योग-व्यापार से जुड़े मुद्दों को संबोधित करेंगे और व्यापारियों से राय-मशविरा कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिनकी समस्या छोटी होगी उसका समाधान मौके पर ही कर दिया जाएगा। वहीं जिसमें लंबा समय लगेगा या जो कानूनी प्रक्रिया से जुड़ा मसला होगा उसको नोट कर सरकार द्वारा जल्द से जल्द समाधान करने की कोशिश की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की तरफ़ से पंजाब के उद्योग व्यापार को बढ़ावा के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले दिनों ही मैंने मुख्यमंत्री भगवंत मान से मिलकर लुधियाना के कुछ उद्योगपतियों का मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री ने उसी दिन कैबिनेट की मीटिंग बुलाई और पीएसआईईसी ओटीएस योजना लागू कर दिया जिसके कारण यहां के हजारों उद्योगपतियों के जमीन से जुड़ी समस्या का समाधान संभव हो सका।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' के तहत फिरोजपुर पुलिस व जिला प्रशासन ने नशा बेचने वालों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

# नशा तस्कर के अवैध कब्जे वाले घर को गिराया

झुग्गे हजारा गांव के लोगों ने नशा तस्कर के घर पर की गई कार्रवाई के लिए पंजाब सरकार का आभार व्यक्त किया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फिरोजपुर, 16 मार्च।** पंजाब सरकार द्वारा 'युद्ध नशों विरुद्ध' के तहत नशे और नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई युद्धस्तर पर जारी है। सरकार ने जनता के सहयोग से नशे के उन्मूलन तक इस संघर्ष को जारी रखने का संकल्प लिया है।

इसी मुहिम के तहत रविवार को फिरोजपुर पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। एस.एस.पी. फिरोजपुर श्री भुपिंदर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में, गांव झुग्गे हजारा, पुलिस थाना फिरोजपुर सदर में वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से बना नशा तस्कर गुरचरन सिंह पुत्र सुरजीत सिंह का घर जे.सी.बी. मशीन द्वारा गिरा दिया गया।

उन्होंने बताया कि यह नशा तस्कर भगोड़ा है और इसके खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं। साथ ही, इसने वन विभाग की जमीन पर भी कब्जा कर रखा है, जिसे जल्द ही मुक्त कराया जाएगा।

एस.एस.पी. ने आगे बताया कि मुख्यमंत्री पंजाब स भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत, पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम और डी.जी.पी. पंजाब श्री गौरव यादव के दिशा-निर्देशों के तहत फिरोजपुर पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में, बीते कुछ दिनों में पुलिस ने कई नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

इस मौके पर गांववासियों ने इस ठोस कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान का आभार प्रकट किया और जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि नशा व्यापारियों के खिलाफ की गई यह कार्रवाई बहुत प्रशंसनीय है।

एस.एस.पी. स भुपिंदर सिंह सिद्धू ने इस अवसर पर लोगों को आश्वासन दिया कि पंजाब सरकार पूरी तरह से उनके साथ है और नशे की चपेट में आए लोगों का इलाज कराकर उनके पुनर्वास में पूरी सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में नशा बेचने वाले हर तस्कर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही, उन्होंने नशा बेचने वालों को चेतावनी दी कि वे इस काम को तुरंत छोड़ दें, अन्यथा भविष्य में इसी तरह की और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी और नशे से कमाई गई संपत्ति को जब्त कर लिया जाएगा।

## जगराओं ज्वेलरी शॉप गोलीकांड

# लुधियाना में मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर अर्श डल्ला का गुर्गा काबू, पिस्तौल बरामद

आरोपी ने गैंगस्टर अर्श डल्ला के निर्देश पर ज्वेलरी शॉप के मालिक को डराने-धमकाने के लिए दुकान को बनाया था निशाना : डीजीपी

आरोपी को दाहिने पैर में गोली लगने से हुआ घायल; इलाज के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया : प्रमोद बान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 16 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए जारी अभियान के दौरान, संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए.जी.टी.एफ.) ने लुधियाना-देहाती पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में जगराओं के लड्डू लेखे वाले ज्वेलरी शोरूम पर हुई गोलीबारी में शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस बारे में जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान फिरोजपुर जिले के ज़ीरा की बस्ती मनसिया वाला के कृष्ण के रूप में हुई है, जो विदेश में बैठे गैंगस्टर अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला का गुर्गा है। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से एक .32 बोर पिस्तौल और दो कारतूस भी बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार 5 मार्च, 2025 को जगराओं के लड्डू लेखे वाले ज्वेलरी शोरूम के मालिक को डराने-धमकाने के लिए दो बाइक सवार व्यक्तियों ने दुकान पर फायरिंग की थी और फिरौती के लिए गैंगस्टर अर्श डल्ला का फोन भी आया था। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) की धारा 125 और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत थाना सिटी जगराओं, लुधियाना ग्रामीण में एफआईआर नंबर 48, दिनांक 05-03-2025 दर्ज की गई थी।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी कृष्ण ने विदेश में बैठे अपने हैंडलर अर्श डल्ला के निर्देश पर जगराओं के ज्वेलरी शोरूम पर गोलियां चलाईं। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले में अन्य संलिप्त लोगों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

ऑपरेशन का विवरण साझा करते हुए एडीजीपी एजीटीएफ प्रमोद बान ने बताया कि गुप्त सूचना और मानव खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस टीमों ने लुधियाना देहाती के थाना सिद्धवां बेट के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र, गांव सदरपुर में आरोपी कृष्ण की मौजूदगी का पता लगाया।

एआईजी संदीप गोयल और डीएसपी राजन परमिंदर सिंह की निगरानी में एजीटीएफ की टीमों ने लुधियाना देहाती पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया। जब पुलिस ने गांव सदरपुर में आरोपी कृष्ण को घेर लिया, तो उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस को आत्मरक्षा में कार्रवाई करनी पड़ी।

एडीजीपी ने आगे बताया कि मुठभेड़ के दौरान आरोपी कृष्ण के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से एक .32 बोर पिस्तौल भी बरामद की है।

लुधियाना देहाती के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. अंकुर गुप्ता ने कहा कि इस मामले में थाना सिद्धवां बेट, लुधियाना ग्रामीण में भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) की धारा 109 और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत एक नई एफआईआर नंबर 53, दिनांक 16-03-2025 दर्ज की गई है। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले की आगे की जांच जारी है।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' : पंजाब पुलिस ने 16वें दिन 424 स्थानों पर की छापेमारी; 63 नशा तस्कर गिरफ्तार

दिनभर चले ऑपरेशन के दौरान 45 एफआईआर दर्ज, 325 ग्राम हेरोइन, 15 हजार रुपये ड्रग मनी बरामद

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध पंजाब पुलिस

पुलिस टीमों ने छह जिलों की जेलों की तलाशी ली : अर्पित शुक्ला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के खात्मे के लिए चलाए जा रहे अभियान 'युद्ध नशों विरुद्ध' को लगातार 16वें दिन जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज 424 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके दौरान राज्यभर में 63 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर 45 एफआईआर दर्ज की गईं। इस अभियान के तहत मात्र 16 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 2012 हो गई है।

पुलिस टीमों ने गिरफ्तार नशा तस्करों से 385 ग्राम हेरोइन, 19 किलो भुक्की, 2673 नशीली गोलियां/टीके और 15,600 रुपये ड्रग मनी बरामद की है।

यह कार्रवाई पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में एक साथ की गई।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को तीन महीनों में पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ इस अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

स्पेशल डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने जानकारी दी कि 98 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1400 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 200 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में छापेमारी की। इस दिनभर चले ऑपरेशन के दौरान 593 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की गई।

स्पेशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशों के खात्मे के लिए तीन स्तरीय रणनीति ङ्क प्रवर्तन (इंफोर्समेंट), नशामुक्ति (डी-एडिक्शन) और रोकथाम (प्रिवेंशन) (ईडीपी) अपनाई है। इस रणनीति के तहत पंजाब पुलिस ने 3 व्यक्तियों को नशामुक्ति और पुनर्वास उपचार के लिए प्रेरित किया।

इसके अलावा, पंजाब पुलिस ने जेलों में किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए अमृतसर कमिश्नरेट, पठानकोट, गुरदासपुर, बटाला, अमृतसर ग्रामीण और तरनतारन जिलों की विभिन्न जेलों में भी तलाशी अभियान चलाया। स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने कहा कि हमारी पुलिस टीमों ने जेल परिसरों में बैरकों, रसोई और शौचालयों सहित हर कोने की गहन तलाशी ली।





## न्यूज़ ब्रीफ

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई उड़ान सेवा, 23 मार्च से हिंडन-जम्मू के बीच होगी शुरू

**नई दिल्ली (अप्रस)।** एयर इंडिया एक्सप्रेस 23 मार्च से शनिवार को छोड़कर गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट और जम्मू के बीच दैनिक उड़ान सेवा शुरू करने जा रही है। यह सेवा जम्मू-दिल्ली यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक नई सुविधा प्रदान करेगी। विमान का गाजियाबाद से जम्मू में आगमन 11.30 बजे होगा और फिर जम्मू से हिंडन के लिए विमान 1.00 बजे प्रस्थान करेगा। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस नई सेवा के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने जम्मू से आने और जाने वाले यात्रियों के लिए इसे सुखद सूचना बताते हुए एक एक्स पोस्ट में बताया कि यात्रा की सुगमता और अपेक्षाकृत किफायती किराए के लिए, विशेष रूप से जम्मू और एनसीआर दिल्ली के दक्षिणी हिस्सों जैसे नोएडा आदि के बीच यात्रा करने वालों के लिए, एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान 23 मार्च से गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट और जम्मू के बीच रोजाना (शनिवार को छोड़कर) संचालित होगी। जम्मू में आगमन 11.30 बजे। जम्मू से हिंडन के लिए प्रस्थान 1.00 बजे।

### तीसरी आंख




मान सरकार के तीन साल पूरे, कथनी को करनी में बदला

# 'आप' की सरकार ने पंजाब के तीन करोड़ लोगों के साथ नशा और भ्रष्टाचार के खिलाफ युद्ध छेड़ा : केजरीवाल

- केजरीवाल व मान श्री हरमंदिर साहिब, श्री दुर्गियाना मंदिर व श्री रामतीर्थ मंदिर में हुए नतमस्तक
- केजरीवाल ने कहा-हमने ईश्वर से सबकी खुशहाली और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की
- पंजाब को नशा मुक्त कर, शानदार शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और इंफ्रास्ट्रक्चर देकर रंगला पंजाब बनाएंगे : भगवंत मान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 16 मार्च।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 10 दिन की विपश्यना के बाद अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ अमृतसर पहुंचे। रविवार को पंजाब में आप सरकार के तीन साल पूरे होने पर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और सुनीता केजरीवाल के साथ सचखंड श्री हरमंदिर साहिब, दुर्गियाना मंदिर और राम तीर्थ मंदिर में मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया और सबकी खुशहाली व सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

मीडिया से बात करते हुए अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को बदलने की चर्चाओं पर विराम लगाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि मान ही पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेंगे, और अगली बार भी मान ही मुख्यमंत्री होंगे। तीन वर्ष परा करने पर अरविंद केजरीवाल नेक हा कि आज आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार को तीन साल पूरे हो गए। 16 मार्च 2022 को भगवंत मान ने पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। आज हम गुरु महाराज के दरबार में आकर उनका धन्यवाद किया कि उन्होंने हमें तीन साल हमारा मार्गदर्शन किया और हमें शक्ति दी कि हम लोगों की सेवा करते रहें। उन्होंने कहा कि हमें गरीबों की सेवा करनी है। जिनके पास कुछ नहीं हैं, उनकी सेवा करनी है और लोगों को न्याय दिलाना है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज पंजाब में सबसे बड़ी समस्या नशे और भ्रष्टाचार की है। नशे और भ्रष्टाचार दोनों के खिलाफ अब पंजाब के लोगों ने युद्ध छेड़ दिया है। एक साथ पंजाब के तीन करोड़ लोग मिलकर नशे वालों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ युद्ध छेड़ें हुए हैं। यह न्याय की लड़ाई है। हम श्री गुरुजी महाराज से आशीर्वाद लेकर आए हैं कि गुरुजी महाराज हमें रास्ता दिखाएं और हमें शक्ति दें कि इसी तरह हम लोगों की आगे भी सेवा करते रहें। हम राज नहीं चला रहे हैं, बल्कि लोगों की सेवा कर रहे हैं।

मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आज पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने तीन साल पूरे कर लिए। तीन साल पहले 16 मार्च 2022 को शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के जन्मस्थली खटकड़ कलां में आम आदमी पार्टी की सरकार ने शपथ ली थी।

पूरे पंजाब को रंगला पंजाब बनाने के लिए पंजाब को नशा मुक्त करना है, शिक्षा को शानदार करना है, स्वास्थ्य, बिजली और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बहुत बड़े-बड़े काम करने हैं। तीन साल बाद श्री गुरुजी महाराज का धन्यवाद करने आए हैं।

### पंजाब सरकार पूरी योजनाबद्ध तरीके से चला रही नशे के विरुद्ध युद्धः सीएम मान


भगवंत मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जो गारंटियां दी है और जिस सोच के साथ आम आदमी पार्टी बनाई थी, उसी सोच को कायम रखते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में काम कर रही है। हमारी सरकार पूरी योजना बद्ध तरीके से नशा के विरुद्ध युद्ध चल रहा है। इसके साथ ही तहसील से लेकर कहीं पर भी अगर भ्रष्टाचार हो रहा है तो उसके खिलाफ भी युद्ध चल रहा है। हमारी सरकार लगातार युवाओं को सरकारी नौकरियां दे रही हैं। अभी तक 55 हजार से अधिक नौकरियां दे चुके हैं। बिजली, पानी समेत प्रकृति ने पंजाब को जो भी दिया है, उसका सही से इस्तेमाल करना है।

### तीन साल पूरे होने पर परमात्मा का शुक्रिया अदा किया

सीएम भगवंत मान ने एक्स पर कहा कि आज गुरु नगरी श्री अमृतसर साहिब में राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गुरु साहिब के चरणों में शीश झुकाया और पंजाब तथा पंजाबियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। साथ ही, पंजाब में आम लोगों की सरकार के 3 साल पूरे होने पर परमात्मा का शुक्रिया अदा किया और गुरु साहिब के आगे यह कामना की कि इसी तरह नेक नीयत और ईमानदारी से लोगों के हित में फैसले लेते रहें।

# दुनिया में जहां भी आतंकी हमला होता है, उसका रास्ता जाता है पाकिस्तान की ओर : पीएम मोदी

- पीएम लेक्स फ्रिडमैन के पॉडकास्ट में बोले हर कोशिश को मिली दुश्मनी और धोखा



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लेक्स फ्रिडमैन के साथ 3 घंटे के इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान की विचारधारा पर सवाल उठाते हुए साफ शब्दों में कहा कि दुनिया में जहां कहीं भी आतंकी हमला होता है, उसके तार पाकिस्तान से जुड़ते हैं और पड़ोसी देश को आतंकवाद का पोषण छोड़ देना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि 1947 से पहले, आजादी की लड़ाई सब लोग कंधे से कंधा मिलाकर लड़ रहे थे। देश आजादी के जश्न मनाने का इंतजार कर रहा था। उस समय जो भी नीति निर्धारक लोग थे, उन्होंने भारत के विभाजन को स्वीकार किया। भारत के लोगों ने सीने पर पत्थर रखकर बड़ी पीड़ा के साथ मुसलमानों को अपना देश देने की बात मान ली। इसका परिणाम भी तभी सामने आ गया, लाखों लोग कत्लेआम में मारे गए। पाकिस्तान से ट्रेनें भर-भरकर लाशें आने लगीं। बहुत डरावने दृश्य थे। पाकिस्तान ने इसके बाद भी सुख से जीने की बजाय संघर्ष का रास्ता चुना। अब प्रॉक्सी वॉर चल रहा है। यह कोई विचारधारा नहीं है कि मारो-काटो। टेररिस्टों को एक्सपोर्ट करने का काम चल रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में जहां भी आतंकी हमला होता है, उसके सूत्र किसी न किसी तरह पाकिस्तान से जुड़ते हैं। उदाहरण के लिए, 11 सितंबर के हमलों को ही लें। इसके पीछे मुख्य सूत्रधार ओसामा बिन लादेन, वह आखिरकार कहां से मिला? उसने पाकिस्तान में शरण ली थी। दुनिया पहचान चुकी है कि पाकिस्तान केवल भारत के लिए नहीं, बल्कि दुनिया के लिए परेशानी का केंद्र बन गया है।

उन्होंने कहा कि मेरी ताकत मेरे नाम में नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीयों और देश की कालातीत संस्कृति और विरासत के समर्थन में निहित है। जब मैं विश्व के नेताओं से हाथ मिलाता हूं, तो ऐसा मोदी नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीय करते हैं। जब भी हम शांति की बात करते हैं, तो दुनिया हमारी बात सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था, ताकि एक नया अध्याय शुरू कर सकूं, लेकिन शांति के हर प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ।

### पीएम मोदी ने अपने पिता की मेहनत और अनुशासन को याद किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पिता के बारे में बताया, 'उन्होंने पारंपरिक चमड़े के जूते पहने थे, जो गाँव में हाथ से बने थे। ये जूते बहुत मजबूत और टिकाऊ थे, और जब वह चलते थे तो एक अलग 'टक, टक, टक' की आवाज़ करते थे. गाँव के लोग कहते थे कि वे सिर्फ उनके कदमों की आवाज़ सुनकर ही समय का अंदाजा लगा सकते थे। 'ओह, 'हां' वे कहते थे, 'श्री दामोदर आ रहे हैं।' ऐसा था उनका अनुशासन।' पीएम मोदी ने आगे कहा, 'वह रात देर तक बिना थके काम करते रहते थे. हमारी माँ भी यह सुनिश्चित करती थीं कि हमें कभी भी हमारी परिस्थितियों का संघर्ष महसूस न हो, लेकिन फिर भी, इन कठिन परिस्थितियों का हमारे मन पर कभी कोई असर नहीं पड़ा।

### स्कूल में फेंके गए चॉक से किए थे जूते पॉलिश

हमारा घर बहुत छोटा था। इस वक्त हम जहां बैठे हैं, वो तब भी बड़ी जगह है। मेरे घर में कोई खिडक़ी भी नहीं थी। हमने कभी गरीबी का बोझ फील नहीं किया। हमारी मां और पिता बहुत परिश्रम करते थे। पिता जी सुबह 4 बजे घर से निकल जाते थे। वे जो जूते पहनते थे, वो बहुत हार्ड होते थे। उनसे आवाज आती थी लोग आवाज सुनकर घड़ी मिला लेते थे। मैं स्कूल में कभी जूते पहनकर नहीं जाता था। मेरे मामा रास्ते में मिल गए, उन्होंने 12 रुपए के जूते खरीदकर दे दिए। जूते कैनवास के थे। उस पर दाग लग जाते थे। स्कूल से मैं चॉक के टुकड़े घर ले आता था, उन्हें घोलकर अपने सफेद जूतों पर पॉलिश कर लेता था। मेरे लिए वो बहुत बड़ी संपत्ति थी। मुझे कपड़े वगैरह भी ढंग से पहनने की आदत है, अब कैसे है पता नहीं लेकिन बचपन से थी। जो भी हो उसे ठीक से पहनूं।हमारे पास प्रेस कराने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। मैं तांबे के लोटे में गर्म पानी करके उसे चिमटे से पकडक़र कपड़ों में प्रेस कर लेता था। फिर स्कूल चला जाता था।

# पाकिस्तान के ग्वादर कोस्ट गार्ड पर हमला, 90 सैनिकों की मौत



- सेना और लड़ाकों के बीच गोलीबारी जारी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में रविवार को ग्वादर कोस्ट गार्ड पर हमला किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां पर सुरक्षा बलों और लड़ाकों के बीच लगातार फायरिंग जारी है। कुछ लड़ाके हथियारों के साथ कोस्ट गार्ड के अंदर घुस गए और वहां से हमला कर रहे हैं। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह लड़ाके बीएलए से जुड़े हैं या किसी अन्य संगठन के हैं।

इससे पहले आज सुबह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तानी सेना पर फिदायीन हमले का दावा किया था। इसमें 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

हमला क्वेटा से ताफ्तान जा रहे 8 मिलिट्री वाहनों पर नोशकी के हाईवे के पास किया गया। बीएलए के मुताबिक उसकी मजीद और फतेह ब्रिगेड ने सेना के काफिले पर सुसाइड बॉम्बिंग की। जानकारी के मुताबिक एक सुबह बीएलए का एक फिदायीन लड़ाका विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर सेना के काफिले से टकरा गया। इसके बाद फतेह स्क्वॉड ने सेना के काफिले में घुसकर हमला किया।

### पाकिस्तानी पुलिस बोली- सिर्फ 5 सैनिक मारे गए

पाकिस्तानी पुलिस ने बलूच आर्मी के दावे के उलट कहा है कि सड़क के पास पड़े एक बम में विस्फोट हुआ। सैनिकों को लेकर वहां से गुजर रही बस इसकी चपेट में आ गई। हमले में पांच पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं, जबकि 10 घायल हुए हैं। मृतकों और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

# फिर चंडीगढ़ आएंगे किसान, एसकेएम ने किया बड़ा एलान

- पंजाब विधानसभा घेरने के लिए कूच करेगा संयुक्त किसान मोर्चा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 मार्च।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की तरफ से एक बार फिर से पंजाब हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ कूच का एलान किया गया है। इस बार एसकेएम की तरफ से पंजाब विधानसभा घेरने की तैयारी की जा रही है। किसानों ने 26 मार्च को पंजाब विधानसभा की तरफ कूच का एलान किया है। सेक्टर-34 ग्राउंड में किसान एकत्रित होंगे और विधानसभा की तरफ कूच करेंगे। इससे पहले पांच मार्च को एसकेएम की तरफ से चंडीगढ़ कूच की कोशिश की जा चुकी है। हालांकि चंडीगढ़ की सभी सीमाएं पुलिस ने सील कर दी थी, जिस वजह से किसान चंडीगढ़ में घुस नहीं पाए थे। वहीं, किसानों ने सीएम मान को मांगों को लेकर खुली बहस की चुनौती दी थी।

### किसानों के साथ बैठक छोड़कर चले गए थे सीएम मान

एसकेएम नेता उगराहां ने कहा था कि मुख्यमंत्री भगवंत ने हमसे 5 मार्च के विरोध प्रदर्शन की हमारी योजना के बारे में पूछा, जिस पर हमने जवाब दिया कि चर्चा लंबित है और उसके बाद हम विरोध प्रदर्शन की अपनी योजना पर फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नाराज हो गए और बैठक से चले गए। हालांकि, बाद में मुख्यमंत्री मान ने कहा कि उनके दरवाजे किसानों के साथ बातचीत के लिए हमेशा खुले हैं, लेकिन आंदोलन के नाम पर जनता को असुविधा और परेशान करने से बचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के विभिन्न वर्गों से संबंधित मुद्दों को बातचीत के माध्यम से हल करने के लिए हमेशा तैयार है, ताकि रेलवे या सड़क अवरोधों के माध्यम से आम आदमी को परेशानी से बचाया जा सके।

# अंबाला के मनरेगा फंड घोटाले में सरपंच गिरफ्तार

- भाई के खाते में ट्रांफसर किया सरकारी पैसा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला के गांव बटरोहन में मनरेगा के पैसों में घोटाले का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस की तरफ बटरोहन गांव के सरपंच राजिंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। रविवार आरोपी सरपंच को कोर्ट में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। हालांकि पुलिस ने सरपंच का रिमांड मांगा था, लेकिन कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है। अब पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इसके बाद ही सारा मामला सामने आ पाएगा। दरअसल, मनरेगा के पैसों का घोटाला अंबाला सिटी के अधीन बटरोहन गांव में हुआ था। बीडीपीओ से मिली शिकायत के आधार पर नग्गल थाना पुलिस ने 11 मार्च को मामला दर्ज किया था। इसमें बटरोहन गांव के सरपंच राजिंद्र, सुरेंद्र पाल और कृष्ण लाला को आरोपी बनाया गया।

### यह था मामला

अंबाला एक बीडीपीओ की शिकायत के अनुसार राजेंद्र ने अपने पद का दुरुपयोग किया। उसने फर्जी तरीके से अपने ही भाई सुरेंद्र पाल और कृष्ण लाल के खाते में बिना काम किए ही मनरेगा के तहत पैसे डलवा दिए। सुरेंद्र के खाते में 35 हजार 724 रुपये तो वहीं कृष्ण लाल के खाते में 51 हजार 803 रुपये डाले गए। इसकी जांच के लिए कमेटी बनाई गई। कमेटी की रिपोर्ट में पाया गया कि सरपंच ने गलत तरीके से सुरेंद्र व कृष्ण के खाते में पैसे डलवाए हैं। इसके आधार पर सरपंच सहित अन्य दो लोगों के खिलाफ 406, 420, 409, 120 बी के तहत मामला दर्ज किया गया। गौरतलब है कि इससे पहले भी अंबाला के एक सरपंच को गलत तरीके से पैसे का इस्तेमाल करने पर निलंबित किया जा चुका है।

### क्या कहती है पुलिस

नग्गल थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह का कहना है कि बीडीपीओ की शिकायत पर तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इनमें से बटरोहन गांव सरपंच राजेंद्र को गिरफ्तार करके रविवार को कोर्ट में पेश किया था। यहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि अन्य दो आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# शिमला में यैलो अलर्ट के बीच ऊंचे इलाकों में बर्फबारी, शुष्क बना रहेगा मौसम

- ओलावृष्टि से सेब को हुआ नुकसान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** यैलो अलर्ट के बीच में राजधानी शिमला में तेज हवाओं के साथ बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, जबकि ऊंचे इलाकों में हिमपात हुआ है। रात्रि से ही राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का क्रम जारी रहा, लेकिन रविवार को ओलावृष्टि देखी गई है। रविवार को कल्पा में 8.9 सैंटीमीटर ताजा हिमपात हुआ है, जबकि शिमला में 6, सुंदरनगर में 2, भुंतर में 11, मनाली में 1, मंडी में 2, बिलासपुर में 1, डल्हौजी में 1, जुब्बड़हट्टी में 0.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

बीती रात्रि कोठी में 27.5, गोंदला में 15, खदराला में 5, कुकुमसेरी में 4.8, कल्पा व केलांग में 4-4, सांगला में 3.4 सैंटीमीटर हिमपात हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अब राज्य में मौसम अधिकांश तौर पर साफ व शुष्क बना रहेगा। हालांकि सोमवार, बुधवार, गुरुवार व शुक्रवार को उच्च पर्वतीय इलाकों में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश व बर्फबारी के आसार है, लेकिन मध्य व मैदानी इलाकों में मौसम पूरी तरह से साफ व शुष्क बना रहेगा।

रविवार को बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से सेब के पौधों को खासा नुक्सान हुआ है। ठियोग उपमंडल के धमांदरी पंचायत के बतिउड़ा गांव में हुई ओलावृष्टि ने काफी नुक्सान हुआ है। लोगों द्वारा बगीचों में जालियां (नेट) लगाई जाती है, ताकि आने वाले समय में ओलावृष्टि से कोई नुक्सान सेब की फसल पर न पड़े, लेकिन यहां ओले पड़ने से नुक्सान हुआ है। नेट पर ओला रुकने से जालियों, बॉम्बूस और सेब के टहनियां टूट गई और नकदी फसल मटर को भी नुक्सान हुआ है।

### किन्नौर में बारिश-बर्फबारी से हिमस्खलन और भूस्खलन की आशंका, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी



रिकांगपिओ। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में रविवार को भारी बर्फबारी और बारिश का दौर जारी है, जिससे ठंड में एक बार फिर वृद्धि हो गई है। जिले में शनिवार सुबह से शुरू हुई बर्फबारी ने रविवार को जोर पकड़ लिया, जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ की मोटी परत जम गई, जबकि निचले क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। इस मौसम परिवर्तन से जनजीवन प्रभावित हुआ है, वहीं कई स्थानों पर भूस्खलन और हिमस्खलन की आशंका भी बढ़ गई है। किन्नौर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल छितकुल, रकछम, कल्पा, झाबुंग, कानम, लाबरंग और आसपास के अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी तो रिकांगपिओ, स्पीलो, भावानगर, पोवारी और अन्य निचले क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई है। भारी बर्फबारी के कारण जिले में कई स्थानों पर सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। रविवार को नेसंग के पास राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 बाधित हो गया था, हालांकि प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई कर इसे बहाल कर दिया गया। वहीं, अन्य कई आंतरिक सड़कों पर बर्फ और भूस्खलन के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क मार्गों को साफ करने का कार्य लगातार किया जा रहा है ताकि लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। भारी बर्फबारी के बाद जिले में हिमस्खलन और भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। जगह-जगह चट्टानों के खिसकने और सड़कें बाधित होने की खबरें आ रही हैं। हालांकि अभी तक किसी बड़े नुक्सान की सूचना नहीं मिली है, लेकिन प्रशासन ने सतर्कता बरतने की अपील की है। जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है, खासकर ऊंचे इलाकों में जाने से परहेज करने को कहा गया है। जहां एक ओर बर्फबारी और बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है, वहीं किसानों और बागवानों के लिए यह संजीवनी साबित हो सकती है। सेब और अन्य फसलों के लिए बर्फबारी लाभदायक मानी जाती है, जिससे आने वाले समय में जल स्रोतों को भी लाभ मिलेगा।




# सात राज्यों के मरीजों को मिलेगा फायदा, एनसीडीसी में होगी रोगों की टेस्टिंग व रिसर्च वर्क : अनिल विज

17 करोड़ रुपए की लागत से अम्बाला छावनी में बन रहा राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), यहां वैज्ञानिक करेंगे रिसर्च

चार एकड़ में एनसीडीसी बनाने का कार्य प्रगति पर, दूसरे फेज में बनेगी मुख्य बिल्डिंग

ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने आज दोपहर अम्बाला छावनी के नगल में निर्माणाधीन एनसीडीसी का निरीक्षण किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अम्बाला, 16 मार्च।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के नगल में बनाई जा रहे राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) में जहां विभिन्न रोगों से संबंधित टेस्ट की सुविधा होगी, वहीं बीमारियों से संबंधित रिसर्च वर्क भी होगा, रिसर्च वर्क होने से देश व विश्व को फायदा होगा।

ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज रविवार को नगल में निर्माणाधीन राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) का निरीक्षण कर रहें थे। उन्होंने इस केन्द्र का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद सीपीडब्ल्यूडी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से यहां पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बताया कि प्रयोगशाला बनाने के लिए चार एकड़ जमीन खरीदकर दी गई है ताकि टेस्ट के साथ-साथ रोगों पर रिसर्च हो सकें। लगभग 17 करोड़ रूपए की लागत से यह प्रयोगशाला बनाई जाएगी। यहां सभी वैज्ञानिक बैठेंगे जो रिसर्च व टेस्टिंग करेंगे। हरियाणा सहित आसपास के सात राज्यों के विभिन्न रोगो से संबंधित टेस्ट यहां हुआ करेंगे और उन्हें दिल्ली या पूना आदि प्रयोगशाला नहीं जाना पड़ेगा। इसके बनने से प्रदेश के साथ-साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू, पंजाब, राजस्थान, पश्चिमी उत्तरी पूर्वी के लोगों को फायदा होगा।

ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि प्रयोगशाला निर्माण के पहले फेज के तहत यहां पर कार्य चल रहा है जोकि जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। उसके बाद यहां चार एकड़ में मुख्य बिल्डिंग बननी है। एनसीडीसी के प्रावधानों के तहत लैबे बनाई जाएगी और सीपीडब्ल्यूडी इसपर कार्य कर रही है।

**मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए:** ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से परियोजना के तहत पहले फेज का कार्य कब तक पूरा होगा और उसके बाद यहां पर क्या-क्या कार्य किए जाएंगे उसकी भी जानकारी ली। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, डॉ. हितेश वर्मा, डॉ. संजीव अग्रवाल, डॉ. संजीव हरि, नायब तहसीलदार सुनिल कुमार, पार्षद श्याम सुन्दर अरोड़ा, भाजपा नेता परमजीत सिंह, जसबीर जस्सी, फकीरचंद सैनी, राजीव त्यागी, संजीव वालिया, दीपचंद के साथ-साथ अन्य अधिकारी लोग मौजूद रहें।

**अम्बाला छावनी को इसलिए चुना एनसीडीसी के लिए:** अम्बाला छावनी में एनसीडीसी का निर्माण इसलिए हुआ क्योंकि यह हवाई, रेलवे जंक्शन और रोड नेटवर्क से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। छावनी में अटल कैंसर देखभाल केंद्र, सिविल अस्पताल अंबाला छावनी और तीन मेडिकल कॉलेज इसके नजदीक है, जहां से नियमित नमूने लिए जा सकते है।

**नई बीमारियों का पता लगाने, नियंत्रित करने व रोकने में मदद करेगी शाखा:** एनसीडीसी शाखा में इबोला वायरस रोग (2014), महामारी इन्फ्लुएंजा ए एच1एन1 (2009-10), सार्स प्रकोप जैसी नई संक्रामक बीमारियों का पता लगाने, नियंत्रित करने और रोकने में मदद करेंगी। शाखा में डायरिया, हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए और ई, चिकनपॉक्स और खसरा आदि जैसी हवा, पानी और खाद्य जनित बीमारियों के प्रकोप का पता लगाने, इलाज करने और रोकने का कार्य होगा।

**एनसीडीसी में हर फ्लोर पर यह सुविधाएं होंगी**

**ग्राउंड फ्लोर:** रिसेप्शन, वेटिंग एरिया रूम, लॉबी, कांफ्रेंस हॉल, एडमिन आफिस, सिक्योरिटी रूम, आईटी वीडियो रूम, हेड आफ एनसीडीसी रूम एवं अन्य प्रशासनिक कार्यालय होंगे।

**फर्स्ट फ्लोर:** सेम्पल कलेक्शन एवं यूटीलिटी रूम, वेटिंग रूम, लॉबी के अलावा, क्लाइमेट चेंज रूम, ईओसी रूम, ट्रेनिंग रूम, आईडीएसपी, ईपीडीमिलॉजी स्टाफ रूम, पैंट्री एवं अन्य रूम होंगे।

**सेकेंड फ्लोर:** इस फ्लोर में लैब व अन्य उपकरण लगाए जाएंगे जिनमें क्लाईमेट चेंज रूम, माक्रो लैब बैक्टीरयोलॉजी, एएमआर लैब, लैब टीचिंग एंड डेमो रूम, एएमआर आफिसर रूम, वीरोलॉजी, लौबी एवं अन्य रूम होंगे।

**थर्ड फ्लोर:** नॉन बीएसएल लैब एरिया, बीएसएल-2 लैब एरिया, स्टाफ कॉमन रूम, ओपन टैरेस, पैंट्री एवं अन्य रूम होंगे तथा पूरी बिल्डिंग में दो लिफ्टों का प्रावधान भी हैं।

# पुंडरी हल्के के साथ विधानसभा में हुआ मजाक : सुरजीत पबनावा

विधायक सतपाल जांबा पर लगाया विकास की मांग की बजाय अनदेखी के आरोप

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**पुंडरी, 16 मार्च।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के हल्का प्रधान सुरजीत पबनावा ने पुंडरी हल्के के विकास को लेकर मौजूदा विधायक सतपाल जांबा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में हल्के की जनता की समस्याओं को उठाने और विकास कार्यों की मांग करने की बजाय विधायक जांबा वाटर मीटर लगवाने की बात करके जनता पर बोझ बढ़ाने के साथ साथ सरकार के सामने सुखी वाहवाही लूटने में लगे रहे।

**आज तक पुंडरी को उपमंडल का दर्जा क्यों नहीं ?**

सुरजीत पबनावा ने सवाल उठाया कि वर्षों से पुंडरी को उपमंडल का दर्जा देने की मांग उठाई जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि यह हल्के की जनता के साथ अन्याय है।

**स्वास्थ्य और शिक्षा की बड़ी जरूरत:** सुरजीत ने पबनावा क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि आसपास के गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। इसके अलावा, पाई, भाणा, करोड़ा, बरसाना क्षेत्र में कोई सरकारी कॉलेज नहीं है, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों को दूर दराज जाना पड़ता है।

**औद्योगिक विकास और खेल सुविधाओं की मांग:** इनेलो हल्का प्रधान ने 152 नेशनल हाईवे के साथ लगते क्षेत्रों में इंडस्ट्री स्थापित करने की भी मांग उठाई, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने पुंडरी के गांवों में अच्छे खेल स्टेडियम की आवश्यकता पर भी बल दिया ताकि स्थानीय युवा खेलों में आगे बढ़ सकें।

**अपराध पर लगाम लगाने की मांग:** पबनावा ने क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ गैंग फिरौती मांगकर और गोलीबारी कर दहशत फैला रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने सरकार से मांग की है कि ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**विकास कार्यों की अनदेखी से जनता में आक्रोश:** सुरजीत पबनावा ने कहा कि अगर विधायक पुंडरी हल्के के विकास को लेकर गंभीर होते तो विधानसभा में इन मुद्दों को प्राथमिकता दी जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार सिर्फ दिखावे की राजनीति कर रही है और आम जनता के असल मुद्दों से मुंह मोड़ रही है। हल्के में सड़कों का बुरा हाल है परंतु विधायक और सरकार आंखे बंद करके तमाशबीन बनी हुई है।

# उमेदगढ़ के पहलवान विकास ने जीता सिल्वर मेडल, भाजपा नेता माईराम कौशिक ने किया स्वागत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 16 मार्च।** बरेली के महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालय में 17 से 22 फरवरी तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग रेसलिंग (कुश्ती) प्रतियोगिता में उमेदगढ़ के पहलवान विकास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। विकास की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।विकास के गांव उमेदगढ़ में उनके स्वागत के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में भाजपा नेता माईराम कौशिक ने विशेष रूप से भाग लिया और विकास को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन करते हुए हरियाणा सरकार द्वारा खेलो को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।


माईराम कौशिक ने कहा कि हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार ने खेलो इंडिया जैसी कई योजनाओं के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया है।

विकास की इस जीत ने युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया है और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया है। यह जीत न केवल विकास के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। इस अवसर पर नफे सिंह सैनी (अध्यक्ष),ट्रिंकू, तवी सरपंच, नफे सिंह सैनी, बंटी पंचायत मेम्बर, संजय शर्मा सुरत प्रजापत, गुलाब सिंह, अरुण प्रधान सहित कई व्यक्ति उपस्थित थे।

# सरकारी कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : मंत्री रणबीर गंगवा

निकाय चुनाव में जनता ने जताया ट्रिपल इंजन सरकार में विश्वास

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 मार्च।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि सरकारी कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखें। यदि किसी स्तर पर सड़क निर्माण या अन्य कार्यों में लापरवाही पाई गई तो न केवल अधिकारियों पर कार्रवाई होगी बल्कि संबंधित एजेंसी पर भी कार्रवाई निश्चित है।

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री श्री रणबीर गंगवा रविवार को हिसार में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर निर्माण कार्यों की चेकिंग होती है ताकि जनता के पैसे का सही जगह व सही समय पर सदुपयोग करवाया जा सके।

उन्होंने हिसार की आटो मार्केट की सीवरेज व्यवस्था के बारे में पूछे एक सवाल के जवाब में कहा कि यह मामला ध्यान में आते ही अधिकारियों को सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करवाने के निर्देश दे दिए गए हैं। केवल आटो मार्केट या हिसार ही नहीं बल्कि हर जगह की सीवरेज व सड़क व्यवस्था को उत्तम क्वालिटी के साथ सही करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि हिसार नगर निगम चुनाव में भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पोपली लगभग 65 हजार मतों से चुनाव जीते हैं, जो ऐतिहासिक जीत है। इसके अलावा 20 में 17 पार्षद भी भाजपा के जीते हैं, जो एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि यह सब केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा भाजपा के प्रति जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने नवनिर्वाचित मेयर व पार्षदों का अभिनंदन भी किया।

इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने संबोधित करते हुए कहा कि मेयर व पार्षदों की जीत के साथ ही उनकी जिम्मेवारी व जवाबदेही बढ़ गई है। सभी का प्रयास होना चाहिए कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर चलते हुए जनता की आशाओं के अनुरूप काम करते हुए शहर में विकास को नई गति प्रदान करें।

इस अवसर पर नगर निगम नवनिर्वाचित मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मंत्री अनूप धानक व डॉ कमल गुप्ता तथा जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# संत महापुरुष हमेशा जनकल्याण चाहते हैं: महंत

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने रविवार को हवन यज्ञ के उपरांत दरबार के साप्ताहिक सत्संग में कहा कि संत महापुरुषों ने हमेशा लोगों को मर्यादा में रहकर समाज की सेवा करने का संदेश दिया है। संत महापुरुष हमेशा समाज कल्याण व जनकल्याण चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जीव को प्रभु सिमरन के साथ ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। संतों के सान्निध्य एवं आशीर्वाद से समाज की जटिल समस्याओं का समाधान निकल सकता है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि संतों की वाणी भगवान की ही देन है। सत्संग से ही प्रभु के होने का अहसास होता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य देह बड़े भाग्य से मिलती है, हमें हमेशा प्रभु सिमरन से समाज की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर दिनेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, विजय मल्होत्रा, रजत राय, जोगिंदर सिंह, शिव कुमार शर्मा, जगदीश महाजन, राकेश शर्मा, राजू, दर्शना ग्रोवर, रमन कुमार इत्यादि भी मौजूद रहे।

# प्रेमी जोड़े की संदिग्ध हालात में मौत, घर में मिले दोनों के शव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चरखी दादरी, 16 मार्च।** हरियाणा के चरखी दादरी जिले में एक प्रेमी जोड़े का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। महिला और युवक का शव अलग-अलग स्थानों पर मिला। महिला का शव घर की छत पर पड़ा था, जबकि युवक का शव रसोईघर के पास पाया गया। इस घटना ने क्षेत्र में हड़कंप मचाया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृत महिला की पहचान शांति देवी (28) के रूप में हुई है, जो दादरी की ही रहने वाली थी, जबकि युवक दीपक (23) भिवानी जिले के गांव ओवरा का निवासी था।

पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था और इसी वजह से उनकी मौत की संभावना जताई जा रही है। मृत महिला का पति संदीप दूसरे कमरे में सो रहा था, और उसके सास-ससुर भी घर में सो रहे थे। सुबह जब परिजनों को घटना का पता चला, तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया।

सूचना मिलने के बाद बाढड़ा थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच के दौरान पुलिस को घर से खाने की चीजों के अलावा, टैबलेट के खाली पैकेट भी बरामद हुए हैं। पुलिस हत्या, सुसाइड और अन्य एंगल्स पर भी जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक महिला के पति संदीप ने बताया कि उसके माता-पिता बीमार थे, और परिवार के सभी सदस्य रात में घर में सो रहे थे। संदीप ने कहा कि उसे इस घटना की जानकारी सुबह मिली। पुलिस अब सभी पहलुओं पर गौर कर रही है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

# भाजपा मिड डे मील वर्करों के साथ कर रही दोगला व्यवहार : मा. जयप्रकाश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 16 मार्च।** मिड डे मील वर्कर्ज यूनियन हरियाणा जिला कमेटी कैथल का पांचवां जिला सम्मेलन शहीद भगत सिंह भवन कैथल में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता रितु शर्मा ने की और संचालन कॉमरेड सत्यवान कलायत ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मा. जयप्रकाश ने कहा कि देश भर में लाखों महिलाएं दोपहर का खाना स्कूल में बच्चों व अध्यापकों लिए तैयार करती हैं। वे सुबह स्कूल में आती है और बच्चों की छुट्टी होने के बाद तक बर्तन व रसोई की सफाई आदि काम निपटाकर घर आती हैं। इसके बावजूद सरकार उन्हें न्यूनतम वेतन तक भी नहीं दे रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार मिड डे मील में काम करने वाली महिलाओं के साथ दोगला व्यवहार कर रही है। आज इस कमरतोड़ में महंगाई के चलते मिड डे मील में काम करने वाली वर्करों को मात्र 7000 प्रतिमाह दिए जाते हैं। उसमें से भी 2 महीने का वेतन काट लिया जाता है और वो भी कई कई महीनों तक रोक लिया जाता है। स्कूल में खाना बनाने वाली महिलाएं ज्यादातर गरीब परिवारों से हैं जिनका उस वेतन के अलावा और कोई अन्य गुजारे का साधन भी नहीं है। उसके बावजूद भी मोदी सरकार उनके साथ यह भेदभाव लगातार करती आ रही है। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन के जिला सचिव नरेश रोहेड़ा ने कहा है कि आज महंगाई को देखते हुए हमारी मांग यह है कि इन वर्करों 26000 महीना और पूरे 12 महीने का वेतन दिया जाए, वर्दी के?2000 दिए जाएं और 500000 का बीमा तथा रिटायरमेंट की उम्र 65 साल की जाए, स्कूल मर्ज के नाम पर हटाई गई वर्कों को वापस काम पर लिया जाए और खाना पहली से 12वीं तक के बच्चों के लिए बनवाना शुरू किया जाए।

# केंद्रीय बैंकों और गोल्ड ईटीएफ की खरीद से 2025 में जारी रहेगी सोने के दाम में तेजी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 16 मार्च।** केंद्रीय बैंकों और गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की खरीद के कारण 2025 में सोने की कीमतों में तेजी जारी रहेगी। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ रिपोर्ट में बताया गया कि भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण सोने की कीमतों में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। वहीं, केंद्रीय बैंकों की खरीद सोने के मार्केट को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 में सोना भारत में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला एसेट क्लास था। इसने सालाना आधार पर 21 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

भारतीय बाजारों में सोने में मजबूत निवेश देखने को मिला है। 2024 में देश में गोल्ड ईटीएफ में 112 अरब रुपये का निवेश हुआ और गोल्ड होल्डिंग में 15 टन का इजाफा हुआ, जिसके कारण वर्ष के अंत में कुल गोल्ड होल्डिंग बढ़कर 57.8 टन हो गई है।

रिपोर्ट में कहा गया कि रिटेल और संस्थागत निवेशकों दोनों से मजबूत मांग देखने को मिल रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2024 में भी सोने की खरीद को जारी रखा। पिछले वर्ष केंद्रीय बैंक ने 72.6 टन सोना खरीदा, जिसके कारण देश का गोल्ड रिजर्व बढ़कर 876 टन हो गया है।

यह लगातार सातवां वर्ष था, जब आरबीआई सोने का शुद्ध खरीदार रहा है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी 10.6 प्रतिशत है।

सोने की अधिक कीमतों का असर ज्वेलरी की मांग पर पड़ता है, जबकि गोल्ड बार और कॉइन में निवेश बढ़ रहा है।

मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि 2024 में अधिक कीमतों के कारण मांग कम रही, लेकिन शादी सीजन में खरीदारी के कारण जनवरी के मध्य में धीरे-धीरे इसमें सुधार हुआ है।

चांदी पर रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले चार वर्षों में आपूर्ति में लगातार कमी रही है और मांग आपूर्ति से अधिक रही है, जिसके कारण चांदी की कीमतों को समर्थन मिला है।


# क्या सनराइजर्स हैदराबाद इस बार एक कदम आगे जाएंगे?

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन

**चंडीगढ़/हैदराबाद, 16 मार्च।** 2024 में, सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने छह साल में अपना पहला फाइनल खेला। उन्होंने अपने पहले सात मैचों में पांच जीत के साथ धमाकेदार शुरुआत की। आखिरकार, तीन और जीत और एक रद्द मैच ने उन्हें ग्रुप स्टेज के अंत में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ 17 अंकों पर बराबरी पर ला दिया, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण एसआरएच दूसरे स्थान पर रहा। इसके बाद वे क्वालिफायर 1 में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) से हार गए, लेकिन क्वालिफायर 2 में आरआर को हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां पर वे दोबारा केकेआर से हार गए।

**2025 में नया क्या है?**

एसआरएच ने पिछले साल अधिक आक्रामक बल्लेबाजी से तूफान ला दिया था, वे तीन बार 250 रन से अधिक के स्कोर तक पहुंचे और



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट इतिहास का सर्वाधिक स्कोर बनाया। अभी भी लाइन अप में उनके पास अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन और नितीश कुमार रेड्डी है और अब उनके पास इशान किशन जैसा एक और विस्फोटक बल्लेबाज है, जिससे लगता नहीं कि एसआरएच अपने टैम्पलेट में कोई बदलाव लाएगा।

जबकि उनके पास शीर्ष पांच में शानदार खिलाड़ी है, एसआरएच के पास भारतीय बल्लेबाजों की कमी है। अनिकेत वर्मा अपने डेब्यू सीजन में हैं, अभिनव मनोहर ने 2024 में सिर्फ दो मैच खेले और सचिन बेबी ने आखिरी बार 2021 में आईपीएल में हिस्सा लिया था। कप्तान पैट कमिंस, हेड और क्लासेन की प्लेइंग इलेवन में जगह पक्की है और चौथे विदेशी खिलाड़ी के तौर पर वह कामिंडु मेंडिस को जोड़ सकते हैं।

हालांकि एसआरएच ने कमिंस को बरकरार रखा और जयदेव उनादकट को शुरू में रिलीज करने के बाद वापस साइन किया, लेकिन 2025 में उनके पास एक नया गेंदबाजी आक्रमण होगा। कमिंस और उनादकट के पास अब मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल और राहुल चाहर का साथ है। शमी के नई गेंद संभालने की संभावना है, क्योंकि 2014 से उनके मुख्य गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार अब एसआरएच के साथ नहीं हैं। विदेशी गेंदबाजों में एसआरएच एडम जम्पा और ऑलराउंडर वियान मुल्डर को चुन सकता है, जबकि रेड्डी, अभिषेक, हेड और कामिंडु भी कुछ ओवरों में योगदान दे सकते हैं।

1 ट्रैविस हेड, 2 अभिषेक शर्मा, 3 इशान किशन (विकेटकीपर), 4 नितीश कुमार रेड्डी, 5 हेनरिक क्लासेन, 6 अनिकेत वर्मा, 7 अभिनव मनोहर, 8 पैट कमिंस (कप्तान), 9 हर्षल पटेल, 10 राहुल चाहर, 11 मोहम्मद शमी, 12 एडम जम्पा

**इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजर**

अभिषेक और हेड ने पिछले सीजन विरोधी टीमों की हवा निकाल दी थी। उन्होंने पावरप्ले में जमकर रन निकाले। लेकिन दोनों सीजन के आखिरी चार मैचों में फॉर्म जारी नहीं रख सके। दोनों ने केवल 15 रन जोड़े। हालांकि अगर एसआरएच के ओपनर आधे सीजन में भी अपनी फॉर्म में रहते हैं तो विरोधी टीमों का आक्रमण मुश्किल में होगा। कामिंडु मेंडिस का 12 मैचों के बाद टेस्ट औसत 62.31 का है। लेकिन सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ों के सामने अपनी पकड़ बनाए रखने की उनकी क्षमता आईपीएल में भी काम आ सकती है। एसआरएच की लाइन-अप में जो मुख्य रूप से ताकत पर निर्भर करती है, अगर परिस्थितियां या मैच की स्थिति की मांग हो तो वह क्रम में ऊपर भी आ सकते हैं। उनकी फिंगर स्पिन भी उपयोगी साबित हो सकती है।

**कौन बाहर या किस पर संशय?**

कमिंस एड़ी की चोट की वजह से चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेले थे, लेकिन उन्होंने दोबारा गेंदबाजी शुरू कर दी है। उन्हें सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ी और रिहैब से ही रिकवर हुए। पिछले साल जुलाई में एमएलसी फाइनल में वह पिछली बार टी20 मैच खेलते दिखे थे। आईपीएल के बाद ऑस्ट्रेलिया का वेस्टइंडीज दौरा है। ऑस्ट्रेलिया उम्मीद करेगा कि पूरे आईपीएल उनको चोट नहीं लगे। इंग्लैंड के भारत दौरे के दौरान ब्राइडन कार्स के बाएं पैर में चोट लग गई थी। जिसकी वजह से एसआरएच ने वियान मुल्डर को उनकी जगह शामिल किया है।

▲ अधिकतम 28 डिग्री से.
डिग्री से. 14 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.30 बजे
सूर्यास्त 6.32 बजे
सोना 24 कैरेट : 89,820.00
सेंसेक्स : 73,828.91
अमेरिका : 86.95
कैनेडियन : 60.58
आस्ट्रेलिया : 54.78

# पंचकूला शर्मसार: 10 साल के मासूम को रस्सियों से बांध कर पीटा

चोरी के शक में पकड़े बेटे को मां बचाने गई तो उसके सामने भी पीटते रहे आरोपी

पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 16 मार्च।** शहर में बढ़ रहे अपराधों के बीच रामगढ़ में शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है, जिसने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी। चोरी के शक में लोगों ने एक 10 साल के मासूम बच्चे को दुकान में बांध कर बुरी तरह पीटा। जब उसकी मां बचाने गई तब उसे भी धमकी देकर ना सिर्फ चुप करवा दिया गया बल्कि उसके सामने भी बेटे को पीटते रहे। मासूम जान बचाने के लिए लोगों से भीख मांगता रहा, लेकिन किसी ने उसकी एक न सुनी। हार कर मां ने पुलिस को सूचना दी तब पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित को छुड़वा कर अस्पताल पहुंचाया। चंडीमंदिर थाना पुलिस ने मामले में शामिल चार लोगों सुरजीत, अनूप, सुबोध और ज्योति को नामजद कर जांच शुरू कर दी।

पीड़ित बच्चे की मां देव श्री गांव अजीजपुर, जिला सुजानपुर उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। करीब 18 साल से टायर फैक्ट्री पंजाब कॉलोनी दफरपुर जिला मोहाली में परिवार सहित रहती है। वह और उसका पति मेहनत मजदूरी का काम करते हैं। पति केवल डेढ़ साल पहले मजदूरी का काम करते समय मकान से गिर गया था। जिसको काफी गंभीर चोटे आई थी। वह चलने फिरने असमर्थ है। उनके 5 बच्चे जिनमें 4 बेटे व एक बेटी है। सबसे बड़ा बेटा 12 साल का है और बच्चों में सबसी छोटी बेटी 7 साल की है। देव श्री ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके अपने पति का इलाज व बच्चों का खर्चा बड़ी मुश्किल से गुजारा करती है। उसका 10 साल का बेटा देवेंदर सुबह घर से कबाड़ बीनने के लिए गया था।

सुबह करीब 8 बजे बेटे ने किसी का फोन लेकर मां से बात की। देवेंदर ने बताया कि उसे रामगढ़ में जूस की दुकान पर रस्सी से पोल पे बांध कर रखा है और उस पर चोरी का आरोप लगा रहे है। यह सुनते ही अपने दामाद राकेश को साथ लेकर देव श्री सब्जी मार्किट के पास जूस की दुकान पर पहुंची। उसने देखा कि दुकान के अंदर बेटा रो रहा था और उसे रस्सी से पोल के साथ बांधा हुआ था। दुकान मालिक सुरजीत व अन्य तीन चार लोग खड़े थे।

### मां बेटे को छोडऩे की करती रही मिन्नतें

मां ने बताया कि उसने सुरजीत, अनूप, सुबोध और ज्योति ने बेटे पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर मारपीट करके रस्सी से पोल के साथ बांध दिया। उसने चोरों से मिन्नतें की लेकिन उन्होंने नहीं सुनी और देवेंदर को नहीं छोड़ा। उन लोगों ने हमे धमकी दी वह और उसका दामाद काफी देर तक लोगों की मिन्नतें करते रहे लेकिन बेटे को नहीं छोड़ा।

### बेटे को तड़पता देख मां ने दी पुलिस को सूचना

अपने मासूम बेटे को बेरहमी से तड़पता हुआ देखकर मां देव श्री ने हार कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर आकर इन लोगों से रस्सी खुलवाकर बेटे को छुड़वाया। एएसआई, सिपाही राजेश कुमार मौका पर पहुंचे। जूस की दुकान के अन्दर एक नाबालिक लडक़े को पोल के साथ रस्सी से हाथ पांव बांधे हुए थे। पुलिस ने मामले में बच्चे का मेडिकल करवाने के बाद पुलिस ने जुनाइल जस्टिस (जेजे) एक्ट की धारा 75 और बीएनएस की धारा 351 (2) के तहत केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

## पीजीआई की सभी ओपीडी में एक सप्ताह लगाई गई विशेष आहार क्लीनिक



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** पी.जी.आई चंडीगढ़ के डायटेटिक्स विभाग ने विश्व किडनी दिवस, 2025 के उपलक्ष्य में 10 मार्च से 15 मार्च तक सप्ताह भर चलने वाले समारोह का आयोजन किया। इस दौरान पी.जी.आई. की सभी ओ.पी.डी. में विशेष डाइट क्लीनिक का आयोजन किया गया, जिसमें नई ओ.पी.डी. और एडवांस कार्डियक सेंटर शामिल हैं। इसका उद्देश्य लोगों के साथ-साथ रोगियों को अनियंत्रित उच्च रक्तचाप और किडनी के स्वास्थ्य पर इसके प्रतिकूल प्रभाव के बारे में जागरूक करना था, जो अंततः किडनी फेलियर का कारण बन सकता है, यदि समय रहते निवारक कदम नहीं उठाए गए। इस अवसर पर आहार प्रबंधन के माध्यम से रक्तचाप और किडनी फेलियर की रोकथाम और नियंत्रण के बारे में स्वास्थ्य वार्ता मुख्य आहार विशेषज्ञ डॉ. नैन्सी साहनी, वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ श्री बीएन बेहरा के साथ-साथ सुश्री सुनीला छेत्री और सुश्री प्रतिभा द्वारा की गई, जिसमें उचित जलपान, उचित नमक, फल और सब्जियों का सेवन और विभिन्न जीवन शैलियों के अनुसार संतुलित आहार पर जोर दिया गया। रक्तचाप और किडनी फेलियर के लिए आंतरायिक उपवास और विशेष आहार की भूमिका के बारे में प्रश्नों का भी समाधान किया गया। पीजीआईएमईआर के इंटरनल मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. आशीष भल्ला ने भी मरीजों को उच्च रक्तचाप, इसे नियंत्रित करने के उपायों और समय रहते निवारक और उपचारात्मक उपाय न किए जाने पर किडनी के स्वास्थ्य पर इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

## न्यूज ब्रीफ

### हेरोइन तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना आईटी पार्क पुलिस ने हेरोइन के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शास्त्री नगर मनीमाजारा के रहने वाले अंकित के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार थाना आईटी पार्क के प्रभारी इंस्पेक्टर जुलदान सिंह की टीम शनिवार को समय करीब 7 बजकर 45 मिनट पर एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस मनीमाजरा स्थित गवर्नमेंट ट्यूबवेल इंद्रा कॉलोनी के पास पहुंची तो शक के आधार पर शख्स को रोककर पूछताछ कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 3.10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### घर पर फेंकी ईंटे, बाइक को नुकसान पहुंचाया व धमकी दी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी साउथ डिविजन की थाना 31 पुलिस ने घर पर ईंटे फेकने बाइक को नुक्सान पहुंचाने और धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रामदरबार के रहने वाले सुजल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता रामदरबार निवासी राहुल ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहता है।14 मार्च को होली वाले दिन समय करीब दोपहर 3 बजे वही के रहने वाले आरोपी सुजल,हैप्पी,गुणी,अमित और अन्य ने शिकायतकर्ता के घर पर ईंटे फेंकी बाइक को नुक्सान पहुंचाया और उसे धमकी दी। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। थाना 31 पुलिस ने मामले में धारा 190, 191(1), 191(2), 126(2), 324(4), 351(1), 351(2) बीएनएस के तहत कारवाई करते हुए आरोपी सुजल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### युवक पर चाकू, डंडों और बीयर की बोतलों से किया वार, जख्मी

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना मौली जागरा क्षेत्र एरिया के अंतर्गत उसे वक्त हड़कप मच गया। जब वहीं के रहने वाले एक युवक पर आरोपियों ने जानलेवा हमला कर जख्मी कर दिया। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी मनवीर, नन्नू, रिंकू, राजीव और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि 13 मार्च को रात करीब 9.00 बजे पीड़ित अपने घर के पास मौजूद था। इसी दौरान आरोपियों की किसी बात को लेकर उसके साथ बहसबाजी हो गई।बहसबाजी इतनी बढ़ गई की उक्त आरोपियों ने जख्मी हुए युवक पर तेजधार हथियार, डंडों और बीयर की बोतलों से वार किया। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी को ईलाज के लिए सेक्टर 32 के अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां उसका इलाज चल रहा है।

### तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराने से युवक की मौत

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** शहर में तेजरफ्तरी कहर लगातार बढ़ता जा रहा है, जो कि थमने का नाम नहीं ले रहा। जिसके चलते कई जाने जा चुकी है। ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया है।यहां थाना 3 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत एक तेजरफ्तार बाइक सवार चालक का बाइक अनियंत्रित होकर जोरदार पेड़ से जा टकराई। जिसके चलते हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ जख्मी हुए युवक को इलाज के लिए सेक्टर 16 के अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां डॉक्टरो ने कुछ देर बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान नया गांव सिंगा देवी के रहने वाले 24 वर्षीय अभिषेक के रूप में हुई है।जानकारी के मुताबिक पता चला है कि मृतक रविवार को सुबह करीब 10.30 बजे बाइक पर सवार होकर अपने किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह सेक्टर 8/ 9 डिवाइडिंग रोड के पास पहुंचा तो मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर जोरदार पेड़ से जा टकराया। पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है।

## कमान अस्पताल के ऑन्कोलॉजी सेंटर के लिए एसबीआई ने 29 लाख किए दान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** भारतीय स्टेट बैंक ने कमान अस्पताल, चंडीमंदिर में ऑन्कोलॉजी डे केयर सेंटर के लिए 29,00,362 रुपए दान किये। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, पीवीएसएम, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पश्चिमी कमान ने कृष्ण शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक चंडीगढ़ सर्कल और मेजर जनरल अरविंद कपूर, सर्कल रक्षा बैंकिंग सलाहकार, चंडीमंदिर के साथ बातचीत की। भारतीय स्टेट बैंक की यह पहल सशस्त्र बल के कर्मियों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य और कल्याण का समर्थन करने की बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बातचीत के बाद कृष्ण शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक चंडीगढ़ सर्कल द्वारा औपचारिक रूप से लेफ्टिनेंट जनरल मैथ्यू जैकब, कमांडेंट, कमांड हॉस्पिटल चंडीमंदिर कैंट को 29,00,362 रुपए का चेक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एलएचओ चंडीगढ़ के महाप्रबंधक सुजीत कुमार, उप महाप्रबंधक (बी एंड ओ) पंचकूला टीकम सिंह गहलोत, क्षेत्रीय प्रबंधक पंचकूला ऋषि कुमार, मुख्य प्रबंधक चंडीमंदिर शाखा अवनीत कौर और सशस्त्र बलों तथा एसबीआई दोनों के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कमांड अस्पताल में ऑन्कोलॉजी डे केयर सेंटर कैंसर उपचार सुविधाओं को बढ़ाने, सैन्य कर्मियों के लिए समय पर और उन्नत चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## नशों के खिलाफ मुहिम के तहत गांव दयालपुरा में हुई जागरूकता बैठक

युवाओं को नशों के खिलाफ मुहिम में पुलिस का साथ देने का किया गया आह्वान



अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग

**ज़ीरकपुर, 16 मार्च।** पंजाब सरकार द्वारा नशों के खिलाफ शुरू की गई मुहिम 'युद्ध नशों के विरुद्ध' की निरंतरता में एसएसपी, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर दीपक पारीक के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत नशों की समस्या पर नियंत्रण पाने के लिए जिला पुलिस ने दयालपुरा गांव में एसपी (ग्रामीण) मनप्रीत सिंह और डीएसपी सब डिविजन, ज़ीरकपुर, जसपिंदर सिंह गिल की अगुवाई में बैठक की। यह बैठक नशों के खिलाफ जागरूकता पैदा करने और गांव वासियों से पुलिस के प्रयासों का समर्थन करने की अपील के प्रयास स्वरूप थी।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने गांव वासियों को संबोधित करते हुए उनसे नशों के खिलाफ लड़ाई में पुलिस प्रशासन का साथ देने की अपील की। उन्होंने व्यक्तियों, परिवारों और समग्र रूप से समाज पर नशों के बुरे प्रभावों पर जोरदार विचार-विमर्श किया और युवाओं को नशों के संकेतों से दूर रहने के महत्व और नशामुक्त समाज की रचना में युवाओं के समर्थन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

एसपी (ग्रामीण) मनप्रीत सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन राज्य से नशों की समस्या को समाप्त करने के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं। दयालपुरा गांव में यह बैठक जागरूकता फैलाने और लोगों को नशों के खिलाफ एकजुट होने के लिए उनकी चल रही मुहिम का सक्रिय हिस्सा बनने का एक प्रयास है। उन्होंने गांव वासियों को, गांव को सभी के लिए एक सुरक्षित और नशामुक्त स्थान बनाने के लिए उनके निरंतर प्रयासों में सहयोग का भरोसा भी दिया।

डीएसपी सब डिविजन ज़ीरकपुर जसपिंदर सिंह गिल ने कहा कि पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन के साझा प्रयासों को गांव वासियों द्वारा भरपूर समर्थन मिला है। यह बैठक नशों की समस्या का सामना करने के लिए खुले चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी। उन्होंने गांव वासियों से नशों से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस के साथ साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग से, पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन नशों के खिलाफ शुरू की गई %युद्ध नशों के विरुद्ध% मुहिम को सफलतापूर्वक लागू करने और युवाओं के लिए बेहतर भविष्य बनाने के प्रति दृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि साझा प्रयासों और समुदाय के सहयोग से, नशों के खिलाफ लड़ाई में निश्चित रूप से सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन आएगा।

### 'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम के तहत बलटाना में भी की गई जगह-जगह छापेमारी

'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम के तहत बीते कल शाम के समय बलटाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। डीएसपी जीरकपुर जसपिंदर सिंह गिल के आदेशों पर एक टीम जिसमें सब इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार के साथ एएसआई अमन, राहुल, पवन कुमार, हवलदार रमन द्वारा बलटाना के विभिन्न स्थानों पर छानबीन की गई, जिस दौरान रविंद्र एनक्लेव, पीर बाबा रोड, विकास नगर ग्राउंड के अलावा सुनसान स्थान विभिन्न पार्क तथा ऐसी जगह जहां पर नशेड़ी बैठे देखे जा सकते हैं पर चेकिंग की गई। यहां पर संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन यहां पर कुछ भी गलत नहीं पाया गया।

## वीर योद्धाओं की जननी है राजस्थान की पावन धरती: संजय टंडन

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला और संजय टंडन शहीदों की श्रद्धांजलि और हास्य कवि सम्मेलन में शामिल हुए




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** राजस्थान परिषद चंडीगढ़ ने देश के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए सेक्टर 18 स्थित टैगोर थिएटर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसके बाद हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह-प्रभारी संजय टंडन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में पद्मश्री पुरस्कार विजेता आर.के. साबू, शांति लाल सेतिया, डी.पी. खंडेलिया, बी.एल. राम सिसारिया और सुरेश सिंघल सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य लोग शामिल हुए। दर्शकों को प्रसिद्ध कवियों राजेश चेतन, सुदीप भोला, गौरी मिश्रा, महेश दुबे, शंभू शिखर और राजेश अग्रवाल की शानदार कविताओं का आनंद मिला, जिन्होंने शाम को हास्य, व्यंग्य और बुद्धि से भर दिया।

राजस्थान परिषद के संरक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक राज किशोर ने बताया कि परिषद के अध्यक्ष राम पंसेरी ने राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि संजय टंडन का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके सर्वोच्च बलिदान का सम्मान किया गया। सम्मेलन में कवियों ने हास्य को विचारोत्तेजक व्यंग्य के साथ कुशलतापूर्वक मिश्रित किया, समसामयिक मुद्दों को उठाया और अपने आकर्षक प्रदर्शन से श्रोताओं को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने राजस्थान परिषद और उसके सदस्यों को ऐसे सार्थक और सफल आयोजन के लिए बधाई दी, जिसमें न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, बल्कि कविता के माध्यम से खुशी भी फैलाई गई। अतिथि संजय टंडन ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमारे वीर जवानों ने हमारे राष्ट्र के सम्मान और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। योद्धाओं की भूमि राजस्थान हमेशा से ही वीरता की जन्मस्थली रही है, जहां बच्चे जन्म से ही देशभक्ति का सार सीखते हैं। योद्धाओं की भूमि राजस्थान हमेशा से वीरता की जन्मभूमि रही है, जहां बच्चे जन्म से ही देशभक्ति का सार सीखते हैं। इस पवित्र भूमि ने देश को अनगिनत योद्धा दिए हैं जिन्होंने इसकी अखंडता की रक्षा की है।

आज हम इन सभी नायकों के प्रति गहरा सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यह कार्यक्रम एक उच्च स्तर पर संपन्न हुआ, जिसने श्रोताओं पर अमिट छाप छोड़ी, जो शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि से अभिभूत थे और हास्य कवि सम्मेलन की काव्य प्रतिभा से प्रसन्न थे।

## जेएनएनयूआरएम के तहत मलोया में बने करीब 200 मकानों का नहीं हुआ आवंटन

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री ने सांसद मनीष तिवारी के सवाल का जवाब दिया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** चंडीगढ़ से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी द्वारा उठाए गए प्रश्नों के उत्तर में भारत सरकार ने माना है कि जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के तहत मलोया में निर्मित मकानों में से लगभग 200 मकान अभी तक आवंटित नहीं किए गए हैं, जो योजना अब 31 मार्च, 2014 को जेएनएनयूआरएम के बंद होने के बाद किफायती किराया आवास परिसरों में परिवर्तित हो गई है।

उल्लेखनीय है कि सांसद द्वारा केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों संबंधी मंत्रालय को पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने बताया है कि सरकार 25 जून, 2015 से प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाओं के साथ सभी मौसमों के लिए पक्के मकान उपलब्ध करा रही है। यह योजना चार विभिन्न श्रेणियों, बेनिफिशरी लेड कंस्ट्रक्शन (बीएलसी), अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी), इन-सीटू स्लम रीडिवेलपमेंट (आईएसएसआर) और क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। यह योजना विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा कार्यान्वित की जाती है।

इस श्रृंखला के अंतर्गत राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा 3 मार्च, 2025 तक भेजे गए प्रस्तावों के तहत मंत्रालय द्वारा कुल 118.64 लाख मकानों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 112.23 लाख मकानों का निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है और चंडीगढ़ समेत देशभर में 90.56 लाख मकान लाभार्थियों को दिए जा चुके हैं।

इसके अंतर्गत केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के कुल 1255 परिवारों को योजना की सीएलएसएस श्रेणी के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है। लेकिन जेएनएनयूआरएम के तहत चंडीगढ़ के मलोया में किफायती किराया आवास परिसरों के रूप में स्थापित 2195 घरों में से केवल 1997 घर ही लाभार्थियों को किराये के आधार पर आवंटित किए गए हैं और ये वर्तमान में उपयोग में हैं।

## चंडीगढ़ नई अनाज मंडी की ई-नीलामी से आढ़ती नाराज

### आज हाईकोर्ट में करेंगे याचिका दायर; बोले-पुराने आढ़तियों को दी जाए प्राथमिकता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** चंडीगढ़ सेक्टर 26 सब्जी मंडी के आढ़तियों ने एतराज जताया है और सेक्टर-39 में नई अनाज मंडी की 23 दुकानों की ई-नीलामी के खिलाफ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सोमवार को याचिका दायर करने जा रहे हैं। आढ़तियों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि चंडीगढ़ स्टेट मार्केटिंग बोर्ड ने पंजाब के नियमों को अपनाया है, जिसके अनुसार पहले से कार्यरत आढ़तियों को ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

यूटी प्रशासन ने सेक्टर 26 अनाज मंडी को स्थानांतरित करने की योजना के तहत 3 मार्च से नीलामी प्रक्रिया शुरू की थी। इस बार नीलामी आम जनता के लिए भी खुली रखी गई है, जिससे आढ़ती नाराज हैं। वहीं, यूटी मंडी बोर्ड ने हाईकोर्ट में कैविएट दाखिल कर दी है, ताकि कोर्ट प्रशासन की बात सुने बिना कोई आदेश न दे सके।



### मंडी बनाने की योजना 2002 में बनी

सेक्टर-39 में अनाज मंडी बनाने की योजना 2002 में बनी थी, ताकि सेक्टर-26 मंडी में बढ़ती भीड़ को कम किया जा सके। लेकिन विरोध के चलते 92 दुकानों की नीलामी अब तक पूरी नहीं हो सकी। इस साल जनवरी में यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने 92 में से 46 दुकानों की नीलामी को मंजूरी दी थी। फिलहाल, प्रशासन ने पहले 23 दुकानों की नीलामी करने का फैसला किया है।

### ई-नीलामी प्रक्रिया पर जताई आपत्ति

यूटी प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर ई-नीलामी प्रक्रिया जारी है। इसे लेकर भी व्यापारियों ने आपत्ति जताई है। इच्छुक लोग 24 मार्च तक अपने दस्तावेज जमा कर सकते हैं, जबकि नीलामी 28 से 31 मार्च तक चलेगी। प्रत्येक दुकान 120 वर्ग गज की होगी, जिसकी शुरुआती कीमत 3.70 करोड़ रुपए तय की गई है। खास बात यह है कि दुकानें फ्री होल्ड की बजाय 99 साल की लीज पर दी जाएंगी।

## स्वच्छ सर्वेक्षण: आयुक्त ने नागरिकों से नागरिक फीडबैक में निगम से हाथ मिलाने की अपील की

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** स्वच्छ सर्वेक्षण से पहले निगम आयुक्त अमित कुमार, ने सुंदर शहर के नागरिकों से नागरिक फीडबैक में एमसीसी के साथ हाथ मिलाने की अपील की, जो सर्वेक्षण के प्रत्यक्ष अवलोकन के दौरान एक प्रमुख घटक है, जो स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत अगले कुछ दिनों में शुरू होने की संभावना है।

आयुक्त ने निवासियों से सर्वेक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने आस-पास की सफाई पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करने की अपील की। उन्होंने लोगों से मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए लिंक पर फीडबैक देने का भी आग्रह किया। 'भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने फीडबैक प्रस्तुत करने के लिए http://sbmurban.org/feedback पर एक ऑनलाइन लिंक उपलब्ध कराया है। कोई भी व्यक्ति अपना फीडबैक दे सकता है।'




इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण में विभिन्न मापदंडों जैसे सफाई, सौंदर्यीकरण, कचरा मुक्त शहर स्टार रेटिंग, खुले में शौच मुक्त स्थिति और जल प्लस श्रेणी को कवर किया जा रहा है। आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि रैंकिंग निर्धारित करने में नागरिक भागीदारी और फीडबैक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

फीडबैक जमा करने की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए आयुक्त ने कहा कि फीडबैक जमा करने के लिए नागरिक को स्वच्छ भारत मिशन शहरी पोर्टल पर जाना होगा या "sbmurban.org/feedback" पर क्लिक करना होगा, उसके बाद मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा और 'आगे बढ़ें' पर क्लिक करना होगा। भाषा का चयन करने के बाद, नागरिक अपने क्षेत्र में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित 10 प्रश्नों के उत्तर देकर सर्वेक्षण शुरू कर सकते हैं। ये प्रश्न कचरा संग्रहण, स्वच्छता रेटिंग, कचरा डंप, स्रोत पर अपशिष्ट पृथक्करण, कचरा संग्रहण वाहनों द्वारा कचरे को अलग-अलग उठाना या उन्हें एक साथ मिलाना आदि से संबंधित थे। सर्वेक्षण पूरा करने के बाद, नागरिकों को मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करना होगा और फीडबैक को अंतिम रूप देने के लिए 'सबमिट' पर क्लिक करना होगा।

उन्होंने सभी निवासियों से सक्रिय रूप से भाग लेने और यह सुनिश्चित करने की अपील की कि चंडीगढ़ स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में शीर्ष पर बना रहे। आयुक्त ने कहा, 'स्वच्छता पहल की सफलता के लिए जन भागीदारी महत्वपूर्ण है और यह नागरिकों को अपना बहुमूल्य फीडबैक देने के लिए प्रोत्साहित करती है।'

सम्पादकीय

# पंजाब में ग्रेनेड हमलों से माहौल बिगाड़ने की साजिश हो खत्म

पंजाब में बीते चार महीने के अंदर पुलिस चौकियों और थानों पर ग्रेनेड हमलों के बाद अब आतंकियों ने धार्मिक स्थलों को निशाना बनाना शुरू किया है तो बेहद चिंताजनक है। पुलिस चौकियों और थानों पर हमले की वजह की प्रदेश में कानून और व्यवस्था को क्षति पहुंचाना है, वहीं अब धार्मिक स्थलों पर हमले की वजह प्रदेश के सामाजिक सौहार्द और इसकी शांति को नुकसान पहुंचाना है। यह कितना विचित्र है कि अमृतसर में देर रात ठाकुरद्वारा मंदिर पर दो आतंकियों ने ग्रेनेड फेंका। इसके बाद जो धमाका हुआ, उसने आसपास के लोगों को दहशत में ला दिया। बेशक, इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन कौन जानता है कि आतंकियों का अगला निशाना कहां हो और उसमें कोई हताहत भी हो जाए। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस वारदात की निंदा की है, वहीं उनका यह कहना सर्वथा उचित है कि राज्य में जब से नशे के सौदागरों के खिलाफ युद्ध छेड़ा गया है, तब से राज्य में दहशतगर्दों और पाकिस्तान आदि देशों में बैठे उनके आकाओं को परेशानी होनी लगी है। उनकी बेचैनी इस कदर सामने आ रही है कि वे अब मंदिरों को अपना निशाना बना रहे हैं। पंजाब एक समय आतंकवाद की तपिश झेल चुका है और अब खुफिया एजेंसियां इसकी रिपोर्ट जाहिर कर रही है कि राज्य से आतंक का खतरा टला नहीं है, जबकि और बढ़ रहा है। पंजाब पहले से विदेश में बैठे खालिस्तानी सोच के लोगों के टारगेट पर है और अब नशे के कारोबार के जरिये जब उनकी दुकानों पर ताले लगने शुरू हुए हैं तो वे बेबस हो रहे हैं।

**पंजाब में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब नशे के खिलाफ एक सरकार ने इस कदर सख्ती दिखाई है। इससे पहले राज्य सरकार की कार्रवाई दिखावटी ज्यादा होती थी। उस समय यह भी प्रचलित था कि सरकार में बैठे लोग ही नहीं चाहते कि नशे के सौदागरों पर कार्रवाई हो क्योंकि इससे उनको भी हिस्सा जाता है। हालांकि आम आदमी पार्टी सरकार ने पहले दिन से कुछ अलग कर दिखाने का एजेंडा सैट किया है और उसी के तहत अब नशे के सौदागरों पर कार्रवाई की जा रही है। ड्रग मनी से खड़े किए उनके मकान अब जमींदोज हो रहे हैं। बेशक, यह एक विवादित का भी मामला है कि मकानों को तोड़ा जाए या नहीं। लेकिन मौजूदा समय में जेल की सलाखें बेहद सामान्य सजा हो गई हैं।**

पंजाब में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब नशे के खिलाफ एक सरकार ने इस कदर सख्ती दिखाई है। इससे पहले राज्य सरकार की कार्रवाई दिखावटी ज्यादा होती थी। उस समय यह भी प्रचलित था कि सरकार में बैठे लोग ही नहीं चाहते कि नशे के सौदागरों पर कार्रवाई हो क्योंकि इससे उनको भी हिस्सा जाता है। हालांकि आम आदमी पार्टी सरकार ने पहले दिन से कुछ अलग कर दिखाने का एजेंडा सैट किया है और उसी के तहत अब नशे के सौदागरों पर कार्रवाई की जा रही है। ड्रग मनी से खड़े किए उनके मकान अब जमींदोज हो रहे हैं। बेशक, यह एक विवादित का भी मामला है कि मकानों को तोड़ा जाए या नहीं। लेकिन मौजूदा समय में जेल की सलाखें बेहद सामान्य सजा हो गई हैं। अरब समेत दूसरे बड़े देशों में नशे के सौदागरों पर अत्यंत कड़ी कार्रवाई के अलावा उन्हें मौत की सजा तक सुनाई जाती है। जाहिर है, भारत में दुष्कर्म और हत्या के बेहद जघन्य मामले में भी अदालत नरम रूख दिखाती हैं और दोषी को कम सजा मिलती है या फिर सजा मिलने के बावजूद वह पैरोल पर आकर और अपराध करता है और इस प्रकार सिलसिला चलता रहता है। वैसे, अदालत तक मामला तब पहुंचेगा जब पुलिस सक्रिय होगी। इस समय पंजाब पुलिस की ओर से नशे के तस्करों पर जो कार्रवाई की जा रही है वह उचित है, और इसे और सघन किए जाने की जरूरत है। हालांकि इस बीच राज्य में उपद्रवी और खालिस्तानी सोच के तत्वों की ओर से जो खतरा बढ़ रहा है, वह भी समझा जाना चाहिए।

पंजाब में बीते वर्षों में कई हिंदू नेताओं की हत्याएं हो चुकी हैं। राज्य में वर्ष 2016 और 2017 में छह हिंदू और एक ईसाई नेता की हत्याएं की जा चुकी हैं। साल 2022 में भी दो हिंदु नेताओं की हत्याएं की गई हैं। राज्य में खालिस्तान समर्थकों की अब भी बड़ी तादाद है, जोकि हिंदुओं की बढ़ती संख्या से परेशान है। बेशक, किसी धर्म के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करना अनुचित है लेकिन पंजाब के माहौल को खराब करने के लिए अगर पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई को जिम्मेदार ठहराया जाता है तो फिर इससे खालिस्तान समर्थकों को क्यों तकलीफ होती है? जाहिर है, आईएसआई की योजना पंजाब में फिर से अव्यवस्था पैदा करके अपने नापाक इरादों को पूरा करने की है। दरअसल, सुरक्षा के मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। विपक्ष की ओर से मान सरकार पर तमाम आरोप लगाए जा रहे हैं, हालांकि राज्य सरकार ने पुलिस बलों के जरिये अपराध की रोकथाम के लिए तमाम प्रयास किए हैं और पहले की तुलना में पुलिस अब ज्यादा जवाबदेह तरीके से काम कर रही है। पंजाब देश का सबसे अहम और संवेदनशील राज्य है, यह भारत की पहली लाइन ऑफ डिफेंस भी है। अगर यहां पर माहौल बिगड़ता है, इससे पूरा देश प्रभावित होता है। सरकार को अतिवादी ताकतों पर अंकुश लगाने की सख्त जरूरत है, जोकि किसी दूसरे देश में बैठे दहशतगर्दों के इशारे पर यहां की शांति और खुशहाली को पलीता लगा रहे हैं।

# आर्थिकी के जरिए नेतृत्व स्थापित करने की कोशिश



रीगन-थैचर थ्योरी वाली अर्थव्यवस्था आज वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य हो गई है। राजकाज में अर्थव्यवस्था का महत्व हमेशा से रहा है, लेकिन उदारीकरण के दौर में अर्थव्यवस्था राजनीति का केंद्रीय विषय बन गया है। ऐसे माहौल में राजनीतिक कामयाबी की शर्त के लिए बेहतर आर्थिकी ना होती तो ही हैरत होती। शायद यही वजह है कि अब राजनीति चाहे किसी भी विचारधारा वाली क्यों न हो, सत्ता में आने के बाद उसकी प्राथमिकता आर्थिकी को सुधारने और अपने लिए ज्यादा से ज्यादा निवेश हासिल करना हो गई है। इस दौर में जितना ज्यादा निवेश आकर्षित हुआ, राजनीतिक कामयाबी की संभावना उतनी ही बढ़ जाती है। इन संदर्भों में कह सकते हैं कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने नेतृत्व को राज्य में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। साल 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद बीजेपी ने मध्य प्रदेश की कमान मोहन यादव को जब सौंपी थी, तब उनकी पहचान राज्य से बाहर कम ही थी। जनसंख्या के लिहाज से पांचवां और क्षेत्रफल के लिहाज से दूसरे बड़े राज्य मध्य प्रदेश की बीजेपी में दिग्गज नेताओं की भरमार थी। बेशक मोहन यादव मुख्यमंत्री बनने से पहले शिवराज सरकार में शिक्षा मंत्री के रूप में काम कर रहे थे, लेकिन राज्य के बाहर उनकी बड़ी पहचान नहीं थी। लेकिन बीते 25 और 26 फरवरी को राज्य की राजधानी भोपाल में सफल ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के आयोजन और उसमें मिले भारी-भरकम निवेश प्रस्तावों के बाद उनका कद बढ़ना स्वाभाविक है।

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में मध्य प्रदेश सरकार को कुल 26 लाख 61 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें से देश के दूसरे नंबर के बड़े कारोबारी और उद्योपति समूह अडानी की ओर से अकेले दो लाख दस हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिला। मध्य प्रदेश जैसे बहुरंगी राज्य में भारीभरकम निवेश का प्रस्ताव आना स्वाभाविक भी है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के पहले संभाग स्तर पर भी मध्य प्रदेश सरकार निवेशकों को आमंत्रित करती रही। उसमें भी उसे करीब चार लाख करोड़ के प्रस्ताव मिले। अगर से प्रस्ताव पूरी तरह से शत-प्रतिशत अंदाज में लागू हुए तो उम्मीद की जा रही है कि इससे राज्य में सीधे तौर 17 लाख 34 हजार रोजगार पैदा होंगे, जबकि उससे जुड़ी गतिविधियों से राज्य की अर्थव्यवस्था को और गति मिलेगी और दूसरे छोटे कारोबार भी बढ़ेंगे, जिनसे आखिरकार दूसरे तरह के रोजगार भी बढ़ेंगे।

मध्य प्रदेश में पिछले दस साल के निवेश प्रस्तावों के कार्यान्वयन के आंकड़ों को देखें तो पहले पांच साल में प्रस्तावों के दस प्रतिशत निवेश का ही जमीनी क्रियान्वयन हो पाया है। मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शर्मा बीते पांच सालों के निवेश प्रस्तावों का अध्ययन किया है। उनके मुताबिक, तब भी मध्य प्रदेश की सरकारें निवेश प्रस्तावों के लिए प्रयासरत रहीं और तब जितने निवेश प्रस्ताव मिले, उनमें से करीब चौदह से सोलह प्रतिशत सालाना ही जमीनी हकीकत बन पाए। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में यह सवाल मध्य प्रदेश के मुख्यसचिव अनुराग जैन के सामने उठा भी। अनुराग जैन के अनुसार, यह मसला राज्य सरकार की जानकारी में भी है। इसलिए जिलावार ऐसे प्रस्तावों को साप्ताहिक स्तर पर समीक्षा करने और उसे जमीनी हकीकत बनाने की तैयारी की गई है। जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि उनके जिले के लिए जो भी प्रस्ताव आए हैं, उन्हें जमीनी हकीकत बनाने, निवेशकों को जरूरी वैधानिक जरूरतों को पूरा करने की कोशिश उनके स्तर पर ही होनी चाहिए। मध्य प्रदेश के मुख्यसचिव के स्तर पर निवेश प्रस्तावों पर मासिक रूप से समीक्षा की जाएगी।

आधुनिक आर्थिकी का फॉर्मूला है कि अगर एक रूपया कारोबारी अर्थव्यवस्था में डाला जाता है तो वह चार रूपए की आर्थिकी में तबदील होता है और वही रूपया अगर खेती-किसानी में जाता है तो खेती-किसानी की आर्थिकी में वह साढ़े तीन गुना की आर्थिकी बनाता है। मध्य प्रदेश के निवेश प्रस्तावों को इस फॉर्मूले के नजरिए से भी बेहद उम्मीद से देखा जा रहा है।

मध्य प्रदेश पिछले एक दशक से बड़े राज्यों में तेजी से विकसित होने वाला राज्य है। छोटे राज्यों में यह हैसियत सिक्किम को हासिल है। मध्य प्रदेश को सबसे ज्यादा करीब आठ लाख 616 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव औद्योगिक नीति और निवेश विभाग को मिले हैं, जबकि दूसरे स्थान पर करीब पांच लाख 72 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्र के लिए मिले हैं। मध्य प्रदेश की जैसी स्थिति है, उसकी वजह से अगर ये निवेश प्रस्ताव जमीनी हकीकत बने तो आने वाले दिनों में यह राज्य नवीन ऊर्जा का केंद्र बन जाएगा।

निवेश प्रस्तावों की चर्चा करते वक्त हमें पिछली सदी के आखिरी वर्षों को भी याद कर लेना चाहिए। जब केंद्र में वाजपेयी सरकार थी तो उसने उदारीकरण के अगले चरण की शुरूआत की थी। इसके तहत अर्थव्यवस्था में एफडीआई का जोर बढ़ा। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल करने के लिए राज्य सरकारों में होड़ मची। केंद्रीय स्तर पर भी तेज प्रयास हो रहे थे, लेकिन राज्यों में भी होड़ मची। तब वामपंथ शासित पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा के साथ ही बिहार जैसे राज्यों ने एफडीआई में अपनी नीतियों के चलते दिलचस्पी नहीं दिखाई या फिर कानून-व्यवस्था की स्थिति के चलते निवेशक वहां आने से हिचकते रहे। बाद के दिनों में पश्चिम बंगाल की बुद्धदेव भट्टाचार्य सरकार ने पश्चिम बंगाल में तेजी से निवेश करने की कोशिश की तो वहां की राजनीति में भूचाल आ गया।

## हरियाणा की डायरीः साप्ताहिक कॉलम

# चेयर कर रही चिलिंग प्लांट का काम



लेखकः चंद्रशेखर धरणी
स्वतंत्र पत्रकार

हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को विस अध्यक्ष की चेयर चिलिंग प्लांट की भूमिका में नजर आई। प्रश्नकाल की समाप्ति पर विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मिल्क प्लांट की चिलिंग यूनिट का उदाहरण देते हुए सभी सदस्यों से अनुशासन बनाए रखने तथा सिर्फ और सिर्फ चेयर को संबोधित करने की अपील की। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि एक बार किसी मिल्क प्लांट के दौरे के दौरान उन्हें बताया गया कि दूध को उबालने के बाद चिलिंग प्लांट में ठंडा किया जाता है। उसके बाद ही उसे पैक किया जाता है। इस तथ्य को सदन से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि अगर सदस्य आपस में बात करते हैं इससे सदन में गर्मी बढ़ती है और कभी-कभी यह सदन की मर्यादा के खिलाफ मोड़ ले जाती है। ऐसी परिस्थितियों में चेयर का एक चिलिंग प्लांट जैसा काम हो जाता है। जो सदस्य चेयर के माध्यम से बात रखेंगे वह बात आगे जाने से पहले ठण्डी हो जाएगी। इसलिए सभी सदस्य चेयर के माध्यम से बात रखें और व्यक्तिगत टिप्पणी करने से बचें।

### देवीलाल के समय मुख्यमंत्री वाली सीट को ऊंचा किया गया

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बुधवार को सदन में एक रोचक तथ्य साझा किया। उन्होंने बताया कि 1987 में चौ. देवीलाल प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। उनकी ऊंची कदकाठी होने के कारण उन्हें मुख्यमंत्री वाली सीट पर बैठने में असुविधा होती थी। इसके समाधान के लिए लोक सभा से जानकारी लेकर मुख्यमंत्री वाली सीट को ऊंचा किया गया। इस सीट का साइज अन्य सीटों से अलग दीखता है। वर्तमान में संयोगवंश ऊंची कदकाठी वाले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश को मिले हैं। अब यह सीट उनके कदकाठी के अनुरूप साबित हो रही है।

### विज व मनोहर एक ही विश्वविद्यालय के छात्र

होली पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज के यहां पहुंच होली महोत्सव मनाया। विज ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के समक्ष अम्बाला से चंडीगढ़ तक मेट्रो ट्रेन चलाने मांग रखी।विज ने कहा कि मनोहर लाल और मेरा मुद्दा एक ही है, हम एक ही विश्वविद्यालय (आरएसएस) के विद्यार्थी है। हमें यही सिखाया जाता है कि हमें जनता का काम करना है और देश-प्रदेश को आगे ले जाना है। मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा संगठन ऊपर से नीचे तक हमेशा तैयार, अम्बाला छावनी इसका उदाहरण, अम्बाला छावनी से हम लगातार जीत रहे हैं ।होली के अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अम्बाला छावनी में पहुंच केंद्रीय मंत्री अनिल विज, नप चुनाव में जीती भाजपा अध्यक्ष व पार्षदों तथा वरिष्ठ नेताओं के साथ होली मनाई ।

### पंडित जी की जलेबियां

गोहाना के विधायक व हरियाणा के मंत्री पंडित अरविंद शर्मा की जलेबियां की चर्चा सदन में व सदन के बाहर भी खूब हैं।दो ब्राह्मण नेताओं को इन जलेबियों के रंग जहां सदन में नजर आए वहीं अरविंद शर्मा ने इन जलेबियों के रंग सदन के बाहर भी होली मिलन के बहाने खूब दिखाए।सदन में जो हुआ उसके बाद एक दिन सदन से अनुपस्थित रहे पंडित जी ने होली पर जलेबियों से सब के मुंह मीठा करवाए।जो भी सदन में हुआ उसको लेकर स्पीकर ने कार्यवाही ने भले ही वह भाषा निकाल दी मगर सोशल मिडिया पर वायरल हुए यह मेसेज खूब चर्चा में रहे।

क्रमशः

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

# कलकत्ता बम विस्फोट में 50 मरे सैकड़ों घायल, बचाव कार्य जारी

नई दिल्ली। देर रात कलकत्ता बड़ा बाजार में एक शक्तिशाली बम्ब विस्फोट होने से मरने वालों की संख्या 50 हो गई जबकि घायलों की संख्या सैकड़ों बताई जाती है। प्राप्त समाचारों के मुताबिक सौ साल पुरानी इमारत में यह बम्ब उस समय विस्फोट हुआ जब वहां लगभग सैकड़ों लोग मौजूद थे। विस्फोट के बाद तत्काल इमारत में आग लग गई। आग बुझाने के लिए रात से ही कई दमकल गाड़ियां लगाई गई है। शवों को मलवे से निकाला जा रहा है बाकी घायलों को मेडीकल कालेज के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। बताया जाता है कि जहां यह विस्फोट हुआ उसके नीचे काफी संख्या में फर्नीचर की दुकानें थी जिस कारण बम्ब विस्फोट से लगी आग फैल गई। ज्ञात रहे इसे पूर्व मुम्बई में कई जगह बम्ब विस्फोटों से सैकड़ों लोग मारे गऐ थे जबकि सैकड़ों लोग अभी घायल अस्पतालों में पड़े है तथा कई जगह से अभी शवों को निकाला जा रहा है। इधर केंद्र सरकार ने अपराध विशेषज्ञों को कलकत्ता के लिए रवाना कर दिया है यह विशेषज्ञा वहां जाकर विस्फोटक पदार्थों का निरीक्षण करेंगे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री राजेश पायलट कोयला मंत्री अजित कुमार पाजा व मार्क्सवादी के सोमनाथ चटर्जी भी कलकत्ता के लिए रवाना हो गए है। कलकत्ता में राहत तथा बचाव कार्य जारी है। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि केंद्र राज्य को जांच कार्य में मदद देने के लिए तैयार है। जबकि पश्चिमी बंगाल के उपसचिव ने बताया कि सेना के बम विशेषज्ञों व अपराध निरोधक विशेषों की सेवाएं विस्फोट का पता लगाने के लिए ली जा रही है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1406: अरब इतिहासकार, समाजशास्त्री इब्ने खल्दून का जन्म
1861: इटली का एकीकरण।
1866: आगरा उच्च न्यायालय की स्थापना, इसे 1869 मे इलाहाबाद स्थानांतरित किया गया।
1845: ब्रिटेन के आविष्कारक स्टीफन पैरी को रबर बैंड का पेटेंट मिला।
1920: बंगलादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीब-उर-रहमान का जन्म।
1957: फिलीपीन के राष्ट्रपति रैमन मैग्सायसाय का हवाई दुर्घटना में निधन।
1961: भारतीय महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का जन्म।
1969: गोल्डा मेयर इजरायल की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1987: क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया।
1989: उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे हेमवती नंदन बहुगुणा का निधन।
1990: भारतीय महिला बैंडमिटन खिलाड़ी सायना नेहवाल का जन्म।
1994: रूस द्वारा नाटो की शान्ति सहयोग योजना में शामिल होने का निर्णय ।
1996: क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीता।
2004: नासा का मैसेंजर बुध ग्रह की कक्षा में प्रवेश करने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना।
2011: संयुक्त राष्ट्र ने लीबिया में नो फ्लाई जोन बनाने हेतु प्रस्ताव को मंजूरी दी।
2013: इराक के बसरा में आत्मघाती कार हमले में दस लोगों की मौत।
2016: मशहूर जादूगर पॉलडेनियल का निधन।
2019: कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद 63 साल की उम्र में देश के पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर का निधन।
2020: कोविड-19 के कारण देश में तीसरी मौत, संक्रमितों की संख्या बढ़कर 126 पर पहुंची।

## बोल ब्यूटीफुल



**अजय कुमारः** लाड़की बहिन योजना के चलते महाराष्ट्र का वित्तीय घाटा और कर्ज बढ़ रहे है। महाराष्ट्र का इस साल का वित्तीय घाटा 45,000 करोड़ रुपये है और उस पर 8.5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। रेवड़ी राजनीति के दम पर सत्ता हासिल करने वाली पार्टियों को यह सोचना होगा कि वे देश का भला कर रही है या वोट देने वाले देशवासियों को मूर्ख बना रही है।

**अखिलेश शर्माः** राज्य सरकारें रेवड़ियां बांटने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिए कहीं आम लोगों पर टैक्स का बोझ बढ़ा रही है, तो कहीं दूसरे विभागों की आवंटित राशि में कटौती कर रही है। याद रखिए-रेवड़ियां बांटने से गरीबी दूर नहीं होती, बल्कि यथास्थिति को ही मजबूती मिलती है।

## सबसे अलग

# बीमारियों से बचना है तो रात को कम कर दीजिए मोबाइल का इस्तेमाल

### क्यों रात भर नींद नहीं आती?



क्या आप मोबाइल लत के शिकार तो नहीं हो गए हैं? क्या सुबह उठने पर खुद को आप तरोताजा महसूस नहीं कर रहे हैं? सुबह उठने वाले 23 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो ताजगी महसूस नहीं करते। उनका पूरा दिन थकान व आलस में जा रहा है। इसका सीधा प्रभाव उनके रोजमर्रा के कामकाज और भविष्य पर पड़ रहा है।

अगर आप में भी यह लक्षण हैं तो आज से ही मोबाइल का इस्तेमाल कम कर दीजिए। नहीं तो यह भविष्य में घातक साबित हो सकता है। शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) के एक सर्वे के मुताबिक सोने से पहले 76 फीसदी लोग मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस लत का नींद पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसमें 18 से 60 साल के उम्र के लोग शामिल हैं।

नींद जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यह न केवल व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक स्थिति को भी प्रभावित करती है। शोध से पता चला है कि जब हम सोते हैं, तब हमारे शरीर में ऊतकों की मरम्मत होती है। मस्तिष्क अपनी स्मृतियों को संग्रहित करता है। वयस्कों को रात में 7-8 घंटे की पर्याप्त नींद लेनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया तो नींद की कमी से तनाव, मोटापा, और हृदय रोग जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

शिमला में एक क्रॉस सेक्शनल अध्ययन में 408 वयस्कों को सर्वे में शामिल किया गया। आईजीएमसी के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉ. अमित सचदेवा ने बताया कि इस सर्वे के अनुसार, सोने से पहले 23 फीसदी लोग किताब पढ़ते हैं। 76.5 फीसदी लोग सोने से पहले मोबाइल, 31.6 फीसदी लोग टीवी देखते हैं। 58.3 फीसदी लोग खाना खाने के 2 घंटे में सोते हैं, जबकि 2.9 फीसदी लोग नींद की गोलियों का उपयोग करते हैं।

अध्ययन में यह भी सामने आया है कि 83.1 फीसदी लोग 6-8 सोते हैं। 9.5 फीसदी लोग छह घंटे से कम सोते हैं। 92.7 फीसदी लोग दिन में कम से कम दो घंटे मोबाइल, लैपटॉप या टीवी का उपयोग करते हैं, जो कि नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करता है।

कामकाज और परिवार की चिंताएं, अनियमित भोजन व देर रात तक जागना नींद के पैटर्न को प्रभावित करते है। भारत में नींद की आदतें चिंताजनक हैं। ग्रेट इंडियन स्लीप स्कोरकार्ड 2024 से पता चला है कि 61 फीसदी भारतीयों को 6 घंटे से कम निर्बाध नींद मिलती है। 59 फीसदी रात ग्यारह बजे के बाद सोते हैं। 43 फीसदी युवा भविष्य की चिंता में रातभर जागते हैं, जोकि नींद की गुणवता को प्रभावित करता है।

हर दिन एक निश्चित समय पर सोएं व उठें। सोने से पहले मोबाइल व टीवी से दूरी बनाएं, क्योंकि ब्लू लाइट मस्तिष्क को सतर्क रखती है। रात को कैफीन और अल्कोहल का सेवन कम करें, क्योंकि ये नींद को बाधित करते हैं। नियमित व्यायाम करें, लेकिन रात को परहेज रखें, क्योंकि यह शरीर को सतर्क रखता है। ध्यान और योग करें, यह तनाव कम करता है और नींद को बढ़ा देता है।

### पत्नी का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र



हिमाचल प्रदेश के सोलन में जीवित पत्नी का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के मामले में पुलिस ने पति सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. इनमें महिला के पति के अलावा प्रमाणपत्र बनाने वाला दलाल और श्मशानघाट में तैनात कर्मचारी भी शामिल है. तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

जांच के दौरान पाया गया कि बीमा राशि हड़पने के लिए पति ने जिंदा पत्नी का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा दिया। आरोपी विशाल गोयल की पत्नी मोनिका गोयल की 85 लाख रुपए की बीमा पॉलिसी है। इन्हीं पैसों के लालच में यह काम किया गया. जान के दौरान यह भी सामने आया है कि सुरेश शर्मा नामक व्यक्ति कमीशन देकर फर्जी प्रमाण पत्र बनवा देता है।

सोलन के एसपी गौरव सिंह के मुताबिक महिला के पति विशाल गोयल को पंजाब में मोहाली जिले के जीरकपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने अपनी पत्नी का आधार कार्ड और राशन कार्ड दे कर जाली मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया था। गोयल से पूछताछ के बाद दो अन्य आरोपियों सुरेश शर्मा और श्मशानघाट में तैनात नगर निगम के कर्मचारी धर्मपाल को भी गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब महिला खुद नगर निगम के दफ्तर पहुंच गई. यहां उसे पता चला की अंतिम संस्कार के लिए श्मशानघाट में लकड़ियां भी उसी के नाम पर खरीदी गई थीं। मोक्षधाम में दो लोगों ने एक फार्म पर दस्तखत भी किये थे। मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए उसके पति ने ही निगम में अर्जी दी थी। इसके बाद ही मोनिका गोयल का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया था।

महिला ने जब अपने मृत्यु प्रमाण पत्र को रद्द करने के लिए सोलन नगर निगम के दफ्तर में आवेदन दिया तो पुलिस थाने में इस मामले की शिकायत दी गई. पुलिस ने शिकायत की जांच की तो सारा फर्जीवाड़ा सामने आ गया और पति सहित तीनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए. जांच अभी जारी है।

### मंदिर पर ग्रेनेड से हमला



पंजाब में अमृतसर के ठाकुरद्वारा मंदिर पर ग्रेनेड हमले में पुलिस ने तीन आरोपियों को बिहार के मधेपुरा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी करणवीर यादव, मुकेश कुमार व साजन सिंह हैं, जो अमृतसर के ही रहने वाले हैं और इनके तार ग्रेनेड हमलावरों से जुड़े हैं। इन तीनों का संबंध आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से है. वारदात को अंजाम देने के लिए इन्हें ग्रेनेड मुहैया करवाए गए थे. गिरफ्तारी से बचने के लिए यह सभी नेपाल भागने की फिराक में थे।

पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पुलिस ने सात मार्च को दो आरोपी पकड़े थे। जिनसे ग्रेनेड और नारकोटिक्स बरामद किया गया था। इनसे पूछताछ के बाद ही इन तीनों के बारे में जानकारी मिली थी। गिरफ्तार आरोपी करणवीर यादव बब्बर खालसा के संपर्क में था और उसके खिलाफ तरनतारन जिले के सरहली पुलिस थाने में पहले ही ग्रेनेड, पिस्तौल, नारकोटिक्स के केस दर्ज हैं।

गिरफ्तार आरोपियों को बिहार से अमृतसर लाया जाएगा। शुरूआती जांच में पता चला है कि इन्हीं तीनों आरोपियों ने ठाकुरद्वारा मंदिर में हमले के लिए ग्रेनेड उपलब्ध करवाए थे। मंदिर पर हमले के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा था कि देश विरोधी ताकतें पंजाब की शांति भंग करने की साजिशें रच रही हैं। इस मामले में पुलिस कमिश्नर भुल्लर का कहना था कि आईएसआई की कोशिश अमृतसर धमाके के जरिए पंजाब की अमन-शांति भंग करने की थी। गुरुद्वारा मंदिर पर रात करीब साढ़े बारह बजे दो मोटरसाइकिल सवारों ने हैण्ड ग्रेनेड फेंका था. इसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे।

### कुपोषण के शिकार हो रहे बच्चे



पंजाब में हर तीसरा बच्चा कुपोषण का शिकार है। महिला व बाल विकास मंत्रालय की हाल ही आई रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। राज्य के 98 प्रतिशत बच्चों के रिकॉर्ड के अनुसार छह साल की आयु के 19त्न बच्चों की आयु के साथ लंबाई नहीं बढ़ रही है. पंजाब के 14 लाख 35 हजार 056 बच्चों का डाटा तैयार किया जा रहा है।

पंजाब के 23 जिलों में 27,313 आंगनबाड़ी केंद्र है, जिन पर 155 परियोजनाओं पर काम चल रहा है. इनमें कुल 25 हजार 619 आंगनबाड़ी वर्कर काम कर रहे हैं। हाल ही में लोकसभा में पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में आंगनबाड़ी वर्करों व हेल्परों, दोनों की कमी है।

महिला व बाल विकास विभाग की तरफ से आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को नमकीन दलिया, मीठा दलिया, मुरमुरे और खिचड़ी दी जाती है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों में पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार विशेष अभियान चला रहे हैं।

आंगनबाडी केंद्रों पर महिलाओं को पंजीरी भी दी जाती है। केंद्र की तरफ से सार्वजनिक वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना और एकीकृत बाल विकास सेवा योजना भी चलाई जा रही है। पंजाब में इस समय 2,274 आंगनबाड़ी हेल्परों व 239 आंगनबाड़ी वर्करों की कमी है. ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब वर्करों की संख्या ही पूरी नहीं है तो राज्य को कैसे कुपोषण से मुक्त किया जा सकेगा।

प्रस्तुतिः सुमित्रा

# भाजपा जिलाध्यक्षों का आज ऐलान, 27 जिले बनाए

- राज्य में पांच जिलों का विस्तार कर नए जिलों का किया गठन
- सभी जिला मुख्यालयों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में अपने संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश को 22 की बजाए 27 जिलों में बांट दिया है। भाजपा के सभी जिला अध्यक्षों की घोषणा सोमवार को हो जाएगी। भाजपा हाईकमान ने रविवार को जिलाध्यक्ष बनने के इच्छुक कार्यकर्ताओं से आवेदन लिए। प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों पर बकायदा इच्छुक कार्यर्ताओं से चुनाव अधिकारियों द्वारा आवेदन जमा करवाए गए।

प्रदेश में 22 जिले हैं। भाजपा ने संगठनात्मक दृष्टि से पांच जिले और बनाए हैं। कुल मिलाकर भाजपा राज्य में 27 जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां करेगी। इस बार अधिकतर जिलाध्यक्ष बदले जाने की संभावना है। कुछ पुराने जिलाध्यक्षों को राज्य कमेटी में काम करने का मौका दिया जा सकता है तो कुछ की जिलाध्यक्ष के मौजूदा दायित्व से पूरी तरह छुट्टी की जा सकती है।

भाजपा ने हालांकि यह चिन्हित किया हुआ है कि किस जिले में किसे जिलाध्यक्ष पद का नया दायित्व सौंपा जा सकता है, लेकिन पार्टी में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कार्यकर्ताओं की मुहर लगाने तथा उन्हें भी चुनाव में शामिल होने का मौका देते हुए पार्टी ने सभी दावेदारों से जिलाध्यक्ष के पदों के लिए आवेदन मांग लिए हैं।

भाजपा की प्रदेश चुनाव अधिकारी डा. अर्चना गुप्ता ने शनिवार रात को करीब 12 बजे एक परिपत्र जारी कर 17 मार्च को जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया पूरी कर लिए जाने का दावा किया है।

कार्यक्रम के अनुसार रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक जिला चुनाव अधिकारी के पास प्रत्येक जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष के पद के लिए कार्यकर्ताओं ने अपने आवेदन जमा कराए। दोपहर दो बजे से शाम चार बजे के बीच इन आवेदनों की छंटनी की गई। शाम चार बजे से छह बजे तक नामांकन वापस लिए गए। 17 मार्च को प्रदेश के सभी 27 जिलों के चुनाव संपन्न होंगे।

भाजपा ने संगठन के लिहाज से जो पांच नये जिले बनाए हैं। भाजपा ने फरीदाबाद में बल्लभगढ़, सोनीपत में गोहाना, गुरुग्राम में गुरुग्राम महानगर, हिसार में हांसी तथा सिरसा में डबवाली को संगठन के दृष्टिकोण से नया जिला घोषित कर दिया है। जिसके चलते इन जिलों में भी अध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली के ही फिर से दायित्व मिलने की पूरी संभावना है। उन्हें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ का भरोसेमंद माना जाता है।

## काम का बंटावारा भी ठीक हो जाएगा और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को काम करने का मौका मिलेगा: बड़ौली

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 मार्च।** निकाय चुनाव के तुरंत बाद भाजपा ने संगठन विस्तार प्रक्रिया को तेज कर दिया है। भाजपा ने जिला अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ-साथ संगठनात्मक दृष्टि से प्रदेश में पांच जिले और बढ़ा दिए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष का लोकतांत्रिक तरीके से चयन होता है। निकाय चुनाव के कारण संगठन विस्तार की प्रक्रिया रूक गई थी, जिसे अब फिर से शुरू कर दिया है। रविवार को जिला अध्यक्षों के चयन के लिए प्रदेश भर में कार्यकर्ताओं ने अपने आवेदन जमा कराए हैं।

श्री बड़ौली ने प्रदेश में संगठनात्मक दृष्टि से जिला बढ़ाने पर कहा कि इससे काम का बंटावारा भी ठीक हो जाएगा और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को काम करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुछ जिले भौगोलिक दृष्ट से बड़े हैं। किसी जिला में चार विधानसभाएं हैं तो किसी जिला में दो विधानसभाएं ही हैं, इसलिए हमने तीन-तीन विधानसभाओं के हिसाब से जिले बनाए हैं।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गौरव के साथ-साथ 140 करोड़ लोगों के मान-सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की नायब सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबके विश्वास के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता हजम नहीं हो रही है, इसलिए अनाप-शनाप बोलते रहते हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी को दुनिया सुनना चाहती है। जब पीएम मोदी बोलते हैं तो पूरे विश्व की निगाहें प्रधानमंत्री मोदी के एक-एक शब्द पर होती है और प्रधानमंत्री मोदी के हर शब्द का अर्थ होता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी देश के विकास और विश्व में शांति के लिए काम कर रही है जिसकी पूरी दुनिया में सराहना हो रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर व दरगाह से दानपात्र तोड़कर उड़ाई हजारों की नकदी

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** संजोग पैलेस के साथ लगती मार्केट में बने मंदिर व दरगाह से चोरों ने दानपात्र तोडकर् हजारों रुपये नकदी चोरी कर ली। चोरी की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इस मामले में मंदिर व दरगाह के पुजारी ने पुलिस को शिकायत दे दी है। मंदिर के पुजारी श्याम ने बताया कि दानपात्र में करीब तीन महीने से एकत्रित दान की राशि थी। दानपात्र में 10 से 15 हजार रुपए थे। चोरी के बाद आरोपी छत पर चढ़ गया और वहां से नीचे कूदने का प्रयास किया। ऊंचाई ज्यादा होने के कारण फिर सीढ़ियों से वापस आ गया। वापस आकर आरोपी ने कैमरे बंद करने का भी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुआ। पुजारी ने बताया कि उसे एक युवक पर शक है जो कई बार यहां माथा टेकने के लिए आता है, लेकिन उसका नाम-पता नहीं जानता है। पुजारी ने बताया कि इससे पूर्व भी मंदिर व दरगाह में कई बार चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। एक बार चोर यहां से मंदिर का गेट चोरी कर ले गए थे। इससे पहले मंदिर में प्रतिमाओं के शीशे पर लगाए गए एल्युमीनियम के गेट चोरी हो गए थे। यहां तक कि चोर पीतल का दीपक भी चोरी कर ले जा चुके हैं।

### दो बाइक चोर काबू, 8 चोरीशुदा बाइक बरामद




**कैथल (अप्रस)।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा एक बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 2 बाइक चोर काबू किए हैं जिनके कब्जे से 8 चोरी की बाइक बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी सुनील कुमार, एएसआई जसमेर सिंह, एएसआई अशोक, होमगार्ड मनोज व सतीश की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत शनिवार की शाम चौशाला बालु रोड से बाइक पर सवार गांव बालु निवासी अमरजीत उर्फ सिंघा तथा अनिल को काबू कर लिया गया। जांच के दौरान उनके कब्जे से बरामद बाइक चोरी की पाई गई। इस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज है। कलायत निवासी संजय की शिकायत के अनुसार 8 मार्च को रेलवे रोड कलायत स्थित एक दुकान के बाहर से उसकी स्प्लेंडर प्लस बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से की गई व्यापक पूछताछ के दौरान उनके कब्जे से गांव बालु में 2 स्थानों से 7 अन्य चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। एक बाइक थाना शहर कैथल क्षेत्र से, एक बाइक पानीपत से तथा 3 बाइक जिला जींद से चोरी होनी पाई गई है। दो बाइकों बारे पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। दोनों आरोपी अदालत में पेश कर दिए गए जहां से दोनों को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ढांड बर्फानी सेवा मंडल को किया सम्मानित



**कैथल (अप्रस)।** बर्फानी सेवा मंडल कैथल शाखा ढांड को आज बर्फानी सेवा मंडल कैथल के 31वें सलाना समारोह में मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधान सुरेंद्र गर्ग बिट्टू व सदस्यों ने 31वें सलाना समारोह में बर्फानी सेवा मंडल शाखा ढांड के प्रधान रामचंद्र जडौला, कोषाध्यक्ष शीशपाल गर्ग, मा. सुभाष गर्ग, मलखान जडौला, सोमनाथ बजाज, दीपक शर्मा चंदलाना, जतिन गर्ग, भगवान दास, बलिंद्र शर्मा, सतबीर प्रधान सहित अन्य सदस्यों को बाबा भोले नाथ का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले प्रधान रामचंद्र जडौला व सदस्यों ने महादेव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर प्रधान समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि देवों के देव महादेव सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते है और महादेव के नाम के सिमरन के जाप से ही इंसान के समस्त दुखों व कष्टों का नाश होता है। हमें सदैव मानवता की भलाई व धार्मिक कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए। मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और पीड़ित मानवता की सेवा करने से भगवान भी खुश होते है। इस मौके पर ढांड मंडल के सदस्य मौजूद थे।

### पंजाबी सेवा सदन 23 को मनाएगा 11वां स्थापना दिवस

**कैथल (अप्रस)।** पंजाबी सेवा सदन परिसर में स्थापना दिवस समारोह के लिए बनाई गई कमेटी की मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। आज की मीटिंग में संस्था का स्थापना दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने बताया कि समारोह में पंजाबी वेलफेयर सभा के प्रधान सुभाष कथूरिया मुख्य अतिथि होंगे। आज कमेटी के सदस्यों को समारोह को लेकर जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। सदन के महासचिव संदीप मलिक व मुख्य संरक्षक इंद्रजीत सरदाना ने बताया कि यह कार्यक्रम पारिवारिक होगा जिसमें संस्था के सभी परिवारों को आमंत्रित किया जाएगा। पारिवारिक बच्चों को उनकी कला हुनर दिखाने का अवसर दिया जाएगा। समापन पर लक्की ड्रॉ भी होगा जिसका एक लक्की कूपन हर परिवार को फ्री दिया जाएगा। इस अवसर पर अशोक आर्य, भारत भूषण टक्कर, ललित नरूला, कंवल तनेजा, मनोहर लाल आहूजा, सुरेश अरोड़ा, मोहिंद्र पपनेजा, राजेंद्र कुकरेजा, अरविंद चावला, जगदीश कटारिया, यश तनेजा, गुलशन चुघ, चंद्रशेखर नरूला मौजूद रहे।

## हरियाणा के प्राप्टी टैक्स सर्वे पर केंद्र सरकार की लगी विश्वसनीयता की मुहर

- प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे को विपक्ष ने बनाया था मुद्दा
- डेढ़ सौ करोड़ के अनुदान के बाद अब ईटी गवर्नमेंट डिजीटेक अवार्ड मिलेगा
- शहरी निकाय विभाग के सचिव विकास गुप्ता कल दिल्ली में प्राप्त करेंगे अवार्ड

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 मार्च।** हरियाणा के जिस प्राप्टी टैक्स सर्वे को लेकर विपक्ष ने सदन के बाहर और भीतर जमकर बवाल काटा, उसी प्रॉपर्टी सर्वे के काम को केंद्र सरकार ने दिल खोलकर सराहा है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन काम करने वाली पब्लिक फाइनेंस-स्टेट डिविजन ब्रांच की ओर से हरियाणा को 150 करोड़ रुपये का अनुदान मिला है। इस अनुदान के बाद अब हरियाणा का चयन ईटी गवर्नमेंट डिजीटेक अवॉर्ड 2025 के लिए हुआ है। जीआईएस आधारित प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे प्रोजेक्ट के लिए हरियाणा को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। इस परियोजना को परिवहन, शहरी विकास और अन्य परियोजनाओं के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी के उत्कृष्ट उपयोग श्रेणी में अवार्ड प्राप्त हो रहा है।

हरियाणा के शहरी निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता 18 मार्च को नई दिल्ली में यह राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त करेंगे। केंद्र सरकार की ओर से राज्य को 150 करोड़ रुपये का जो अनुदान मिला है, वह पूंजी निवेश (कैपिटल इन्वेस्टमेंट) में खर्च होना प्रस्तावित है। यह राशि उन शहरी विकास परियोजनाओं पर खर्च की जाएगी, जिसमें प्रदेश में टैक्स कलेक्शन, आधारभूत संरचना और नगर निगमों की कार्यप्रणाली को मअधिक मजबूत करने का प्रविधान है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के पब्लिक फाइनेंस-स्टेट डिविजन ब्रांच की सहायक निदेशक अंजलि मौर्य की ओर से हरियाणा सरकार को इस अनुदान की जानकारी प्रदान की गई है। राज्य सरकार को पहले ग्रांट और अब पुरस्कार मिलने से प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे की वैधानिकता तथा स्वीकार्यता पर मुहर लगी है। विधानसभा के बाहर और भीतर विपक्ष ने प्रापर्टी टैक्स सर्वे की वैधता पर सवाल खड़े किए थे, जिसके बाद राज्य सरकार ने जयपुर की याशी कंपनी से काम वापस ले लिया था। इस कंपनी के अभी भी सरकार पर करीब 32 करोड़ रुपये बकाया हैं।

हरियाणा में प्रॉपर्टी सर्वे का काम फरवरी 2022 में पूरा हो चुका था। इस सर्वे से पहले राज्य सरकार के रिकॉर्ड में सिर्फ 26 लाख प्रापर्टी दर्ज थी, लेकिन सर्वे पूरा होने के बाद 46 लाख प्रापर्टी आईडी तैयार की गई, जिनसे 960 करोड़ रुपये वार्षिक का संपत्ति कर सरकारी खजाने में आना प्रस्तावित था। साल 2022 से पहले तक राज्य सरकार के खजाने में प्रॉपर्टी टैक्स की मद में 360 करोड़ रुपये आते रहे हैं, लेकिन प्रॉपर्टी आईडी बनने के बाद पिछले साल 2024 में 535 करोड़ रुपये का प्रापर्टी टैक्स सरकारी खजाने में आया है।

हरियाणा सरकार के साथ हुए अनुबंध के आधार पर सर्वे करने वाली कंपनी यदि एक अप्रैल 2022 से प्रॉपर्टी टैक्स के पत्र संबंधित लोगों को भेजा तो सरकारी खजाने में हर साल 960 करोड़ रुपये का राजस्व आता। विपक्ष द्वारा इस सर्वे का विरोध कर दिए जाने के बाद राज्य सरकार ने यह नोटिस भेजने बंद कर दिए थे। पूरे देश में हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां जीआईएस बेस प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे हुआ है। राज्य के शहरी निकाय विभाग के साथ हुए अनुबंध के मुताबिक सर्वे की सभी शर्तों को पूरा किया गया, राज्य सरकार द्वारा जब इस सर्वे को रजिस्ट्री के साथ जोड़ा गया तो इस पर विवाद शुरू हो गया।

## अवैध खनन तथा खनिज के अवैध परिवहन पर लगातार हो रही कड़ी कार्रवाई



- जिला महेंद्रगढ़ में संयुक्त टीम ने पिछले दो दिनों में 555 वाहनों की चेकिंग की
- ट्रैक्टर ट्राली को अनलोड करके भागने के प्रयास को टीम ने किया असफल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग के निर्देशानुसार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिला महेंद्रगढ़ में पुलिस के सहयोग से जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा पिछले दो दिनों में 555 वाहनों की चैकिंग के दौरान दो वाहनों के चालान कर 6.35 लाख रुपए की पेनल्टी एवं रॉयल्टी वसूली की कार्रवाई की।

खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में पुलिस को साथ लेकर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम छुट्टियों के दिनों में भी लगातार फील्ड में रही तथा खनन से जुड़े मामलों पर कड़ी नजर रखी गई।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात तथा शनिवार को टीम ने जिला के विभिन्न क्षेत्रों में 555 वाहनों की चेकिंग की। शुक्रवार को राजस्थान की तरफ से अवैध तरीके से बिना बिल रोड़ी लेकर आ रहे एक डंपर को पकड़ा। कागजात चेक करने के बाद टीम ने इस पर 4.20 लाख रुपए के पेनल्टी तथा रॉयल्टी वसूली की कार्रवाई शुरू की।

इसी प्रकार, शनिवार को एक ट्रैक्टर ट्राली को अवैध तरीके से राजस्थान की ओर से बजरी लाते हुए देखा गया। इस पर टीम ने ट्रैक्टर ट्राली का पीछा किया। मौके का फायदा उठाकर ट्रैक्टर- ट्रॉली चालक ने रास्ते में ही ट्रॉली को खाली कर दिया तथा ट्रैक्टर- ट्रॉली को लेकर भागने की कोशिश की। पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत मौके पर ही ट्रैक्टर- ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया तथा विभाग द्वारा 2.15 लाख रुपए की पेनल्टी तथा रॉयल्टी वसूली की कार्रवाई शुरू की गई।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज करेंगे बजट पेश हरियाणा के किसानों को मिलेगी बड़ी सौगात: कृषि मंत्री

- प्रभु मिलन धाम शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कृषि मंत्री ने की शिरकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक देश है। भारत संतों व फकीरों का देश है। हमारे संतों व ऋषि मुनियों ने हमें जीवन जीने की पद्धति के रास्ते दिखाए हैं।

कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा आज करनाल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रभु मिलन धाम शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज का दिन खुशी का दिन है। ऐसे संगतों में आकर व ऐसे संस्कारों से जुड़कर हमारा जीवन धन्य हो जाता है। हमें भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने के लिए इन्हीं संस्कारों का आचरण करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने भी कहा है कि राग द्वेष से ऊपर उठकर निष्काम भाव से कार्य करना चाहिए। यदि हम भी इसी भावना से कार्य करें तो वह दिन दूर नहीं जब भारत को विश्व गुरु का दर्जा मिलेगा। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का भी विजन है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित बने। इसी विजन को हम सभी ने मिलकर पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए मजबूत अर्थव्यवस्था का होना जरूरी है। भारत की अर्थव्यवस्था को पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर लाने के लिए हम सबको शांति का रास्ता अपनाना होगा और शांति का रास्ता अध्यात्म के मार्ग से ही गुजरता है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए 43 ने किया आवेदन

### नाटकीय घटनाक्रम के बाद सांय को सभी ने वापिस लिए नाम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 16 मार्च।** भाजपा के जिला अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए यहां पार्टी कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवेदन लिए गए। बताया गया है कि इसके लिए 43 उम्मीदवारों ने आवेदन किए थे लेकिन एक नाटकीय घटनाक्रम के बाद सभी ने आवेदन वापस लेकर पार्टी हाइकमान पर फैसला छोड़ दिया। अब सबकी निगाहें सोमवार की सुबह 10 बजे होने वाली आधिकारिक घोषणा पर टिकी हैं। जिला चुनाव अधिकारी रवि बतान और कैथल प्रभारी अमरपाल राणा की उपस्थिति में आवेदन पत्र जमा किए गए। जिला महामंत्री सुरेश संधू और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल सह चुनाव अधिकारी के रूप में आवेदन प्रक्रिया का संचालन किया। दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आवेदन पत्रों की छंटनी हुई, उसके बाद उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिए। आवेदन की प्रक्रिया रविवार को शाम को संपन्न हो गई। जिन उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है उनमें मुनीष कठवाड़, राज रमन दीक्षित, देवेंद्र पांचाल, यशपाल प्रजापति, संजय भारद्वाज, रविंद्र तंवर, प्रवीण प्रजापति, सुरेंद्र गर्ग बिट्टू, भगवान दास बंसल, रामपाल राणा, राजेंद्र सिरसल, राजेंद्र पाटिल, शमशेर नौच, अजीत चहल, रवि भूषण गर्ग, कृष्ण पिलनी, विजय भारद्वाज, जसवंत पठानिया, राजपाल तंवर, सुनील कालड़ा, विरेंद्र छौत, सलिंद्र, राजेश पिंटू, अशोक सैनी, धर्मेंद्र वाल्मीकि, सुभाष मूंदड़ी, शीशपाल जिंदल, राजबीर कादयान, भीम सैन, धीरेंद्र क्योडक़, महीपाल राणा, रामपाल शर्मा, ज्योति सैनी, विरेंद्र बत्रा, संदीप शर्मा क्योडक़, मैनेजर कश्यप, मेवा सिंह, निधि मोहन, सतीश शर्मा सिरटा आदि शामिल हैं।

## सभी संपत्तियां सेवाशील को मिलती हैं: मुनि पीयूष

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 16 मार्च।** मानव जीवन की सफलता तथा उपयोगिता सेवा और परोपकार के सद्गुण पर आश्रित हैं। सभी धर्म तथा नैतिक मूल्यों की अवधारणाएं सेवा पर बल देती हैं। सेवा से परमात्मा की कृपा मिलती है और आशीर्वाद से झोलियां भरती हैं। सेवाशील व्यक्ति को कोई कमी नहीं रहती और सभी प्रकार की संपत्तियां उसकी नियति का भाग बन जाती हैं। इसलिए अपनी शक्ति और सामर्थ्य के अनुसार सेवा करने में संकोच नहीं करना चाहिए। महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देव तीर्थस्थान के वार्षिक स्थापना दिवस पर आयोजित सेवा संकल्प दिवस पर भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने खचाखच भरे वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि ऑडिटोरियम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ क्रियाकाण्डों तथा अनुष्ठानों से धार्मिक होना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि भावों में सेवा की वृत्ति लाकर उसके अनुरूप व्यवहार और क्रियाकलाप करना आवश्यक है। श्री आत्म मनोहर जैन वैलनेस सेंटर तथा जीव दया केंद्र के भवनों का लोकार्पण किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री प्रेम गोयल, इंद्रेश कुमार, किशोरकांत खास तौर पर उपस्थित रहे। समारोह गौरव के रूप में पधारे विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आलोक कुमार ने वसुधैव कुटुंबकम् की धारणा वाली भारतीय संस्कृति को सर्वश्रेष्ठ बतलाते हुए सभी को संकुचित संकीर्णताओं से ऊपर उठकर प्रेम तथा मैत्री के सूत्र में बंधकर जीवन को सफल बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने सांप्रदायिक दुराग्रहों के सीमित दायरों से ऊपर उठकर मानवता को मजबूत करने का संदेश दिया।

## नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किया वार्ड 13 में विकास कार्यों का उद्घाटन

### 31 लाख से बने हाल व 25 लाख से बनी गली नंबर 11 का भी हुआ उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 16 मार्च।** नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने रविवार को शहर के वार्ड नंबर 13 स्थित फ्रैंडस कालोनी में दादा खेड़ा के 31 लाख रुपये से बने हाल का उद्घाटन किया। इसी प्रकार 25 लाख से जनकपुरी कालोनी गली नंबर 11 में बनी गली का उद्घाटन किया है। इस गली के निर्माण की मांग करीब 20 साल पुरानी थी, जो अब पूरी हुई है। वहीं इस वार्ड में तीन करोड़ 30 लाख रुपये से गलियों का निर्माण कार्य होना है। जिनका टेंडर लगाया जा चुका है। जल्द ही टेंडर ओपन होने के बाद कार्य शुरू हो जाएंगे। लाखों रुपये से बने हाल व गली का उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग का आभार जताया। वार्ड वासियों ने कहा कि इससे पहले इस वार्ड में कभी भी इतने विकास कार्य नहीं हो पाए हैं, जितने शहर की सुरभि सरकार में हुए हैं। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बिल्लू जांगडा ने भी खुशी जाहिर करते हुए चेयरपर्सन सुरभि गर्ग का आभार जताया। कहा कि वर्षो पुरानी यह मांग आज पूरी हुई है। इस अवसर पर पार्षद ज्योति जांगड़ा, पार्षद प्रतिनिधि बिल्लू जांगड़ा, दिलबाग सिंह, राज मेहर, मुल्तान, ओमप्रकाश, प्रेम सिंह प्रधान, दिनेश कुमार, राजेश, शकुंतला दलाल, नीलम, सुनील कोटड़ा, दिलबर, सतबीर मोर, संजीव कुमार, हरपाल, जय भगवान, सुरेश मलिक, राकेश नरवाल, रविंद्र, जयपाल, सुरेंद्र कुमाार, सत्ता नंबरदार मौजूद रहे।

**3 करोड़ 30 लाख से होगा कई गलियों का निर्माण कार्य:** नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि 31 लाख से बने हाल व 25 लाख से बनी गली का उद्घाटन हो चुका है। अब इस वार्ड में तीन करोड़ 30 लाख रुपये से गलियों का निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके लिए टेंडर लगाया जा चुका है। जिन गलियों का निर्माण कार्य होना है, इनमें मुख्य गली का 42 लाख रूपये, जनकपुरी एक्सटेंशन गली का 64 लाख रुपये, रुहानी सत्संग भवन के नजदीक गली का 72 लाख रुपये, सैंसी बस्ती से लेकर सैलर तक की गली का 80 लाख रुपये, ड्रेन वाली गली का निर्माण कार्य 13 लाख रुपये सहित एक अन्य गली का निर्माण कार्य 10 लाख रुपये में होगा।

**हर वार्ड में दिए जाएंगे तीन-तीन सफाई कर्मी:** इसके साथ-साथ शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर वार्ड के पार्षद को तीन-तीन सफाई कर्मचारी दिए जाएंगे। इन कर्मियों की हाजिरी पार्षद के पास लगेगी। जहां सफाई की ज्यादा जरूरत होगी वहां पार्षद अपने स्तर पर सफाई करवा सकेंगे। पार्षदों ने इस बारे में हाउस की बैठक में यह मामला उठाया था। अधिकारियों को इसे लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं।

# कांस्टेबल सपना हत्याकांड सुलझा : पति परविंदर अम्बाला से गिरफ्तार

पत्नी पर शक बनी हत्या की वजह, पुलिस आरोपी से हत्या की साजिश बारे करेगी पूछताछ



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** चंडीगढ़ पुलिस की सीआईडी विंग में कांस्टेबल सपना की हत्या उसके पति परविंदर ने महज शक होने के चलते कर दी। परविंदर पश्चिमी कमान में सैनिक है। पंचकूला क्राइम ब्रांच सेक्टर 26 की टीम ने रविवार को अंबाला स्टेशन से आरोपी परविंदर को गिरफ्तार कर लिया, वह नेपाल भागने की फिराक में था। आरोपी वारदात के बाद लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। इस बीच अंबाला में ट्रेस होते ही क्राइम ब्रांच अधिकारी मनदीप ढांडा ने आरोपी को काबू कर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस की अभी तक की जांच में सामने आया है कि आरोपी पत्नी पर जरा जरा सी बात पर शक करता और उसे मानसिक तौर पर परेशान करता था। इसी वजह से दोनों में इस बात को लेकर झगड़ा होता था। क्राइम ब्रांच 26 के इंचार्ज मनदीप ढांडा ने बताया कि आरोपी को अंबाला से गिरफ्तार किया गया है ,फिलहाल कोर्ट में पेश कर आरोपी का 2 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। ताकि इस मामले में हत्या को लेकर पूछताछ की जा सके और हत्या के पीछे क्या कारण रहे उसका भी पता लगाया जाएगा फिलहाल आरोपी को कोर्ट में पेश किया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में कई और खुलासे होने की उम्मीद है।

**कार से शव हुआ बरामद, सिर पर चोट :** महिला कांस्टेबल सपना चंडीगढ़ पुलिस की सीआईडी विंग में कार्यरत थी और उसकी माता मनसा देवी थाना क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में गाड़ी की पिछली सीट पर शव मिला था और गाड़ी की चाबी भी गायब मिली। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम के द्वारा कार का शीशा तोड़कर शव को बाहर निकल गया और पुलिस ने मृतक महिला कांस्टेबल का पोस्टमार्टम करवाया जिसमें खुलासा हुआ कि सिर के पीछे चोट लगने के कारण महिला की मौत हुई थी।

### परविंदर ने बयान बदले, अचानक हुआ गायब

इस मामले को लेकर पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही थी। कांस्टेबल की हत्या के बाद परविंदर पुलिस के सामने नहीं आया। वारदात के बाद वह फोन पर ही पुलिस से बातचीत करता जिसमें उसने बयान बदल कर दिए। जांच में सामने आया कि उसने सपना को कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर दिया था और उस पर हमला भी किया था। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी कार से नयागांव आता जाता दिखा। पुलिस को शक है कि वारदात से पहले कांस्टेबल के साथ झगड़ा करते हुए आरोपी ने उस पर हमला किया, जिसमें उसकी मौत हो गई और कार में शव को रखन के बाद फरार हो गया। पुलिस आरोपी से सपना की हत्या की साजिश के बारे में पता लगा रही है। पुलिस हत्या के असली कारणों को जानने के लिए आरोपी से रंड के दौरान हर पहलू पर पूछताछ करेगी।

## टैरिफ की अमेरिकी धमकी पर मोदी सरकार दृढ़ रुख अपनाएः सीपीएम

**पंचकूला (अप्रस)।** भारत की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड सतीश सेठी ने ग्राम बतोड़ की ब्रांच बैठक में बोलते हुए कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले भारतीय सामानों पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी पर धमकी दे रहें है।

ट्रम्प ने हाल ही में घोषणा की है कि यह टेरीफ 2 अप्रैल से लागू हो जाएँगे।

इस धमकी पर मोदी सरकार बिल्कुल चुप बैठी है। इससे पहले भी बेड़ियों व हथकड़ियों से जकड़कर डिपोर्ट किए गए देश के युवाओं के मामले में भी मोदी सरकार ने इसी प्रकार मोन धारण कर लिया था। इससे स्पष्ट है कि सरकार देश के हितों की कीमत पर ट्रम्प को मनाने की कोशिश कर रही है।

इसलिए सीपीएम मांग करती है कि टैरिफ की अमेरिकी धमकी पर सरकार भारतीय उद्योग के हित में दृढ़ रुख अपनाए और उचित जवाबी कार्रवाई करे। बैठक में कामरेड लक्ष्मण पूर्व सरपंच, मुकेश, सुरेश, संत राम, प्रेम चंद्र, एडवोकेट आर.एस.साथी व वेद प्रकाश उपस्थित थे।

## पुलिसकर्मी पर कार से चढ़ाने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, हवालात में भेजे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** माता मनसा देवी पुलिस के द्वारा एमडीसी सेक्टर 4 साई डेरी के नजदीक पुलिस कर्मचारी कुलदीप को कार से टक्कर मारकर पैरों पर कार चढ़ाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस वारदात में सिपाही कुलदीप को गंभीर चोट आई थी। जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि आरोपी दविंदर उर्फ डाकू, शोएब उर्फ जोनसिना, मदन गोपाल उर्फ काका मनीमाजरा के रहने वाले है।

एमडीसी सेक्टर 4 में पुलिस नाके के दौरान शराब के नशे में तीन युवकों के द्वारा वेक्स वैगन कार से ड्यूटी पर तैनात सिपाही कुलदीप को टक्कर मार दी थी जिसमें सिपाही बुरी तरह से घायल हो गया था। और इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों के द्वारा शराब के नशे में गाड़ी चलाकर पुलिस वाले को टक्कर मारी थी। इस मामले में आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### यह था मामला...

बीते सोमवार को कुलदीप और एसपीओ राजकुमार रात ड्युटी कर रहे थे। रात करीब 11.35 बजे कन्ट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि मोटर साइकिल पर सवार तीन लड? सेक्टर 7 में एक बस के पत्थर मार कर शीशे तोड़ कर मोटरसाइकिल नंबर 9150 पर भाग गए हैं। वह और एसपीओ राजकुमार राइडर पर एमडीसी सेक्टर 4 में साई डेरी के पास पहुंचे। राइड खड़ी कर वे मोटरसाइकिलों के नंबर चेक करने लग गए। करीब 15 मिनट बाद 11.50 बजे एक वोल्स वेगन कार नंबर 7356 का चालक कोहनी साहिब गुरुद्वारा की तरफ से आया और सीधा उस पर कार चढ़ाने की कोशिश की। कुलदीप ने कहा कि कार से बच कर वह पीछे हटने लगा तो कार उसके दोनों पैरो के ऊपर से निकल गई जिस कारण दोनों पैरों पर काफी चोट आई। वह कार चालक उन्हें गालियां देता हुआ गांधी कालोनी की तरफ भाग गया। थोडी देर बाद वह अपनी कार में वापिस आया। फिर गालियां देते हुए स्लिप रोड के डिवाइडर पर कार चढ़ा कर डॉल्फिन चौक की तरफ फरार हो गया। आरोपी के फरार होते ही पुलिस की गाड़ी उसका पीछा करने लगी, लेकिन आरोपी फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने कुलदीप को पारस अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए देर रात तक नाकाबंदी कर वाहनों की पड़ताल की लेकिन उनका सुराग नहीं मिला।

## व्यापारी पर दुकान में घुस कर बदमाशों ने किया हमला

**पंचकूला (अप्रस)।** सेक्टर 25 में दुकान चला रहे एक व्यापारी पर स्विफ्ट कार में आए करीब आधा दर्जन बदमाशों ने हमला कर उसे जख्मी कर दिया। कारोबारी ने हमलावरों पर उससे रंगदारी मांगने और उससे 15 हजार रुपए लूटने के आरोप लगाए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मौके की सीसीटीवी फुटेज लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

सेक्टर 3 देवी नगर में रह रहे संदीप चौधरी ने पुलिस को बताया कि वह बीती 14 मार्च की रात को अपनी दुकान पर बैठा था। इस बीच उसकी दुकान में करीब छह युवक हाथों में हथियार लिए दुकान में दाखिल हुए और उसे रंगदारी मांगने लगे। आरोपियों ने उसे पांच हजार रुपए हफ्ता मांगा जब उसने देने से इंकार किया तब आरोपियों ने उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में उसके शरीर पर सात जगह चोटें आई। अस्पताल में उपचार के बाद पुलिस ने एमएलआर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज किया। हालांकि, पुलिस की जांच में हफ्ता मांगने और चेन लूटने की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिद्ध बाबा बालकनाथ जी का वार्षिक मेला एवं भंडारे का आयोजन



**कालका (जग्गी)।** प्राचीन मंदिर श्री सिद्ध बाबा बालकनाथ जी के निकट माता श्री नैना देवी मंदिर, गांव औडि़या, कालका में वार्षिक मेले व भंडारे का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे और धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। रविवार, 16 मार्च 2025 को आयोजित इस वार्षिक मेले की शुरुआत धूना पूजन के साथ हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने आस्था पूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया और उसके बाद श्रद्धा से आरती का आयोजन हुआ। आरती के दौरान भक्तों ने बाबा जी के चरणों में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और मंगलकामना की। आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में विशेष रूप से महिला, पुरुष, बच्चे व बुजुर्गों ने भाग लिया और श्रद्धा के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया। संपूर्ण आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से बाबा बालकनाथ जी का गुणगान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर आयोजक रणजीत धीमान व राजेश गोल्डी सहित अन्य भक्तगणों ने श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया और भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक आयोजनों में सभी को भाग लेने का आह्वान किया।

### राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर विशेष कैंप आयोजित



**जीरकपुर (अप्रस)।** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर बलटाना स्थित सोही टावर, गोबिंद विहार सोसायटी के पास प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत एक विशेष कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, ई-श्रम कार्ड और वोटर कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस कैंप का आयोजन लोकहित सेवा समिति द्वारा डेराबस्सी अस्पताल और गोबिंद विहार रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। समिति की प्रवक्ता भावना चौधरी ने जानकारी दी कि कैंप में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे दिन रजिस्ट्रेशन का सिलसिला जारी रहा। कैंप का उद्घाटन गोबिंद विहार रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान प्रवीन मित्तल ने किया। वहीं, मोहाली के विख्यात समाजसेवी एवं एडवोकेट मुकेश गांधी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में समाजसेविका एवं पार्षद नेहा शर्मा, भाजपा मोहाली जिला पूर्व युवा मोर्चा प्रधान निर्मल सिंह निम्मा, समाजसेवक राकेश ठाकुर, राजेश बंसल, रवि वर्मा और युवा भाजपा नेता दीक्षित सिंगला विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। 249 लोगों ने बनाए कार्ड, महिलाओं और बच्चों को दी गई टीकाकरण की सलाह। कैंप में 249 लोगों ने विभिन्न योजनाओं के तहत अपने कार्ड बनवाने में सफलता प्राप्त की। इनमें 32 आयुष्मान जन आरोग्य कार्ड, 153 आयुष्मान भारत आभा कार्ड, 12 ई-श्रम कार्ड, 52 वोटर कार्ड। इसके अलावा, राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस को समर्पित इस कैंप में महिलाओं को बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने और समय पर टीकाकरण कराने की सलाह दी गई। इस कैंप को सफल बनाने में सतीश भारद्वाज, कैलाश मित्तल, बलवीर राजपूत, विनोद कुमार झाम्ब, निर्मल सिंह निम्मा, हरप्रीत कौर सैनी, भावना चौधरी, प्रवीन मित्तल, राकेश ठाकुर, रवि वर्मा, राजेश बंसल, नेहा शर्मा, मीना सचदेवा, आशुतोष भाटिया, मणी शर्मा, दीक्षित सिंगला, हर्ष नागरा और सुखवीर सिंह का विशेष योगदान रहा।

## नशे की पूर्ति के लिए चोरी करने वाले आरोपी पंचकूला पुलिस ने किए काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** पुलिस चौकी अमरावती की टीम ने मोबाइल चोरी करने वाले 3 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान पंकज उर्फ पंकू निवासी महादेव कॉलोनी, राजकुमार निवासी रामपुर सीयूडी सूरजपुर व धीरज निवासी राजकुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया हुआ मोबाइल बरामद कर लिया है। रविवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

पुलिस चौकी अमरावती में पीडि़ति गुरजीत सिंह निवासी जीरकपुर पंजाब ने शिकायत देते हुए बताया था कि वह ड्राइविंग करता है। वह किसी महिला को सूरजपुर छोडकर आया था और गाड़ी को रज्जीपुर चौक के पास पार्क करके गाड़ी में ही सो रहा था। ड्राइवर साइड की खिड़की खुली हुई थी। इसी बीच कोई शख्स उसकी जेब से फोन निकाल कर भाग गया।

पीडि़ति की शिकायत पर थाना पिंजौर में चोरी का मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। अब पुलिस चौकी इंचार्ज अमरावती सब इंस्पेक्टर राजबीर सिंह के नेतृत्व में जांच अधिकारी एएसआई संदीप ने तीनों आरोपियों को आज गुप्त सूचना के आधार पर गांव सूरजपुर से काबू करने में सफलता हासिल की है।

## आईटीबीपी के घुड़सवारों ने फेरियर और नोविस में जमाया सिक्का

43वीं अखिल भारतीय पुलिस नोविस घुड़सवारी में एएसआई सतपाल और अश्व स्नो बॉल के साथ डॉक्टर आर एस राणा प्रथम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** 43वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता एवं घुड़सवार पुलिस ड्यूटी मीट - 2024-25 का आज का दिन कई जांबाजों के नाम रहा। फेरियर प्रतियोगिता में आईटीबीपी के घुड़सवार एएसआई सतपाल और नोविस व्यक्तिगत प्रतियोगिता में अश्व स्नो बॉल के साथ घुड़सवार डॉक्टर आर एस राणा प्रथम रहे। नोविस टीम प्रतियोगिता में आईटीबीपी की ÷ए÷ टीम। प्रथम स्थान पर रही। प्रतियोगिता के विभिन्न इवेंट्स में विजेताओं को पदक और पुरस्कार प्रदान किए गए। हमें उम्मीद है कि यह प्रतियोगिता हमारे देश के घुड़सवारी खेल के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और सुरक्षा बलों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देगी। ओपन हैक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे पंजाब पुलिस के अश्व इनोसेंट अफेयर के साथ घुड़सवार इंद्रवीर सिंह, आई.पी.एस. उपमहानिरीक्षक टेंट पैगिंग (एकल) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर असम राइफल के अश्व ग्लोरियस के साथ घुड़सवार राइफलमैन बी. आर. जैना रहे। सॉसेज प्रतियोगिता में सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के अश्व टेरीसिर के साथ घुड़सवार शिव प्रताप सिंह प्रथम रहे। शो जंपिंग ओपन सिक्स बार प्रतियोगिता में बिहार पुलिस के अश्व कोमल के साथ घुड़सवार कांस्टेबल मनोज कुमार प्रथम रहे। मेटल हेजर्ड टेस्ट प्रतियोगिता में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अश्व मिर्जा के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल समरजीत सिंह, वुमन हैंक्स प्रतियोगिता में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अश्व एलेजेंड्रो के साथ महिला घुड़सवार प्रियदर्शनी दास प्रथम रहे। उधर, शो जंपिंग एसपी/डीएसपी प्रतियोगिता में प्रथम हरियाणा पुलिस के अश्व प्रीति के साथ घुड़सवार आयुष यादव, आई.पी.एस. एएसपी के अलावा क्वाड्रिले कांटेस्ट प्रतियोगिता में कोलकाता पुलिस ने भी प्रथम स्थान हासिल किया।

## आउट सोर्सड वर्करों को सैलरी न मिलने के विरोध में सातवें दिन भी भूख हड़ताल रही जारी

8अप्रैल को करेंगे चंडीगढ़ सेक्रेटेरिएट का घेराव



छाया : अजय चौधरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** कोऑर्डिनेशन कमेटी के बैनर तले आज मेंटीनेंस बूथ सैक्टर 16 पर तीन महीने का वेतन न मिलने से परेशान वर्करों की भूख हड़ताल सातवे भी जारी रहीं।

आज भूख हड़ताल के सातवें दिन अलग अलग विभागों के 10 कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे जिनमें विनोद कुमार वाटर सप्लाई नगर निगम से,अश्वनी कुमार बिल्डिंग मेंटीनेंस से ,सुखविंदर सिंह,रवींद्र कुमार,अमन कुमार,पनीवेल, तथा जगत सिंह इलेक्ट्रिकल एडमिन से, राजिंदर सिंह पब्लिक हेल्थ एडमिन से, संतोष कुमार सीवर नगर निगम से तथा सुरेश कुमार रोड एडमिन से भूख हड़ताल पर बैठे।इस मौके पर वर्करों को संबोधन करते हुए कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एम सी इम्लाइज एंड वर्कर्स यूटी चंडीगढ़ के प्रधान सतिंदर सिंह,महासचिव राकेश कुमार, कैशियर किशोरी लाल, यशपाल, वरिंदर बिष्ट तथा सुखविंदर सिंह द्वारा इंजीनियरिंग विभाग के इलैक्ट्रीकल सर्कल, पब्लिक हैलथ सर्कल, कंस्ट्रक्शन सर्कल, नगर निगम तथा सीटीयू में कार्यरत आउट सोर्सड वर्करों को तीन महीने की पैडिंग सैलरी ना देने की सख्त शब्दों में निंदा की गई। उन्होंने कहा कि बार बार अनुरोध करने पर भी सैलरी का भुगतान नहीं हो रहा है। प्रशाशन तथा लेबर विभाग की हिदायतों को नजर अंदाज कर आउट सोर्स्ड वर्करों को समय पर सैलरी नहीं दी जा रही।श्रम कानूनों को भी लागू नहीं किया जा रहा।उन्होंने मांग की कि वर्करों को वेतन देने का जल्द इंतजाम किया जाए। उन्होंने घोषणा कि पेंडिंग सैलरी की मांग तथा अन्य मांगे जो 13.12.2024 के मांग पत्र में दर्ज है को लेकर 28 मार्च तक भूख हड़ताल जारी रहेगी तथा 29 मार्च को वर्करों की कन्वेंशन की जाएगी जिस में 8 अप्रैल को चंडीगढ़ सेक्रेटेरिएट के किए जाने वाले घेराव की तैयारियों का जायजा लिया जाएगा।मीटिंग में मांग गई कि उच्च स्तरीय अधिकारियों की मीटिंग कर मुलाजिमों की तर्क संगत मांगो पर जल्द फैसला लिया जाए तथा मुलाजिम प्रतिनिधियों से उच्च स्तरीय गलबत का रास्ता खोला जाए ता जो इमलॉय एंप्लॉयर संबंधों में मधुरता बनी रहे।

## इलेक्ट्रॉनिक सिक्योरिटी एसोसिएशन, चंडीगढ़ की सामान्य बैठक आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** इलेक्ट्रॉनिक सिक्योरिटी एसोसिएशन, चंडीगढ़ ने अपनी सामान्य बैठक आयोजित की। अध्यक्ष श्री कैप्टन सिंह ने अपने उद्घाटन संबोधन में सदस्यगण और प्रायोजकों का स्वागत किया, इसके बाद उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक सिक्योरिटी संगठन चंडीगढ़ के कार्यप्रणाली और उनके अध्यक्ष बनने के बाद तीन महीनों में सदस्यता में हुए रिकॉर्ड वृद्धि के बारे में बताया, जिसे सदस्यों द्वारा बड़े जोर-शोर से सराहा गया। इसके बाद, प्रायोजकों, ह्विष्ठ और मार्शल इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियाँ दीं और अपने उत्पादों का प्रचार किया। उपरांत उपाध्यक्ष इंजीनियर कंवर हरबीर सिंह ढिंढसा ने एसोसिएशन की भविष्य की योजनाओं, सरकार के साथ समन्वय और कार्यात्मक समितियों के गठन की घोषणा की। महासचिव श्री भवेश ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## बेसमेंट की खुदाई के दौरान लगातार निकल रहे लाखों लीटर साफ पानी को सुखना चौ में गिराकर किया जा रहा बर्बाद

पिछले दो महीने में तीन बार बदला पानी को सुखना चौ में गिराने का रास्ता

शिकायतों के बावजूद नगर काउंसिल, ड्रेन विभाग नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

अर्थ प्रकाश /राजेश गर्ग

**जीरकपुर।** एक तरफ पंजाब सरकार व प्रशासन धरती के नीचे का पानी बचाने में लगे हुए है और जगह-जगह रेनहार्वेस्टिंग के नाम पर डक्स बनाकर बारिश का पानी धरती के नीचे भेजने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं ताकि आने वाली पीढियां को पीने वाले पानी की कमी से न जूझना पड़े। वहीं दूसरी तरफ जीरकपुर के गाजीपुर रोड पर पड़ती सनसिटी अल्टिमा नामक रिहायशी प्रोजेक्ट के बिल्डर द्वारा बेसमेंट की खुदाई कर धरती से रोजाना लगातार लाखों लीटर साफ पानी निकाला जा रहा और उसे वापस धरती में डालने की बजाय सुखना चौ में बहाया जा रहा है। जबकि धरती के नीचे पानी का स्तर दिन प्रति दिन गिरता जा है और पानी बचाने के लिए कोई प्रयास भी नही किया जा रहा है। धरती का पानी खत्म ना हो जाए, इसके लिए सरकार द्वारा धान की फसल किसानों को ना लगाने कि सलाह दी जा रही है। जबकि फसलों में डाला पानी धरती में ही समा जाता है। लेकिन यहां एक बिल्डर द्वारा अपने फायदे के लिए पानी व्यर्थ सुखना चो में गिराया जा रहा है। गाजीपुर क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि हरेक बिल्डर ऐसे ही धरती से पानी निकाल कर वेस्ट करता रहेगा तो उनकी मोटरें फेल हो जाएंगी। क्योंकि पानी का स्तर तेजी से गिरता जा रहा है और लोगों का कहना है कि ऐसे ही हालत रहे तो यहां जल्द ही पानी का संकट आ जाएगा। जिसकी भविष्यवाणी लगातार करते हुए सबको चेताया जा रहा है। गर्मियों के दिनों में शहर के बहुत से क्षेत्रों के लोग पीने वाले पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर होते हैं। लेकिन यहां पीने वाला पानी इस तरह बर्बाद किया जा रहा है जिस तरफ अधिकारियों का ध्यान क्यों नहीं जा रहा है, यह एक सोचने व जांच का व विषय है।

### पानी लगातार हो रहा है बर्बाद

प्रोजेक्ट के प्रबंधकों द्वारा पहले एक नाला बनाकर पानी चो में गिराया जा रहा था, जिसकी शिकायत के बाद पानी बंद कर दिया गया। उसके बाद यहां कूआं बनाकर पानी शुरू किया तो दूसरी बार शिकायत हुई तो फिर से पानी एक दो दिन के लिए बंद कर दिया। लेकिन उसके बाद पौधों को पानी देने का बहाना बनकर पानी की कई लाइन बिछा दी और दो बड़े बड़े पाइप डालकर पानी सीधा सुखाना चो में छोड़ा जा रहा है। जिस में डेंस फारेस्ट लगाने वाले लोग जमकर उनका साथ दे रहे है। वहीं लोगों का कहना है कि इतनी बार शिकायत करने के बाद तो कार्रवाई होनी चाहिए। जबकि इसकी शिकायत डीसी मोहाली व ड्रेन विभाग के उच्च अधिकारियों तक की जा चुकी है। लेकिन बावजूद इसके पानी लगातार अभी भी बर्बाद किया जा रहा है।



मुझे इस मामले के बारे में पता नही है। आप मुझे मौके की फोटो, वीडियो व लोकेशन भेज दो तो मैं सबंधित अधिकारी से बात करके चैक करवा लेता हूं।

**आकाश अग्रवाल, एक्सीयन, ड्रेनेज विभाग।**

हमें पौधों के लिए पानी चाहिए था जिसके लिए हमने नगर परिषद से मांग की थी। हमारी पानी की जरूरत पूरी हो रही है, इसके लिए यदि बिल्डर को कोई फायदा होता है तो हमें ना तो पता है और ना ही हमारा कोई लेना देना है। पाइप लाइन के पास बाउंड्री इस लिए की जा रही है ताकि पौधों के लिए पानी जरूरत से ज्यादा ना हो जाए। हमने तो उनकी गाड़ियों से उड़ने वाली धूल मिट्टी से प्रॉब्लम थी तो हमने लिखित शिकायत की थी जिसका अब फॉलोअप भी लिया जाएगा।

**सुमित भारद्वावाज, अध्यक्ष, ग्रीन प्लेनेट सोसायटी।**

# सरकार की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बजट पेश कर सकते हैं मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश /संदीप उपाध्याय



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सोमवार को 11 बजे विधानसभा में बजट पेश करेंगे। हजारों करोड़ के कर्ज में दबे प्रदेश के बजट में हर वर्ग को खुश करने वाला बजट पेश करना मुख्यमंत्री के बड़ी चुनौती है। मुख्यमंत्री प्रदेश को कर्ज से मुक्त कर आत्मनिर्भर बनाने और समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ आगे बड़ रहे हैं। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री के बजट में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प की दिशा में सरकार की आय बड़ाने का कदम भी दिखेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री की सोच है कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाए। गांव का विकास होगा, तो प्रदेश का विकास होगा, गांव के लोग आत्मनिर्भर होंगे, तो प्रदेश भी आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बड़ेगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की सोच के आधार पर ऐसा अनुमान है कि कल का बजट प्रदेश की आय बड़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर आधारित हो सकता है।

वोट बैंक की सियासत के चलते हिमाचल प्रदेश में यह परंपरा रही है कि यहां पर हमेशा ही टैक्स फ्री बजट पेश होता रहा है। हर सरकारें अपने राजनैतिक हित के लिए जनता पर टैक्स का बोझ नहीं डालती हैं कि कहीं उनको वोट देने वाली जनता नाराज न हो जाए। टैक्स फ्री बजट के कारण ही आज हिमाचल प्रदेश हजारों करोड़ के कर्ज तले दबा है। बजट का लगभग 25 फीसदी के करीब हिस्सा कर्ज और कर्ज का ब्याज चुकाने में ही चला जाता है। मुख्यमंत्री सुक्खू साफ कहते हैं कि प्रदेश को आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार को कड़े फैसले लेने पड़े तो लेंगे, पीछे नहीं हटेंगे। जिससे लगता है कि इस बजट में सरकार की आय बड़ाने के कदम नजर आएंगे। सुक्खू चाहते हैं कि प्रदेश की आम जनता पर किसी भी प्रकार का बोझ न पड़े लेकिन प्रदेश के समृद्ध लोग और प्रदेश के उद्योगपतियों, व्यापारियों को सुविधाएं मुफ्त में न दी जाएं। जो सरकार को टैक्स देने के लिए समक्ष हैं, वह जरुर सरकार को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें। मुख्यमंत्री की यह सोच बजट में दिख सकती है कि आम जनता पर बोझ डाले बिना प्रदेश की आय बड़ाई जा सके।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का फोकस ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर रहा है। जिससे बजट में भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के कदम दिखाई दे सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालकों की आय बड़ाने के लिए दूध के दाम में बड़ोतरी हो सकती है। वहीं मुख्यमंत्री आर्गनिक खेती को बड़ावा देने और आर्गनिक उत्पाद की कीमतों में वृद्धि करने का ऐलान भी कर सकते हैं। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि भी कर सकते हैं। ऐसा अनुमान है कि बजट में पंचायती राज संस्थाओ को मजबूत करने और पंचायत प्रतिनिधियों के वेतन में वृद्धि का ऐलान भी बजट में शामिल हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अपने घर द्वार पर ही स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने वाली किसी बड़ी योजना का ऐलान भी बजट में हो सकता है। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो।

इस तरह अनुमान है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने सोच को आगे बड़ाते हुए बजट में सरकार की आय बड़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कड़े निर्णय लेते हुए जनता के सामने चहुमुखी विकास को प्रदर्शित करने वाला बजट कल पेश करें।

## पति की गला घोंटकर हत्या, महिला और प्रेमी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

> पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई देवेंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल्स के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले की जांच जारी है और शव का पोस्टमार्टम कर परिवार को सौंप दिया गया है।
>
> **लोकेंद्र नेगी, डीएसपी पालमपुर।**

**थुरल ।** पंचायत भ्रांता के गांव साई दा लाहड़ में एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। पत्नी और उसके प्रेमी पर हत्या का आरोप है। मृतक की पहचान प्रवासी मजदूर वेद प्रकाश (43) के तौर पर हुई है। पुलिस के मुताबिक वेद प्रकाश शराब के नशे में घर लौटा था, जहां पत्नी ने गला दबाकर उसकी हत्या की और फिर चेहरे व गले पर तेजधार चीज से वार किए। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी की कॉल रिकॉर्डिंग भी बरामद की है। इससे साफ हुआ कि दोनों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। महिला राज माला और उसके प्रेमी त्रिलोक कुमार को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां उन्हें 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार वेद प्रकाश निवासी बदायूं, उत्तर प्रदेश परिवार के साथ कई वर्षो से साई दा लाहड़ में किराये के मकान में रह रहा था। उसके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं। वह शराब पीने का आदी था। आरोप है कि उसकी पत्नी का त्रिलोक के साथ प्रेम प्रसंग था, जिसे लेकर दपंती के बीच अकसर झगड़ा होता था। वीरवार रात भी झगड़ा हुआ और महिला ने रात को गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पत्नी की गतिविधियां संदिग्ध लगी थीं।

पूछताछ के दौरान बिहार निवासी त्रिलोक कुमार का नाम भी सामने आया था। पुलिस ने सीसीटीवी और पत्नी के फोन कॉल डिटेल को खंगाला तो राजमाला व त्रिलोक की कुछ कॉल रिकॉर्डिंग भी सामने आई, जिसमें वेद प्रकाश की हत्या को लेकर षड्यंत्र रच रहे थे। इन तथ्यों के आधार पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पूरी बात पुलिस को बता दी।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू में हेरोइन बरामद, युवक गिरफ्तार

**पटलिकुहल कुल्लू (अप्रस)।** कुल्लू में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से हेरोइन बरामद हुई है। ये कार्रवाई जिले के भुंतर में की है। बजौरा फोर लेन पुल के नीचे नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने युवक को पकड़ा। पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के निवासी अमनदीप सिंह (43) के रूप में हुई है। वह गांव कुटीवाला, डाकघर कुटीवाला कलां, तहसील मौड़ का रहने वाला है। भुंतर पुलिस के अनुसार, बजौरा चेक पोस्ट के पास गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। बजौरा नाले के करीब खड़े इस युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच में नशीले पदार्थ की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है।

### शिक्षक जाएंगे सिंगापुर एक्सपोजर विजिट पर

**शिमला (अप्रस)।** शिक्षक अब अप्रैल महीने में सिंगापुर एक्सपोजर विजिट के लिए जाएंगे। बोर्ड परीक्षाएं और बजट सत्र के चलते सरकार इन शिक्षकों को 13 अप्रैल के बाद एक्सपोजर विजिट पर भेज सकती है। हालांकि पहले उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों को मार्च महीने में सिंगापुर भेजा जाना था, लेकिन बोर्ड परीक्षाओं के चलते अभी शिक्षकों का टूर पोस्टपोन कर दिया गया है। इसके अलावा इन दिनों बजट सत्र भी चल रहा है। ऐसे में अब इन शिक्षकों को अप्रैल के दूसरे हफ्ते में एक्सपोजर विजिट पर भेजने की योजना बनाई जा रही है। इन शिक्षकों में जिला उपनिदेशक, स्कूल प्रधानाचार्य, हैडमास्टर, प्रवक्ता और डीपीई शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो इनकी सूची फाइनल कर दी है। इसमें 60 से अधिक शिक्षक हैं, जिन्हें सिंगापुर एक्सपोजर विजिट पर भेजा जाएगा। इससे पहले विभाग ने फरवरी में प्रारंभिक शिक्षा विभाग के लगभग 63 शिक्षकों को सिंगापुर एक्सपोजर विजिट के लिए भेजा था। हालांकि इस टूर में निदेशालय के 3 अधिकारी भी शामिल थे। ऐसे में अब विभाग उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों को सिंगापुर भेजेगा, जहां इन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी। सिंगापुर टूर के दौरान, शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर ऑक्सफोर्ड और कैंब्रिज यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों के प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण मिलेगा। वे प्रभावी संलग्नता और विकास की रणनीतियां और अनुभवात्मक शिक्षा के लिए जांच और समस्या आधारित शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। शिक्षक स्थानीय विद्यालयों का दौरा कर सिंगापुर की शिक्षण पद्धतियों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकेंगे। गौर हो कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अगुवाई में हाल में गए मेधावी बच्चों के शैक्षणिक दौरे के दौरान हिमाचल ने शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए प्रिंसीपल्स एकैडमी सिंगापुर के साथ एक ऐतिहासिक करार किया है।

### बारिश-बर्फबारी से हिमस्खलन और भूस्खलन की आशंका

**रिकांगपिओ (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में रविवार को भारी बर्फबारी और बारिश का दौर जारी है, जिससे ठंड में एक बार फिर वृद्धि हो गई है। जिले में शनिवार सुबह से शुरू हुई बर्फबारी ने रविवार को जोर पकड़ लिया, जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ की मोटी परत जम गई, जबकि निचले क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। इस मौसम परिवर्तन से जनजीवन प्रभावित हुआ है, वहीं कई स्थानों पर भूस्खलन और हिमस्खलन की आशंका भी बढ़ गई है। किन्नौर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल छितकुल, रकछम, कल्पा, झाबुंग, कानम, लाबरंग और आसपास के अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी तो रिकांगपिओ, स्पीलो, भावानगर, पोवारी और अन्य निचले क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई है।

## हिमाचल में किसानों की जमीन से बेदखली का विरोध, 20 को विस मार्च का ऐलान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रामपुर।** हिमाचल प्रदेश में किसानों की जमीन से बेदखली और मकानों में तालाबंदी के विरोध में किसान संगठन सक्रिय हो गए हैं। रविवार को शारवी और बशला में हिमाचल किसान सभा और सेब उत्पादक संघ की संयुक्त बैठक हुई।

हिमाचल किसान सभा निरमंड ब्लॉक के अध्यक्ष देवकी नंद और सेब उत्पादक संघ के सचिव पूर्ण ठाकुर ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर हो रही बेदखली से गरीब परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उनके पास पहले से ही बहुत कम जमीन है। कई परिवार अब बेघर होने की कगार पर हैं।

**इस मुद्दे पर विपक्ष मौन :** किसान नेताओं ने कहा कि विपक्ष भी इस मुद्दे पर मौन है। 2002 में जब विपक्ष की सरकार थी, तब जमीन के नियमितीकरण के लिए किसानों से आवेदन मांगे गए थे। लेकिन अब वही किसान बेदखल हो रहे हैं।

20 मार्च को शिमला में विधानसभा मार्च का आयोजन किया जाएगा। निरमंड ब्लॉक से सैकड़ों किसान इस मार्च में शामिल होंगे। बैठक में प्रेम, अनुराज, सुरजीत, हेमंत, संजीव समेत कई किसान नेता मौजूद रहे।

## राज्य के सभी जिलों का दौरा करेंगी प्रतिभा सिंह



अर्थ प्रकाश संवाददाता

### कार्यकर्त्ता पार्टी की रीढ़

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन में कार्यकर्त्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं और उन्हें मजबूत करना, उनकी समस्याओं को सुनना और उन्हें दूर करना पार्टी अध्यक्ष के नाते उनका प्रमुख दायित्व है। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश के सभी जिलों का दौरा करेंगी।

शिमला। हिमाचल कांग्रेस के पुनर्गठन की जारी प्रक्रिया के बीच पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह राज्य के सभी जिलों का दौरा करेंगी। इसको लेकर पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। प्रतिभा सिंह पार्टी कार्यकर्त्ताओं में नए जोश का संचार करने के साथ ही विपक्ष के किसी भी दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पार्टी कार्यकर्त्ताओं से सीधा संवाद करेंगी। साथ ही सभी जिला व ब्लॉक नेताओं के साथ बैठक करेंगी तथा संगठन की मजबूती के लिए भी सभी से सुझाव लिए जाएंगे। तय शैड्यूल के अनुसार पहले चरण में प्रतिभा सिंह 19 से 22 मार्च तक मंडी जिला के दौरे पर रहेंगी।

इस दौरान वह पार्टी नेताओं व कार्यकर्त्ताओं से बैठकें कर संगठन से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा करेंगी। प्रतिभा सिंह 19 मार्च को सुंदरनगर में निजी कार्यक्रम में शामिल होंगी, 20 मार्च को प्रतिभा वह मंडी सदर, द्रंग, जोगिंद्रनगर, सराज व बल्ह विधानसभा क्षेत्र के पार्टी नेताओं व कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठक करेंगी। 21 मार्च को सुंदरनगर, नाचन, सरकाघाट, धर्मपुर व करसोग विधानसभा क्षेत्र के पार्टी नेताओं व कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठक करेंगी। इसी तरह 22 मार्च को प्रतिभा सिंह नाचन में एक वार्षिक पारितोषिक में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। इसके उपरांत शिमला लौट आएंगी। इसके बाद उनका अन्य जिलों के दौरे का शैड्यूल जारी होगा।

## पाइनग्रोव स्कूल में टीक हाउस शो 'आत्म मंथन' ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू में आयोजित टीक हाउस शो, 'आत्म मंथनञ्..आत्मनिरीक्षण का आह्वान' रचनात्मकता, प्रतिभा और सांस्कृतिक विरासत का एक भव्य उत्सव था। इस कार्यक्रम में कई मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम की शुरुआत एक दिल को छू लेने वाली संगीतमय प्रस्तुति से हुई, जहाँ गायकों और संगीतकारों ने मधुर प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमे एक शांत और शक्तिशाली स्वर स्थापित था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हिंदी नाटक युद्ध से बुध तक था, जो युद्ध और हिंसा से अहिंसा के दर्शन तक मानवता की यात्रा का एक सम्मोहक चित्रण था। शक्तिशाली संवादों और भावपूर्ण अभिनय से चिह्नित प्रदर्शन ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। शो में जीवंतता जोड़ते हुए, होली का जश्न मनाते हुए एक मनमोहक नृत्य अनुक्रम ने मंच पर रंग और उत्सव का विस्फोट कर दिया। उत्सव की खुशी को दर्शाते हुए इस शानदार प्रदर्शन को तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा गया। शाम का समापन स्कूल गीत के भावपूर्ण गायन के साथ हुआ, जिसने छात्रों को प्रेरणा और गर्व के एक स्वर में एकजुट कर दिया।

### चार प्रतिष्ठित न्यायधीशों ने किया पाइनग्रोव स्कूल का दौरा



**सोलन ।** पाइनग्रोव स्कूल में शिमला से आए 40 प्रतिष्ठित न्यायिक हस्तियों का स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस विशेष मौके परमाननीय श्री न्यायमूर्ति संजय करोल, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश, साथ ही न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान, न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयलतथा न्यायमूर्ति बिपिन सिंह नेगी के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के कई वरिष्ठ अधिवक्ता भी हमारे अतिथि बने। इस अवसर पर एडीवर्डियंस और कॉटनियन्स के बीच एक दोस्ताना क्रिकेट मैच खेला गया।मैच की शुरुआत विद्यालय के कार्यकारी निदेशक, कैप्टन एजे सिंह द्वारा आयोजित दोपहर भोजन के साथ हुई, जहां पूर्व छात्रों के बीच गर्मजोशी से संवाद और जुड़ाव देखने को मिला। यह पल वास्तव में बहुत खास था, क्योंकि सभी पुराने साथियों के साथ बिताए गए समय ने एक गहरा और अद्भुत अनुभव प्रदान किया।मान्यवर न्यायधीशों ने पाइनग्रोव स्कूल द्वारा संक्षिप्त समय में अर्जित उपलब्धियों,विकासऔर सफलता की सराहना की। उन्होंने स्कूल के समग्र शिक्षा के दृष्टिकोण, शानदार आधारभूत ढाँचे और विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक वातावरण बनाने में इसके योगदान की प्रशंसा की।

## राज्य एड्स नियंत्रण समिति की बैठक आयोजित

> गैर-सरकारी संगठनों को सप्ताह में न्यूनतम पांच इंजेक्टिंग ड्रग यूजर्स को साकियाट्रिक विभाग में रेफर करने के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति की मासिक बैठक परियोजना निदेशक राजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति के अंतर्गत कार्य कर रहे गैर-सरकारी संगठनों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर चर्चा करने के साथ-साथ राज्य में इंजेक्टिंग ड्रग के ब?ते मामलों पर चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि गैर-सरकारी संगठनों द्वारा इंजेक्टिंग ड्रग यूजर्स को साकियाट्रिक विभाग में नियमित रूप से रेफर करना एक सकारात्मक कदम हो सकता है। उन्होंने कहा कि हर जिले में साकियाट्रिक विभाग हैं जहां नशे की लत से जूझ रहे लोगों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित जांच और ड्रग्स की लत को छो?ने में मदद करने के लिए काउंसलिंग और थैरेपी बहुत मददगार साबित हो रहे हैं। वहीं, मनोवैज्ञानिक परामर्श से इंजेक्टिंग ड्रग यूजर्स की सोच में सकारात्मक बदलाव आता है और धीरे-धीरे ड्रग्स पर निर्भरता को कम किया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे उनका आत्मविश्वास ब?ता है और वह समान्य जीवन की ओर लौट सकते हैं। राजीव कुमार ने कहा कि गैर-सरकारी संगठनों और साकियाट्रिक विभाग का आपसी समन्वय और सहयोग इंजेक्टिंग ड्रग यूजर्स के जीवन में परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने सभी गैर-सरकारी संगठनों को निर्देश दिए कि सप्ताह में न्यूनतम पांच इंजेक्टिंग ड्रग यूजर्स को साकियाट्रिक विभाग में रेफर करें।

## बायोमीट्रिक हाजिरी न लगाने पर होगी वेतन में कटौती

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) में बायोमीट्रिक हाजिरी लगाने की कवायद के बीच अगर कोई कर्मचारी इस व्यवस्था के माध्यम से हाजिरी लगाने में आनाकानी करेगा, तो उसके खिलाफ विश्वविद्यालय प्रशासन अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाएगा। इसके अलावा नियमों के तहत उक्त कर्मचारी के वेतन में भी कटौती होगी। विश्वविद्यालय में चरणबद्ध तरीके से कर्मचारियों के लिए बायोमीट्रिक हाजिरी की व्यवस्था शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत पहले चरण में विश्वविद्यालय में आऊटसोर्स कर्मचारियों की बायोमीट्रिक मशीन से हाजिरी लगाई जाएगी। इसके बाद अगले चरण में नियमित कर्मचारियों को बायोमीट्रिक हाजिरी के दायरे में लाया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में कार्यरत्त आऊटसोर्स कर्मचारियों को अपनी बायोमीट्रिक रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश जारी कर रखे हैं। इसके तहत कम्प्यूटर सैंटर में यह प्रक्रिया शुरू भी हो गई है। 20 मार्च तक यह बायोमीट्रिक रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा करना होगा। इस तय तिथि तक अगर कोई आऊटसोर्स कर्मचारी बायोमीट्रिक रजिस्ट्रेशन नहीं करवाता है, तो उसे वेतन को लेकर समस्याएं उत्पन्न हो सकती है और उक्त कर्मचारी की हाजिरी मान्य नहीं होगी। 25 मार्च से आऊटसोर्स कर्मचारियों की बायोमीट्रिक हाजिरी लगना शुरू हो जाएगी। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना में साफ किया गया है कि बायोमीट्रिक हाजिरी लगाना अनिवार्य है और इसकी अनुपालना करें। हाजिरी को लेकर पारदर्शिता, दक्षता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

बायोमीट्रिक हाजिरी लगाने को लेकर जारी की गई गाइडलाइंस के अनुसार कर्मचारियों को कार्यालय पहुंचने पर सुबह के समय हाजिरी लगाने के बाद व वापस लौटते समय हाजिरी लगानी होगी। इसको लेकर गाइडलाइंस जारी की गई है। हाजिरी लगाने के लिए कर्मचारियों को 10 मिनट का ग्रेस पीरियड दिया जाएगा, लेकिन लगातार कार्यालय देरी से आने पर और समय से पहले कार्यालय से घर लौटने की स्थिति में प्रदेश सरकार की नीति के तहत कार्रवाई होगी। लीव के लिए संबंधित अधिकारी से कर्मचारी को अप्रूवल लेना जरूरी होगा और स्वीकृत लीव कम्प्यूटर सैंटर के कार्यालय में सबमिट करनी होगी, ताकि बायोमीट्रिक मशीन में हाजिरी का रिकॉर्ड अपडेट किया जा सके। बिना अनुमति अवकाश पर जाने की स्थिति में उसे बिना वेतन लीव माना जाएगा।

### पहले आऊटसोर्स कर्मचारियों को बायोमीट्रिक हाजिरी लगाने के लिए बाध्य करने पर उठे सवाल

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) में नियमित कर्मचारियों के बजाय पहले आऊटसोर्स कर्मचारियों को बायोमीट्रिक हाजिरी लगाने के लिए बाध्य करने पर सवाल उठे हैं। हालांकि आऊटसोर्स कर्मचारी इसका खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन सवाल यह है कि विश्वविद्यालय में 1500 के करीब नियमित कर्मचारियों के लिए यह व्यवस्था फिलहाल शुरू न करते हुए पहले आऊटसोर्स कर्मचारियों को इसके दायरे में लाने से सवाल उठ रहा है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन का तर्क है कि पहले 200 के करीब आऊटसोर्स कर्मचारियों के लिए पहले चरण में बायोमीट्रिक हाजिरी शुरू होगी। इसके बाद अगले चरण नियमित कर्मचारियों का बायोमीट्रिक रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद उनकी भी बायोमीट्रिक हाजिरी लगेगी।

## शराब ठेकों की नीलामी कल से

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 18 मार्च से 2100 शराब ठेकों की नीलामी शुरू होगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कर एवं आबकारी विभाग ने नीलामी के लिए जिलावार शेड्यूल जारी कर दिया है। आगामी वित्त वर्ष में शराब ठेकों की नीलामी से 2,850 करोड़ राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। 18 से 21 मार्च तक चार दिन तक तीन-तीन जिलों में टेंडर खुलेंगे। एक अप्रैल से नए कारोबारियों को शराब ठेके मिलेंगे।

पड़ोसी राज्यों का मुकाबला करने के लिए सरकार ने अंग्रेजी शराब का कोटा ओपन रखने का फैसला लिया है। इसके तहत अंग्रेजी शराब को रखने के लिए कोई सीमा तय नहीं की जाएगी। देसी शराब का कोटा हालांकि फिक्स रहेगा, लेकिन वर्ष 2025-26 में इसके भी दाम पुराने ही रहने की संभावना है। कर एवं आबकारी विभाग ने पूरे प्रदेश में 18 से 21 मार्च तक शराब ठेकों की नीलामी करने का शेड्यूल जारी कर दिया है। राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त डॉ. युनूस ने बताया कि 18 मार्च को सुबह 11.30 बजे से सिरमौर के एसएफडीए हॉल, नूरपुर में विभाग के कार्यालय में, किन्नौर में बचत भवन और हमीरपुर में भी बचत भवन में ठेकों की नीलामी होगी। 19 मार्च को कांगड़ा के लॉयंस क्लब धर्मशाला, ऊना के डीआरडीए हॉल, कुल्लू-लाहौल और पांगी की कॉन्फ्रेंस हॉल ढालपुर में नीलामी प्रक्रिया चलेगी। 20 मार्च को चंबा के बचत भवन, मंडी के जिला परिषद कार्यालय हॉल और सोलन के जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में शराब ठेकों की नीलामी की जाएगी।

21 मार्च को शिमला के बचत भवन, बीबीएन की झाड़माजरी स्थित बीबीएनआईए के हॉल में और बिलासपुर की जिला परिषद हॉल में नीलामी की जाएगी। एक ठेके को लेने के लिए एक व्यक्ति एक ही आवेदन कर सकेगा। नीलामी प्रक्रिया के तहत एल टू, एल 14, एल 14ए और एल20बी का आवंटन किया जाएगा। बीते दिनों राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भी शराब ठेकों की नीलामी करने का फैसला लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### हर महीने की पहली व 20 तारीख को लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** देवराज विनायक चैरिटेबल क्लीनिक आजाद नगर के सभागार में एक विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें जानकारी देते हुये क्लीनिक के संचालक देवराज विनायक ने बताया कि यह संस्थान के द्वारा जरुरमंदों व वरिष्ठ नागरिकों सहायता प्रदान करने के लिये निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आंखों की जांच के लिये हर महीने की पहली तारीख को कैम्प का आयोजन किया जायेगा जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अजय राणा मरीजों की जांच करेंगे और मरीजों को दवाईयां निशुल्क प्रदान की जायेगी, तथा वरिष्ठ नागरिकों की सेवा के लिये स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हर महीने की 20 तारीख को किया जायेगा और इस शिविर में भी मरीजों को दवाइयां निशुल्क दी जायेगी। उन्होंने आगे बताया कि संस्थान द्वारा बाल एवं नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डा. विजय दहिया प्रतिदिन क्लीनिक में उपस्थित रहेंगे और किफायती दरों पर मरीजों की जांच करेंगे तथा दवाइयां फ्री दी जाएगी, तथा महिला रोग विशेषज्ञ डा. संतोष जैन प्रति सप्ताह मंगलवार तथा शुक्रवार को अपनी सेवाएं देगीं और मरीजों की जांच करेगीं।

### महिला मंडल ने सूखे व हर्बल रंगों से खेली होली



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बूड़िया के महिला मण्डल ने होली की पवित्र त्योहार मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेखा जैन ने की तथा संचालन अनीता जैन ने किया। जैन समाज के अनुसार सूखे व हर्बल रंगों द्वारा सौहार्द पूर्वक होली का त्योहार मनाया। रेखा जैन ने बताया कि होली मात्र एक पर्व ना होकर जीवन के विविध रंगों का दर्पण है। होली का प्रमुख आकर्षण इसके रंग है, रंग जीवन में उमंग, उत्साह व ऊर्जा का संचार करते हैं। यह ऋतु परिवर्तन का उल्लास भी है। जब पुष्प अपनी सुगंध से वायुमंडल को सुरभित करते हैं, तब यह रंगोत्सव मानव हृदय के विकारों का दहन और आत्मीयता के रंग से जुड़ जाता है। इस दिन सब एक होते हैं, कोई उच्च-नीच नहीं, कोई पराया नहीं, संकीर्णता से ऊपर उठकर हर मन प्रसन्न हो जाता है। उन्होंने बताया कि होली में केवल रंग ही नहीं, आध्यात्मिकता का संदेश का भी है। जीवन में कठिनाई अस्थाई है, परंतु सद्गुणों का प्रकाश शाश्वत है। जीवन में हताशा, निराशा आती है, लेकिन होली हमें यह सिखाती है कि जैसे रंग से भीगे चेहरे कुछ समय बाद पुनः स्वच्छ हो जाते हैं, वैसे ही जीवन के विषम क्षण भी नष्ट हो जाते हैं। मन यदि निर्मल है, शुद्ध है तो प्रत्येक परिस्थिति में आनंद ही आनंद है। उन्होंने आगे बताया कि इस अवसर पर मन की कटुता को करें और रिश्तो में पुनः स्नेह के रंग भरे। जीवन तभी सार्थक है जब उसमें प्रेम और समरसता के रंग हों। होली पर ईर्ष्या, वैमनस्य, छल कपट और अंतर्मन के कानों में छिपे दुर्भावना पूर्ण नकारात्मक विचारों को त्याग कर प्रेम का गुलाल से सामाजिक सद्भाव व समरसता बरकरार रखते हुए जीवन को प्रेम और आनंद के रंगों से लबालब करने में जुट जाना चाहिए, यही होली की सार्थकता है। इस अवसर पर सीमा जैन, नेहा जैन, अलका जैन, प्रभा जैन, प्रीत जैन, रजनी जैन आदि ने भाग लिया।

### सांवरिया ले चल परली पार... भजन पर झूमे श्याम प्रेमी



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** समस्त श्याम प्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा 7 बी हरगोबिंद नगर में आयोजित किया गया। श्याम प्रेमी अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में आयोजक समस्त 7 बी महिला मंडल ने श्याम पूजन किया। उन्होंने बताया कि श्री खाटू श्याम जी का नाम आज केवल भारत में ही नहीं अपितु दुनिया में फैले करोड़ों हिन्दुस्तानी लोगों की श्रद्धा और विश्वास का नाम है। इस दौरान कैथल के गायक बहादुर सैनी और पिहोवा से जतिन जिंदल द्वारा सुनाए गए भजनों थाली भरकै लाई रै खीचड़ो, सांवरिया ले चल परली पार...., दरबार अनोखा, सरकार अनोखी और श्याम ऐसी कृपा बरसा दो.... इत्यादि पर श्याम प्रेमी मदमस्त होकर झूमे। श्री श्याम आरती में प. महेश भारद्वाज, अरुण गोयल, हरविंदर सिंह, पंकज सिंगला, अमित गर्ग, गौरव गुप्ता, संजय चौधरी, योगेंद्र अग्रवाल, अनुज सिंगला, सतपाल गर्ग, अनिल मित्तल, वीरेंद्र सिंगला, श्याम लाल गुप्ता, संतोष गुप्ता, अजय गुप्ता, चमेली देवी, भतेरी देवी, सुनीता गर्ग, कविता गोयल, मीनू गोयल, सविता शर्मा और स्वीटी मित्तल सहित अन्य श्याम प्रेमी शामिल रहे।






# सरकार की उपेक्षा का शिकार है सरस्वती तीर्थ : विधायक

## विकास की बजाय सरस्वती पर भाजपा ने की राजनीति

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 16 मार्च।** विधायक मनदीप चट्ठा ने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र मां सरस्वती तीर्थ की सरकार अनदेखी कर रही है। सरस्वती का बहता स्वरूप बहाल करने के नाम पर केवल वोट बनाने का काम बीजेपी कर रही है।सरकार के सरस्वती तीर्थ के विकास के दावे सच्चाई इससे कोसों दूर है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विधायक मनदीप चट्ठा ने कहा कि 27 से 29 मार्च तक यहां तीन दिवसीय वार्षिक चैत्र चौदस मेला लगने वाला है। इसमें लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे। सरस्वती की यह दुर्दशा देखकर उनकी धार्मिक भावनाएं आहत होंगी। इस मुद्दे को वे विधानसभा में भी उठा चुके हैं। लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।

मेला बजट को डकारने के अलावा यहां कोई काम नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि मेले में लाखों श्रद्धालु पंजाब से पहुंचेंगे। सरस्वती तीर्थ की सफाई के नाम पर भारी घपला किया जा रहा है। मेले से पहले तीर्थ का जल निकालकर सफाई का काम होता है।इस कम में जानबूझकर देरी की जाती है।बाद में बिना सफाई जल भर दिया जिस है।कागजों में ही सफाई कर दी जाती है। फिटकरी दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि कार्य भी कागजों तक सीमित रहते है।मेले से पहले ओर बाद में कोई दवा नहीं छिड़की जाती। ड्रेन पर टूटा हुआ पुल पिछले लगभग तीन साल से निर्माणाधीन है। उन श्रद्धालुओं को भी 7 से 8 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर आना पड़ेगा। जो सरकार 3 साल में पुल तक नहीं बना पाई। उससे विकास की क्या उम्मीद की जा सकती है।

मनदीप चट्ठा ने कहा कि हरियाणा सरस्वती विकास बोर्ड के नाम पर अलग से करोड़ों रुपए का बजट जारी किया गया। लेकिन पिछले लगभग 10 साल सेइस बोर्ड ने भी कोई काम नहीं किया। सरकारी धन को खुर्दबुर्द करने के लिए बोर्ड बना दिए गए।उन्होंने कहा कि पिहोवा में रिवर फ्रंट के नाम पर ऐसी जगह लाखों रुपए खर्च करके घाट बना दिया गया। जहां ड्रेनेज का निकासी सिस्टम है।

### सरस्वती के नाम पर भाजपा ने की राजनीति

मनदीप चट्ठा ने कहा कि 2009 में कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री सरदार हरमोहिंद्र सिंह चट्ठा ने इस तीर्थ को बहते पानी से जोड़ने का काम शुरू किया था। जिन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से लगभग सवा आठ करोड रुपए का पाइप लाइन प्रोजेक्ट यहां से मंजूर करवाया था। जो झांसा भाखड़ा नहर से पाइप लाइन के जरिए तीर्थ तक पानी लाया गया था। लगभग 26 किलोमीटर के करीब इस लाइन के जरिए यहां तक पानी तो पहुंच गया। लेकिन 2014 में सरकार बदलने के बाद इस योजना को आगे बढ़ाने पर काम नहीं हुआ और निकासी ना होने के चलते यह योजना अब ठप होकर रह गई। 2012 में कांग्रेस सरकार में करीब 67 लाख की लागत से जल शुद्धिकरण यंत्र लगाया गया था। जिसकी क्षमता एक घंटे में 10 हजार लीटर पानी को फिल्टर करने की थी। यह तीर्थ के पानी को फिल्टर करने में एक सप्ताह से भी ज्यादा का समय लेता था। जो इस सरकार में ठप होकर रहा गया। विधायक मनदीप ने सरकार से मांग करते हुएकहा कि महर्षि वाल्मीकि घाट से गांव गलेडवा स्योंसर की तरफ खुदाई करके जंगल के आसपास झील निर्मित की जाए। इससे पानी को निकासी मिलेगी। इसके अलावा मॉडल टाउन के पीछे से गुजर रही सरस्वती नदी जिसे कांग्रेस के टाइम में खुदाई करके बहता पानी छोड़ा गया था। इसके दोनों किनारों को भी ऊंचा उठाए जाने की जरूरत है ताकि ओवरफ्लो के दौरान पानी आसपास की गलियों में ना घुसे। तथा किनारों पर जाल लगाया जाए ताकि कोई भी तीर्थ में गंदगी न डाल सके।उन्होंने कहा कि चैत्र चौदस मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रत्येक सुविधा देना सरकार का दायित्व है। इसलिए समय रहते सभी प्रबंध पूरे किए जाएं।

### गांव भंडारी में हुआ विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का जोरदार स्वागत'

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि विगत 10 सालों में भाजपा की सरकार में जिस तरह से समानता पर जोर देकर विकास कार्य किए गए हैं, यह विकास कार्य निर्बाध रूप से आगे भी चलते रहेंगे। विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार रविवार को जिला पानीपत के गांव भंडारी में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने मंत्री का पगड़ी पहनाकर स्वागत और अभिनंदन भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सहित इसराना विधानसभा में भी विकास कार्यों में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जो निर्णय लिए हैं वे ऐतिहासिक हैं। इन निर्णयों से प्रधानमंत्री ने साबित कर दिया है कि देश और देश की जनता की सेवा ही उनके लिए सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, देश की जनता उसे पूरा करने में अपना भरपूर सहयोग देगी।

# करनाल से हो चुकी कांग्रेस मुक्त भारत की शुरुआत : ज्ञानचंद गुप्ता

जिलाध्यक्ष पद हेतु करनाल से 30 लोगों ने किया नामांकन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 16 मार्च।** रविवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि कल हरियाणा में भाजपा जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी इसके लिए सभी संगठनात्मक प्रकिया पूरी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं मंडल अध्यक्षों की सिफारिश एवं कार्यकर्ताओं से सुझाव लेने के एवं आपसी चर्चा के पश्चात ही इस बारे फैसला लिया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष के लिए आज दोपहर तक का समय निर्धारित था और इस निर्धारित अवधि में करनाल जिला से 30 कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया है।जिसमें से करनाल विधानसभा से 15,घरोंडा से 1, नीलोखेड़ी से 7, असंध से 4 और इंद्री विधानसभा से 3 कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष बनने हेतु आवेदन किया है। उन्होंने इस मौके पर पत्रकारों के सवालों का उत्तर देते हुए कहा कि देश कांग्रेस से मुक्त हो चुका है और इस की शुरुआत करनाल से हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार करनाल लोकसभा एवं करनाल की सभी 9 विधानसभाओं में हुई कांग्रेस की हार और इसी प्रकार करनाल में मेयर चुनाव में एवं करनाल के पार्षद पद के 20 वार्डों में से 15 वार्डों पर भाजपा की जीत यह दर्शाती है देश से कांग्रेस की विचारधारा समाप्त हो चुकी है। इस मौके पर उनके साथ कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता के अतिरिक्त जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार, जिला आई टी प्रमुख विकास कथूरिया,पवन वालिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सुरेश जागलान सहित अन्य मौजूद रहे।

# 6 करोड़ की लागत से बनेगा नारायणा फाटक रेलवे अंडर पास

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 16 मार्च।** नारायणा रेलवे फाटक के अंडरपास का निर्माण कार्य 20 मार्च से शुरू होने वाला है। जो छह करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। जिसके चलते रोजाना विभिन्न गांवों व बस्तियों, वार्डो को जाने वाले हजारों वाहनों व राहगीरों को 20 फरवरी से नगर के मुख्य बाजारों सहित अन्य रास्तों से निकाला जाएगा। रेलवे विभाग ने इसको लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है। दिल्ली-अम्बाला रेलवे ट्रेक सबसे अधिक व्यस्त रहता है। रोजाना सौ से अधिक ट्रेनों का ट्रेक पर आवागमन होता है। कई बार तो चार से कई गाड़ियां एक साथ गुजरतीं है। जिसके कारण नारायणा रेलवे फाटक लंबे समय तक बंद रहता है। फाटक के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। नारायणा रोड रेलवे फाटक पर अंडरपास बनने से हजारों लोगों को इसका लाभ होगा और जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। वहीं अंडरपास के बीच में डिवाइडर बनाए जाएंगे। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

नारायणा रेलवे रोड फाटक पर अंडरपास बनने से हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। रोज लगने वाले जाम के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अंडर पास बनने से लोगों को सहूलियत मिलेगी।

नारायणा रेलवे फाटक पर 120 मीटर लंबा, करीब 6 मीटर ऊंचा और करीब 8 मीटर चौड़ा अंडर पास बनाने का निर्माण कार्य 20 फरवरी से शुरू होने वाला है। रेलवे विभाग के अधिकारियों की मानें तो करीब 9 से दस महीने में अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**अंडर पास बनने से लोगों को मिलेगी सहूलियत:** नारायणा रेलवे रोड फाटक पर अंडरपास बनने से हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। रोज लगने वाले जाम के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अंडर पास बनने से लोगों को सहूलियत मिलेगी।

**गेहूं का सीजन में किसानों को होगी परेशानी:** जल्द ही गेहूं का सीजन शुरू होने वाला है। गेहूं के सीजन के चलते अनाज मंडी में रोजाना सैक?ों किसान अपनी फसल लेकर इस रास्ते से गुजरते है। अगर ऐसे में 20 मार्च से काम शुरू होता है तो स्थानीय किसानों को लंबा रास्ता तय कर अनाज मंडी में अपनी फसल लेकर पहुंचना पड़ेगा। जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वही वही शरणपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गेहूं के सीजन को देखते हुए किसानों को होने वाली असुविधा के मद्देनजर रेलवे अंडरपास निर्माण कार्य देरी से शुरू किया जाएगा। निर्माण कार्य को लेकर विचार विमर्श कर जल्दी कोई उचित फैसला लिया जाएगा।

# फंदे से लटका मिला था शव, परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए कर दिया था दफन

डयूटी मजिस्ट्रेट व डॉक्टरों की मौजूदगी में शव को कब्रिस्तान से निकाला गया

पोक्सो एक्ट के तहत साहा थाना में था मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराडा/साहा।** बराड़ उपमंडल के गांव धुराला में शुक्रवार को होली वाले दिन फंदे से लटके मिले नाबालिग के शव मामले ने तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव को आनन-फानन में दफना दिया था। जैसे ही शनिवार पुलिस को सूचना मिली तो बराड़ डीएसपी सुरेश कुमार, ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार हरिओम व डॉक्टरों की टीम की मौजूदगी में दफनाए गए शव को बाहर निकाला गया। शव को अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है, जहां फोरेंसिक एक्सपर्ट द्वारा रविवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। रिपोर्ट में खुलासा होगा कि आखिर यह हत्या है या फिर आत्महत्या। बताया जाता है कि नाबालिग की शिकायत पर साहा थाने में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। अभी उस मामले की जांच गठित एसआईटी द्वारा की जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतका की एक बड़ी व एक छोटी बहन है।

**यह था पूरा मामला:** दरअसल, 14 फरवरी को साहा पुलिस थाने में धुराला गांव की एक नाबालिग ने शिकायत देते हुए आरोप लगाए थे कि उनकी दो बहनें साहा में ही काम करती थी। 12 फरवरी को उनकी बहनों के पास फोन आया कि आज जन्मदिन की पार्टी है, इसलिए देर तक रुकना। दोनों नाबालिग बहनें दो दिन तक घर नहीं आई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह दो दिन बाद घर आई तो काफी घबराई हुई थी। पूछने पर बताया कि उनके साथ सामुहिक दुष्कर्म हुआ है। साहा पुलिस ने इस शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

-सूचना मिली थी कि एक नाबालिग ने सुसाइड कर लिया है और घर वालों ने बिना पोस्टमार्टम व पुलिस को सूचना दिए शव को दफना दिया था। जबकि मृतका की तरफ से गत माह साहा थाने में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया गया था। उसी मामले में एसआईटी भी जांच कर रही है। शनिवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट व डॉक्टरों की मौजूदगी में शव को कब्रिस्तान से निकाला गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हालांकि फोटो देखने पर गले पर निशान मिले हैं जो फंदे के लग रहे हैं।

-सुरेश कुमार, डीएसपी बराड़ा

# शास्त्रों में भी अन्न दान का महत्व बताया गया है : किशोर नागपाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**करनाल, 16 मार्च।** श्री सावन जोत सभा करनाल द्वारा हर महीने की भांति इस बार भी पर विशाल भंडारे का आयोजन स्टैंडर्ड ट्रैक्टर पुराना जीटी रोड करनाल पर किया गया जिसमें हजारों की संख्या में आते जाते राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया सभा के प्रधान किशोर नागपाल ने कहा हमारी सभा द्वारा हर महीने की पूर्णिमा पर विशाल भंडारे का आयोजन करती है पूर्णिमा होली के कारण रविवार भंडारा लगाया गया शास्त्रों में भी अन्न दान को सबसे श्रेष्ठ बताया गया है इंसान को अपने जीवन में पुण्य कार्य करते रहना चाहिए क्योंकि कहा गया है नर सेवा ही नारायण सेवा है इंसान द्वारा किया गया नेक कार्य फलीपुत होता है उसकी आने वाली पीढ़ी को भी उसका फल मिलता है इस मौके पर सभा के चेयरमैन कैलाश सचदेवा प्रधान किशोर नागपाल सचिव जतिंदर कटारिया अजय दीवान रघुवीर सिंह अजीत सिंह ऋतु वर्मा सतपाल शर्मा लव सेतिया पुनीत शर्मा रवि कठपाल भारत भूषण लूथरा गगन चावला उमेश सचदेवा मुकेश कुमार सेवा में उपस्थित थे।

### महाराजा अग्रसैन भवन ने मल्टीपरपज कम्यूनिटी सैंटर के रूप में पहचान बनाई: बंसल

**करनाल (शैलेंद्र जैन)।** वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा होली का रंगोत्सव बडे हर्षोल्लास के साथ अपने सैक्टर 8 स्थित नव निर्मित विशाल महाराजा अग्रसेन भवन में फूलों की होली के रूप में मनाया जिसमें ट्रस्ट के सदस्यों व परिवारजनों ने बढचढ कर भाग लिया। उत्सव की बिशेषता रही कि इसमें मात्र फूल,गुलाल,चंदन से होली खेली गयी और जल अथवा हानिकारक रंगों का प्रयोग नही किया गया व समस्त उपस्थित समुदाय ने होली के परिचित गीतों की धुनों पर नृत्य संगीत व स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद बडे सौहार्दपूर्ण वातावरण में लिया। ट्रस्ट के प्रधान व लिबर्टी ग्रुप के एम डी श्र शम्मी बंसल ने सभी सदस्यों व परिवारजनों को महान पर्व की शुभकामनाऐ व भवन के बारे में जानकरी दीं,सचिव डॉ पी के जैन ने मंच संचालन और श्री विनोद गुप्ता ने समस्त आगंतुकों का धन्यवाद किया।

# सांसद सुभाष बराला ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौंसला

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 16 मार्च।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने जय बाबा शक्करपुरी क्लब और गाँव खानौरा के समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित पहले कबड्डी कप में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। यह आयोजन ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहित करने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पर सांसद सुभाष बराला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति की पहचान हैं और हमें इन्हें बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से खेलों में रुचि लेने और नशे से दूर रहने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान सांसद सुभाष बराला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी न केवल हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, बल्कि यह युवा पीढ़ी को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने में भी सहायक है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाने में सहायक सिद्ध होता है।

इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए हरियाणा सरकार की खेल नीति पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि राज्य सरकार द्वारा लागू की गई खेल नीति के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि हरियाणा सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें खिलाड़ियों को आर्थिक प्रोत्साहन, आधुनिक खेल सुविधाओं का विकास और प्रतिभाशाली युवाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल है। उन्होंने बताया कि इसी खेल नीति का परिणाम है कि आज हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार न केवल खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, बल्कि उन्हें सरकारी नौकरियों में भी आरक्षण दिया जा रहा है ताकि वे खेलों के साथ-साथ अपने भविष्य को भी सुरक्षित कर सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए नए स्टेडियम, खेल अकादमियां और प्रशिक्षकों की नियुक्ति भी इस नीति का हिस्सा हैं।

सांसद सुभाष बराला ने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस नीति का लाभ उठाएं और खेलों को अपने करियर के रूप में अपनाने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और अनुशासित जीवन के लिए खेलों का महत्व सर्वोपरि है और सरकार इसके लिए हर संभव समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

टूर्नामेंट में विभिन्न गांवों की टीमों ने हिस्सा लिया और दर्शकों ने जोरदार उत्साह के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। सांसद बराला ने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, पंचायत सदस्य, युवा खिलाड़ी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक कृष्णा गहलावत ने राई-नांगल कलां-बढ़मलिक गांवों को दी विकास की नई सौगात

# विकास के मामले में राई विधानसभा को बनायेंगे हरियाणा की नंबर-एक विधानसभा : कृष्णा गहलावत

**नव निर्वाचित मेयर राजीव जैन के साथ राई में विकास के विभिन्न कामों को किया लोकार्पित**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई/सोनीपत। राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने राई-नांगल कलां और बढ़ मलिक गांवों को विकास की नई सौगात दी। उन्होंने नव निर्वाचित मेयर राजीव जैन के साथ राई में विभिन्न विकास कार्यों को लोकार्पित किया। विधायक ने नांगल कलां में भी विकास कार्यों का उद्घाटन किया और बढ़ मलिक में चौदह लाख रुपये की लागत से बनाई जाने वाली गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

विकास की प्रतिमूर्ति कृष्णा गहलावत लगातार राई हलके में विकास की नई गाथा लिख रही हैं। उन्होंने रविवार को भी हलके के विभिन्न गांवों में विकास को मजबूती प्रदान की। राई गांव में आयोजित लोकार्पण समारोह में नव निर्वाचित मेयर राजीव जैन भी साथ रहे। राई गांव में बारह लाख रुपये की लागत से बनाई गई फिरनी, बाइस लाख रुपये की लागत से सीवरेज सिस्टम की स्थोपना तथा सत्रह लाख रुपये की लागत स्थोपित ओपन जिम व शैड और तेरह लाख रुपये की लागत से गांव के विद्यालय में निर्मित करवाये गये सभागार को लोकार्पित किया।इस दौरान विधायक कृष्णा गहलावत ने नांगल कला गांव में



करीब पचास लाख रुपये की लागत से सामान्य चौपाल और पच्चीस लाख रुपये की लागत से पार्क की चारदिवारी के निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रमों में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास के कामों में कोई कमी नहीं रहेगी। विकास के नये आयाम स्थानपित करेंगे। राई हलके का विकास शहरी तर्ज पर करवाया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण अंचल पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है।

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि राई विधानसभा को विकास के मामले में हरियाणा की नंबर-एक विधानसभा बनायेंगे, जिसका खाका तैयार है। मूल सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए विकास को गति प्रदान की गई है। हलकावासियों की सभी मांगों को पूरा करवाते हुए समस्याओं का तीव्र गति से समाधान करवाया जा रहा है। राई एक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विधानसभा बनाई जा रही है। इस अवसर पर मेयर राजीव जैन ने भी कहा कि राई को ऐसी विधायक मिली है जो विकास की मूरत कही जाती है। कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में निःसंदेह राई का विकास एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें नगर निगम की ओर से भी हर संभव सहयोग दिया जाएगा।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष निगम पार्षद पुनीत राई, बीडीपीओ सुरेंद्र आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## गन्नौर के युवा पढ़ाई के साथ खेलों में भी कर रहे है सफलता हासिल : विधायक देवेंद्र कादियान

**ऑल इंडिया ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में उमेदगढ़ के विकास ने जीता सिल्वर मेडल**

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। बरेली के महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिल खंड विश्वविद्यालय में 17 से 22 फरवरी तक हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ग्रेपलिंग रेसलिंग (कुश्ती) प्रतियोगिता में उमेदगढ़ के पहलवान विकास ने सिल्वर मेडल जीता। इस उपलब्धि पर रविवार को गांव के राजकीय स्कूल ग्राउंड में सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने विकास को सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक देवेंद्र कादियान का फूलमाला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कादियान ने कहा कि गन्नौर के युवा पढ़ाई के साथ खेलों में भी सफलता हासिल कर रहे हैं।



खिलाड़ी देश और समाज की शान होते हैं। वे पदक जीतकर राष्ट्र का गौरव बढ़ाते हैं। इसलिए सभी को खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाना चाहिए। विधायक ने बताया कि उनकी देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी कई वर्षों से मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है। उन्हें उम्मीद है कि विकास कड़ा अभ्यास कर भविष्य में देश के लिए खेलेगा। उन्होंने युवाओं को खेल भावना के साथ खेलने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी।

इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के भाई माईराम कौशिक, खरखौदा विधायक पवन, सोनीपत विधायक निखिल मदान ने भी विकास का स्वागत किया। कार्यक्रम में टिंकू, डॉ. करतार, सोनू त्यागी, दिनेश त्यागी, राजकुमार मित्राव, नवीन मास्टर, सत्यवान रंगा, रामनिवास सहित कई लोग मौजूद रहे।

## राजपुर गौशाला समिति का वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित, लगाया भंडारा



**हरियाणवी कलाकार आर सी उपाध्याय एंड पार्टी ने रागनियों से करवाया मनोरजंन**

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। राजपुर गांव स्थित राजपुर गौशाला समिति का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में गौ सेवा आयोग के सदस्य राकेश मलिक, बिजेन्द्र सरोहा पांची जाटान, स्वामी अमृतान्रद प्रचारक एवं सेवा भारती हरियाणा के प्रांत उपाध्यक्ष, सुधीर होटल्स के निदेशक सुधीर खापरा के अलावा गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में हरियाणवी कलाकार आर सी उपाध्याय, आरती जागड़ा की टीम ने हरियाणावी रागनियों से लोगों का मनोरंजन करवाया और गायों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का गौशाला सेवा समिति के संस्थापक राजेश राठी आईटीबीपी इंस्पैक्टर, जोगेन्द्र राठी, प्रधान इन्द्रजीत, महासचिव नरेश, प्रधानाचार्य सतपाल राठी, सूरजमल राठी, कर्मबीर, ओमपाल, सुरेन्द्र मोर लडसौली आदि ने पगड़ी पहनाकार व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। गौ सेवा आयोग के सदस्य राकेश मलिक ने कहा कि गऊशाला को आप जैसे दानियों के सहयोग की जरूरत है। समिति सदस्यों ने बड़ी मेहनत से गऊशाला में गायों की सेवा के लिए बेहतर कार्य किया है। इसके अलावा आयोग की तरफ से गायों के लिए सहयोग किया जाता है। समाजसेवी बिजेन्द्र सरोहा ने कहा कि भारत देश ऋषि मुनियों, तपस्वियों और वीरों की भूमि है। प्राचीन काल से ही हिदू धर्म के लोग गोमाता की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझते हैं। वर्तमान में भी लोगों को गोमाता की सेवा करनी चाहिए। गौशाला में लगाए विशाल भंडारें में काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद गहण किया।

**गऊशाला के दानियों का सेवा समिति ने जताया आभार**

गऊशाला के वार्षिकोत्सव में गायों के लिए दान देने वाले राजपुर गांव के इन्द्रजीत ने 3 लाख, राजपुर के प्रदीप राठी ने 2 लाख 53 हजार, सतापाल राठी प्रिंसिपल 1 लाख 21 हजार, दिल्ली से व्यापारी राजेश कत्याल ने 2 लाख 51 हजार, अमित राठी ने अपनी पत्नी स्वर्गीय पिंकी को श्रद्धाजलि देते हुए 1 लाख रूपयें, सुधीर खापरा ने गऊशाला का मासिक सदस्य खर्च के अलावा 11 हजार, विरेन्द्र दहिया ने 51 हजार रूपयें दान दिया। सभी का समिति सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।

## लड़कियों की पलवल की टीम ने चरखी दादारी की टीम को 45-38 से पराजित कर फाइनल मैच जीता

### कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार व विधायक देवेन्द्र कादियान ने विजेताओं को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गांव चिरस्मी के राजकीय स्कूल में दो दिवसीय हरियाणा राज्य स्तरीय सीनियर नैशनल स्टाईल कबड्डी प्रतियोगिता पुरूष एवं महिला सम्पन हुई। प्रतियोगिता के फाईनल में लड़कों की टीम ने की टीम को पराजित कर किया, जब कि लड़कियों की टीम के फाईनल में पल्लव की टीम ने चरखी दादरी की टीम को 45-38 के अंतर से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए ट्राफी पर कब्जा किया। सेमीफाईल में लड़कियों की टीम में दादरी की टीम ने हिसार की टीम को 36-25 के अंतर से व पल्लवन ने भिवानी की टीम को 34-20 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लड़कों की टीम के सेमीफाईनल में सोनीपत की टीम ने रोहतक को 36-24 के अंतर से व भिवानी ने कैथल को अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। विजेता टीमों को मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री एवं एम्योचर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व मंत्री पंवार का पहुंचने पर एम्योचर कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप दलाल, सचिव नसीब, जिलाध्यक्ष बलबीर पहल आदि ने स्वागत किया। मंच का संचालन प्राध्यापक जगबीर ने किया।



**फेडरेशन के प्रयास से खेलो को बढ़ावा मिल रहा है: कादियान**

विधायक देवेन्द्र कादियान ने कहा कि मंत्री पंवार फेडरेशन से जुड़े है और खेलो को बढावा देते है। पंवार के फेडयरेशन में होने पर खेलो को बढ़ावा मिल रहा है। लड़कियां भी खेलो में नाम रौशन कर रही है। इन्ही खिलाड़ियों में से बहुत सारे खिलाड़ी प्रो कबड्डी में देश के लिए खेलेंगे। कादियान ने कहा कि सरकार की खेल नीति के बेहतर परिणाम सामने आ रहे है।

**खेलो को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार और नर्सरीयां खोलेगी: पंवार**

विजेता टीमों को मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री एवं एम्योचर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि स्वर्गीय जर्नाधन गहलोत के चरणों में नमन करता हुं, जिनकी बदोलत पूरे हिन्दूस्तान में कबड्डी जीवित है। समय-समय पर जूनियर, सीनियर,सर्कल कबड्डी का आयोजन करवाते रहते है। प्रदेश के बेटो व बेटियों को आशीर्वाद देता हुं, एशियाई में लड़के व लड़कियों के स्वर्ण पदक आए थे। जिसमें 50 प्रतिशत लड़के व लड़कियां हरियाणा प्रदेश के थे। पिछ्ले सप्ताह में ईरान में हुए एशियन खेलो में हिन्दूस्तान की लड़कियां गोल्ड लेकर आई। जिसमें हमारे हरियाणा प्रदेश की तीन बेटियां था। एशियाई व एशियन खेलो में सबकी निगाह हरियाणा के खिलाडियों पर होती है कि मैडल आएगा तो हरियाणा प्रदेश की बेटियां लेकर आएगी। खेलो को प्रदेश सरकार बहुत बढ़ावा दे रही है। खेलो को बढ़ावा देने के लिए नायब सिंह सैनी सरकार 1500 खेल नर्सरीयां दी थी और अब और भी देने जा रहे है। बच्चे नर्सरी से तैयार होकर ओल्मिपक व एशियन गेमों तक जाए, ऐसा प्रदेश सरकार का प्रयास है। खिलाड़ियों को सरकार अवार्ड व नौकरी भी दे रही है।

## बस में चाकूओं से गोदकर हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने बाईपास रोड सेक्टर 37 पर चाकू से गोंदकर दीपक की गई हत्या के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी ओम चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। 15 मार्च को आकाश वासी मोलडबंद दिल्ली की शिकायत पर उसके भाई दीपक की हत्या करने के संबंध में थाना सराय ख्वाजा में मामला दर्ज किया गया था, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाए कि 14/15 मार्च की रात को उसके भाई दीपक की बाईपास रोड सेक्टर 37 पर एक बस के अंदर चाकू से गोंदकर हत्या कर दी गई है।

सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि अपराध शाखा की टीम ने ओम चौहान वासी जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार मोलडबंद दिल्ली को तकनीकी सहायता व मुखबर खास की सूचना पर गिरफ्तार किया है।

उन्होंने आगे बतलाया कि मृतक व आरोपी नशे के आदी हैं, मृतक दीपक आरोपियों को तंग रखता था तथा पैसे लाने के लिए दबाव बनाता रहता था। इसी बात को लेकर आरोपी परेशान रहते थे। जिस पर 14/15 मार्च की रात को उसने अपने साथी के साथ मिलकर बाईपास रोड पर एक बस में दीपक की चाकू से गोंदकर हत्या कर दी। आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

## कार से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोनीपत।** जिले के थाना खरखौदा की पुलिस टीम ने कार से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र नफे निवासी गाँव कुण्डल जिला सोनीपत हाल जैन नगर, नरेला दिल्ली का रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 15 मार्च को सागर पुत्र नफे निवासी गाँव कुण्डल जिला सोनीपत नें थाना खरखौदा में शिकायत दी कि दिनाँक 14 मार्च को तकरीबन 7 पर मुझे सूचना प्राप्त हुई कि मेरे बडे भाई नीरज पुत्र नफे निवासी गाँव कुण्डल के साथ गाँव निजामपुर पीर बाबा के पास झगड़ा हुआ है। सुचना पाकर मै मौके पर आया तो मेरे भाई नीरज ने बताया कि थोडी देर पहले मैं और मेरे दोस्त अरविन्द पुत्र दिलबाग व पवन पुत्र किशनपाल निवासी गाँव सैदपुर पीर बाबा के नजदीक बैकर पार्टी कर रहे थे तभी हमारे गाँव का दीपक पुत्र अशोक निवासी गाँव कुण्डल अपनी कार को लेकर आया और वहां रोक कर हमारे पास आकर कहने लगा कि तुम ने मुझे क्यो नही बुलाया और इस बात को लेकर आपस में कहा सुनी हो गई और वह मार पिटाई करने लगा जो शराब के नशे में प्रीतत हो रहा था और दीपक ने अपनी कार से मेरे भाई को पीछे से काफी तेज टक्कर मारी और वहाँ से भाग गया।

## नशे जैसी बुराई को जीवन से बाहर करने का प्रतीक है बकेट चैलेंज : एनसीबी हरियाणा

**नशे के विरुद्ध विभिन्न स्थानों पर प्रतिष्ठित लोगों के साथ साथ विभिन्न संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे, के दिशानिर्देशों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुँच रहा है। युवा, खिलाड़ी, समाज के प्रतिष्ठित लोग और सामान्य जन इस आंदोलन में सहभागिता कर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रहे है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा गाँव गाँव और शहर शहर में नशे के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन छेड़ा गया है। इस कड़ी में आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा बकेट चैलेंज के साथ जन



जन को जोड़ा जा रहा है ताकि यह एक आंदोलन के रूप में लोगों के मस्तिष्क और आत्मा में आत्मसात होकर नशा मुक्त भारत के स्वप्न को साकार कर सके।

उच्चाधिकारियों के आदेश से आज सोनीपत में यह कार्यक्रम हुए। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी, उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में गणमान्य लोगों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी, उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि यदि नशा मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को देती। उन्होंने बताया कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5918 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुंचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3330 अभियोग अंकित कर 5201 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। इसके साथ कोई नया व्यक्ति इस नशे की दलदल में न फंसे इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की गयी है और वह है नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम, नून लौटा के माध्यम से शपथ, बकेट चैलेंज, राम गुरुकुल गमन मंचन आदि।

डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा एमएएनएएस पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं।

## दुकानों के सामने भरा दूषित पानी बना मुसीबत

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। बेगा रोड पर नालों की सफाई न होने के कारण नाले ओवरफ्लो हो गए हैं, जिससे सड़क पर दूषित पानी भर गया है। इस समस्या के कारण वाहन चालक और दुकानदार प्रभावित हो रहे हैं। दुकानों के सामने भरे दूषित पानी से व्यापार पर असर पड़ रहा है। हर समय दूषित जमा पानी से बदबू आती रहती है और बीमारी होने का खतरा बना रहता है। दुकानदार राकेश, सुरेंद्र छिक्कारा, मुन्ना, आर्यन, सजंय, आशु व सचिन ने बताया कि बेगा रोड़ पर कई महीनों से नालों की सफाई नहीं हुई है। जिससे ओवरफ्लो हुए नालों का दूषित पानी सड़कों पर जमा हो गया है। पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ने बताया कि वह इस बारे में नगरपालिका सफाई निरीक्षक पोषण मलिक को भी अवगत करवा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। सफाई निरीक्षक उन्हें यह कह कर भेज देते है कि उनके पास पर्याप्त सफाई कर्मचारी नही है। आरोप है कि कई बार सीएम विंडो पर शिकायत देने के बाद भी कोई समाधान नही हो रहा। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका से जल्द से जल्द बेगा रोड पर नालों की सफाई कराकर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### PUBLIC NOTICE

i SUNITA W/O SH SACHIN GUPTA RESIDENCE AT SHIV COLONY, BITNA. PINJORE, KALKA, PANCHKULA, HARYANA declare that I was traveling from PINJORE to KLAKA TEHSIL on 02.01.2025, I lost my SALE DEED vide Regn Enty No-4813, dated 02.03.2012 at KALKA, TEHSIL, KALKA, PANCHKULA, HARYANA. I have also filed a DDR LR NO-132350612500076 ONLINE DATED-02.1.2025. But till date I have not obtained any response in this regard. I understand that the issuance of a SALE DEED voids the SALE DEED, and if I do manage to recover or find the SALE DEED, it must immediately be surrendered to concerned authority.

10483

**दि बैंक ऑफ इंडिया इम्पलॉइज कोपरेटिव हाउस बिल्डिंग (फर्स्ट) सोसाइटी लि.**
पंजीकृत कार्यालयः प्लाट सं. 6, स्टार इन्कलेव, सेक्टर 48-सी,चंडीगढ़
दिनांकः 17.03.2025

### चुनाव सूचना

दि बैंक ऑफ इंडिया इम्पलॉइज कोपरेटिव हाउस बिल्डिंग (फर्स्ट) सोसाइटी लि. चंडीगढ़ के सभी सदस्यों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सोसाइटी की प्रबंधन समिति का चुनाव 04.03.2025 को प्रातः 10.30 बजे से दोप. 12.30 बजे के मध्य सोसाइटी के कार्यालय केसमीप आयोजित किया जाएगा। सोसाइटी का विस्तृत चुनाव कार्यक्रम सोसाइटी के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है। सभी सदस्यों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का निवेदन किया जाता है।

जेपीएस जामवाल
अध्यक्ष

AP-10482

## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98140-19928
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**ऋण**

Equitas Small Finance Bank Solution Limited
(1995 से आपके सेवा में )
सरकारी योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, एग्रीकल्चर, ईट भट्ठा, बिज़नेस, होमलोन, सभी लोन
50000 - 95 लाख तक घर बैठे 72 घंटे मे पाएं
सरकारी कर्मचारी , महिलाओं हैंडीकैप्ड को भारी छूट
2 % ब्याज सालाना
40 % की छूट
70 लाख संतुष्ट ग्राहक
नोट : नार्मल डाक्यूमेंट्स और नेगेटिव एरिया और ख़राब सिविल स्कोर पर भी लोन उपलब्ध
9335436289, 9064554675

**सार्वजनिक सूचना**

**मैं,** Vatsal कुमार पुत्र बिन्द्रा बन वासी मकान नं 33 सैक्टर-11, हुडा, पानीपत ने अपना नाम बदलकर Vatsal सिंगला रखा है।

I Maya Devi Legally Mother Of Jc 482086f Sub (Hony Lt) Durga Parshad 17 Rajput C/O 56 Apo. Home Address : #205/2 New Colony-2 Khuda Lahora Sector 14 Po, Chd, Chandigarh Pin 160014. I Have Changed My Name From Mayavati Devi To Maya Devi And Changed My Dob From 01/07/1957 To 01/01/1951 In My All Documents Wide Affidavit Uid 4706 98233514 Dated 12 Mar 2025 Notary Govt Of India Chandigarh (Ut) Before.
एपी-10479

**मैं,** तेजबीर पुत्र जोगीराम, निवासी गांव दुब्बल, तहसील कलायत एवं जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरे बेटे इशांत सहारण के दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र में मेरा नाम गलती से तेजवीर (Tejveer) लिखा हुआ है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम तेज़बीर (Tejbir) है इसीलिए मेरा नाम मेरे बेटे के प्रमाण पत्र में सही किया जाए में इस बात की पुष्टि करता हूं।

**मैं,** Atul Chaudhry पुत्र सुशील कुमार निवासी 452ए/9 चौधरी मोहल्ला, नजदीक अन्नपूर्णा मंदिर, कैथल (हरियाणा) भारत , अपना नाम Atul Chaudhry से बदलकर Atul Chaudhary रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-10480

**मैं,** राम प्यारी पत्नी श्री ओम प्रकाश निवासी गांव बुआना लाखु, तहसील इसराना, जिला पानीपत ब्यान करती हूं कि मेरे पति की सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्म तिथि 02.05.1948 दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड मे मेरी जन्म तिथि 01.01.1946 दर्ज है। जो कि सही व दुरूस्त है।
एपी-10481

**मैं,** कोमल खन्ना पत्नी रमेश कुमार तुली निवासी निसिंग उप तहसील जिला करनाल की हूं जो कि मैं निम्न ब्यान करती हूं कि मेरा सही नाम कोमल खन्ना है जो कि मेरे दस्तावेज में गलती से कोमल लिखा गया है मेरा नाम कोमल खन्ना रखना है इसलिए मुझे भविष्य में कोमल खन्ना के नाम से ही जाना जावे जो की सही वा सत्य है।
एपी-10484

**मैं,** पूनम पत्नी मोहिंदर प्रताप निवासी फ्लैट नं. बी-206, एडब्ल्यूएचओ विक्रम विहार, सेक्टर 27, पंचकुला, हरियाणा, ने अपना नाम पूनम से बदलकर पूनम प्रताप रख लिया है।

**मैं,** पीयूष पुत्र गुलशन कुमार निवासी मकान नंबर 1186 दशमेश नगर नाडा रोड नवागांव मोहाली ने अपना नाम पियूष से बदलकर पीयूष भारद्वाज रख लिया है।
एपी-10485

**मैं,** Uganti Devi Meena पत्नी आर्मी नं. JC-392987M Nb Sub Navaratn Lal Meena पत्नी Asan, Muhi, Dausa, Rajasthan - 303323 जिला सत्र अदालत हायर के एफिडेविट दिनांक 17.03.2025 अनुसार अपना नाम Uganti Devi Meena से बदलकर Uganti Devi व जन्मतिथि 01 Jul 1984 से बदलकर 02 May 1984 करवा रही हूं।
एपी-10486

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**अर्थ प्रकाश**
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभान्वीत करें

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की ओर से शहीद स्मारक के लोगो के लिए प्रविष्टियां की गई आमंत्रित: बिजेंद्र कुमार

चयनित लोगो डिजाइन करने वाले को मिलेगा एक लाख का इनाम

इच्छुक व्यक्ति, डिजाइनर, कलाकार व आमजन 1 अप्रैल तक भिजवा सकते हैं प्रविष्टियां

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आजादी की पहली लड़ाई में शामिल और शहीद हुए लोगों और वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने हेतु अम्बाला कैंट के नजदीक अंबाला-नई दिल्ली नेशनल हाईवे-एनएच 44 पर 22 एकड़ भूमि पर एक भव्य और विशाल शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से महानिदेशक केएम पांडुरंग के मार्गदर्शन में इस शहीद स्मारक के लिए प्रतीक चिन्ह (लोगो) तैयार करने हेतु इच्छुक व्यक्ति, डिजाइनर, कलाकार एवं आमजन से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। जिस व्यक्ति के प्रतीक चिन्ह (लोगो) का चयन होगा उसे विभाग की ओर से एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। प्रविष्टियां भेजने की अन्तिम तिथि 1 अप्रैल 2025 को सायं 5 बजे तक है। प्रतिभागी को अपनी प्रविष्टियां भेजते समय निर्धारित नियमों एवं शर्तों का पालन करना होगा।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा तथा संवाद सोसायटी के अधिकारियों और कर्मचारियों को छोड़कर सभी प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां एस. सी.ओ. नं. 200-201, सेक्टर 17-सी, चंडीगढ़ कार्यालय में अन्तिम तिथि 1 अप्रैल 2025 को सायं 5 बजे तक भिजवा सकते हैं। इसके बाद कोई भी प्रविष्टि मान्य नहीं होगी। प्रविष्टि 1857 की क्रांति (भारत की आजादी की पहली लड़ाई) की थीम पर ही आधारित होगी। उन्होंने बताया कि प्रतीक चिन्ह में ग्राफिक एलिमेंट, आइकॉन, शेप, कलर, बैकग्राउंड, फोंट ले आउट इत्यादि रहने चाहिए। प्रतीक चिन्ह ऐसा हो जो स्मारक की पहचान को दर्शाता हो। प्रतीक चिन्ह प्रेरणादायक होना चाहिए। प्रतीक चिन्ह क्लासिक, विंटेज व मॉडर्न किसी भी प्रकार का बनाया जा सकता है। प्रतीक चिन्ह में मोनोग्राम, वर्ड मार्क्स, हिस्टोरिक मार्क्स, एबस्ट्रेक्ट मार्कस भी हो सकते हैं किन्तु यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रतीक चिन्ह सिंपल, मेमोरेबल, रिलेवेंट, टाइमलेस व वर्सेटाइल हो।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि प्रतिभागी अपने प्रतीक चिन्ह के ऊपर कोई वाटर मार्क नहीं डालेगा यानी प्रतीक चिन्ह के ऊपर कुछ नहीं लिखेगा। प्रतीक चिन्ह भेजने की अन्तिम तिथि 1 अप्रैल 2025 को सायं 5 बजे तक होगी। सभी प्रतीक चिन्ह हाई रेजोल्यूशन में हो और नीचे उल्लेखित कैप्शन के साथ तकनीकी दृष्टि से सुदृढ़ होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस प्रतीक चिन्ह का चयन होगा वह सरकार की संपत्ति मानी जाएगी और सरकार उस प्रतीक चिन्ह का कहीं भी उपयोग करने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र होगी। प्रतीक चिन्ह भेजने वाले प्रतिभागी का इस पर कोई अधिकार नहीं रहेगा। कोई भी प्रतीक चिन्ह कॉपीराइट नहीं नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी पर आयु और राष्ट्रीयता की कोई पाबन्दी नहीं है परन्तु थीम 1857 की क्रांति (भारत की आजादी की पहली लड़ाई) पर ही आधारित होनी चाहिए। सभी प्रतीक चिन्ह पर प्रतिभागी के हस्ताक्षर होने चाहिए और प्रतीक चिन्ह (लोगो) का साईज 12×15 होना चाहिए। प्रतिभागी को अपनी प्रविष्टि व प्रतीक चिन्ह ई-मेल पर भी भेजनी होगी। भेजे जाने वाले प्रतीक चिन्ह का पूर्व में प्रकाशन व प्रदर्शन न हुआ हो। प्रतिभागियों द्वारा अपनी प्रविष्टि व्यक्तिगत ई-मेल से उपरोक्त ई-मेल पते पर भेजनी होगी। प्रत्येक प्रतीक चिन्ह जेपीजी-जेपीईजी फॉर्मेट में अपलोड किया जाए और इसका साईज 10 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए प्रतीक चिन्ह हस्ताक्षरित एवं पूर्ण भरे हुए रजिस्ट्रेशन और डिक्लेरेशन फॉर्म के साथ भेजे जाएं। एक बार प्रविष्टि मेल अथवा डाक द्वारा भेजे जाने के बाद उसमें कुछ भी बदलाव, निरस्तीकरण तोड़ना मान्य नहीं होगा।

### कमेटी द्वारा किया जाएगा प्रतीक चिन्ह का चयन

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के पास बिना किसी कारण अथवा स्पष्टीकरण के किसी भी प्रतिभागी की प्रविष्टि को अयोग्य और निकालने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। प्रविष्टि अथवा प्रतीक चिन्ह में कोई भी व्यावसायिक सामग्री नहीं होनी चाहिए जो किसी भी उत्पाद या सेवा को बढ़ावा दे। बिना पूर्व सूचना के आवश्यकता पड़ने पर आयोजक के पास प्रतीक चिन्ह संबंधी पुरस्कार में परिवर्तन और नियमों/अधिनियमों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। प्रतीक चिन्ह का चयन कमेटी द्वारा किया जाएगा और कमेटी का निर्णय अंतिम होगा। चयन प्रक्रिया और निर्णय से संबंधित किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। यह प्रक्रिया गोपनीय रहेगी।

# भाजपा ने 72 जिलाध्यक्षों की जारी की सूची

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने 72 जिलों में अपने जिलाध्यक्षों के नाम का ऐलान कर दिया है। वहीं 26 जिलों में विरोध के चलते जिला अध्यक्ष के नाम पर रोक लगा दी गई है। जिलाध्यक्षों का नाम पार्टी के जिला कार्यालय में जिला चुनाव अधिकारी घोषित कर रहे हैं। बता दें कि प्रदेश संगठन ने 72 जिलों के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है। वहीं 26 जिलों में नेताओं के बीच भारी विरोध और गुटबाजी के कारण चुनाव को टाल दिया गया है। ऐसे में इन जिलों में संगठन मंथन करके ही नामों का चुनाव करेगा जिससे संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच किसी भी प्रकार का मतभेद न हो। इस सूची में बुलंदशहर विकास चौहान, कानपुर ग्रामीण उपेंद्र नाथ पासवान, कानपुर देहात रेणुका सचान, कानपुर महानगर दक्षिण शिवराम सिंह चौहान, कानपुर महानगर उत्तर अनिल दीक्षित, सोनभद्र नंदलाल गुप्ता, प्रयागराज महानगर संजय शुक्ला, प्रयागराज यमुनापार राजेश शुक्ला, प्रयागराज गंगापार निर्मला पासवान, गाजीपुर ओम प्रकाश राय, सुल्तानपुर सुशील त्रिपाठी, मछलीशहर डॉ. अजय कुमार सिंह, भदोही दीपक मिश्रा, प्रतापगढ़ आशीष श्रीवास्तव, गाजीपुर ओमप्रकाश राजभर, वाराणसी महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, कासगंज नीरज शर्मा, गोरखपुर जनार्दन तिवारी, औरैया सर्वेश कठेरिया, सुल्तानपुर सुशील त्रिपाठी, हरदोई अजीत सिंह बब्बन, उन्नाव अनुराग अवस्थी, अमेठी सुधांशु शुक्ला, फर्रुखाबाद हचंद्र वर्मा, बहराइच ब्रजेश पांडेय (दूसरी बार), रामपुर हरीश गंगवार, ललितपुर हरिश्चंद्र रावत, इटावा अन्नू गुप्ता, मथुरा महानगर अध्यक्ष राजू यादव, मथुरा निर्भय पांडेय, इटावा अरुण कुमार गुप्ता, मैनपुरी ममता राजपूत, लखनऊ महानगर, आनंद द्विवे, बलरामपुर रवि मिश्रा, उन्नाव अनुराग अवस्थी, फिरोजाबाद महानगर अध्यक्ष स त ी श दिवाकर, गौतम बुद्धनगर अभिषेक शर्मा, नोएडा महानगर महेश चौहान, लालगंज विनोद राजभर, आजमगढ़ ध्रुव सिंह, गोरखपुर महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव, गोरखपुर जनार्दन तिवारी, रायबरेली बुद्धि लाल, लखनऊ जिला विजय मौर्या, गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, कासगंज नीरज शर्मा, मुरादाबाद महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडुला, मुरादाबाद आकाश पाल (दोबारा चुने गए) आगरा जिला प्रशांत पोनिया, आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, अमेठी सुधांशु शुक्ला।

**भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष:** ललितपुर हरिश्चंद्र रावत, गाजीपुर ओमप्रकाश राय, बदायूं राजीव कुमार गुप्ता, श्रावस्ती मिश्रीलाल वर्मा, बहराइच बृजेश पांडेय (दोबारा), बिजनौर भूपेंद्र सिंह चौहान 'बॉबी' गोंडा अमर किशोर कश्यप उर्फ बमबम, संभल हरेंद्र चौधरी, सहारनपुर महानगर शीतल विष्णोई, मुजफ्फरनगर सुधीर सैनी, झांसी जिला प्रदीप पटेल, महोबा मोहनलाल कुशवाह, चित्रकूट महेन्द्र कोटार्य, संत कबीरनगर नीतू सिंह, महाराजगंज अशोक उर्फ संजय पांडेय, मऊ रामाश्रय मौर्य, कुशीनगर दुर्गेश राय, बस्ती विवेकानंद मिश्रा, बलियास ॑ ज य मिश्रा, मेरठ महानगर विवेक रस्तोगी, शाहजहांपुर जिला कृष्ण चंद मिश्रा, शाहजहांपुर महानगर शिल्पी गुप्ता शामिल है।

# डीआरडीओ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू से की मुलाकात



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेडड्डी

**अमरावती।** राज्य में उद्यमशील उद्यमियों के साथ बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित करने के लिए काम कर रहे डीआरडीओ के पूर्व अध्यक्ष और एयरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी ने गुरुवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य के विभिन्न भागों में औद्योगिक विकास विशेषकर रक्षा क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने की संभावनाओं के संबंध में एक प्रस्तुतीकरण दिया गया। फिलहाल उन्होंने 50 महत्वाकांक्षी उद्योगपतियों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए सहयोग देने की बात कही और इसके लिए राज्य सरकार से सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। मुख्यमंत्री ने डॉ. जी सतीश रेड्डी से कहा कि जो भी राज्य में निवेश के लिए आगे आएगा उसका स्वागत किया जाएगा और शीघ्र अनुमति के साथ आवश्यक बुनियादी ढांचे और भूमि का आवंटन किया जाएगा। इस बैठक में विजयवाड़ा से सांसद केशिनेनी शिवनाद और अमलापुरम से लोकसभा सदस्य हरीश मौजूद थे।

# शोषित-पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु करें कार्य: मुख्यमंत्री श्री साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने बार काउंसिल के जीर्णोद्धार एवं ई-लाइब्रेरी निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए प्रदान करने की घोषणा की

जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री साय ने बार कार्उसिल के जीर्णोद्धार एवं ई-लाइब्रेरी निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए प्रदान करने की घोषणा की मुख्यमंत्री श्री साय ने बार कार्उसिल के जीर्णोद्धार एवं ई-लाइब्रेरी निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए प्रदान करने की घोषणा की मुख्यमंत्री श्री साय ने बार कार्उसिल के जीर्णोद्धार एवं ई-लाइब्रेरी निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए प्रदान करने की घोषणा की

जशपुर जिला व्यवहार न्यायालय में आयोजित जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उन्हें न्यायिक सेवा के प्रति समर्पण का संकल्प दिलाते हुए शुभकामनाएं दीं। समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मंसूर अहमद, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जनार्दन खरे, विधायक श्रीमती गोमती साय और श्रीमती रायमुनी भगत सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



शपथ ग्रहण करने वालों में अध्यक्ष ओम प्रकाश साय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद सिन्हा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती दीपिका कुजूर, सचिव सत्य प्रकाश तिवारी, सह सचिव सूरज चौरसिया, कोषाध्यक्ष सुचेन्द्र कुमार सिंह, ग्रंथपाल गोपाल प्रसाद रवानी और क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव सत्येन्द्र जोल्हे शामिल थे। मुख्यमंत्री साय ने अधिवक्ता संघ के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र की रीढ़ है और अधिवक्ताओं की इसमें प्रमुख भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ न्याय प्रक्रिया को तेज करने में योगदान देना चाहिए, ताकि समाज के सबसे वंचित तबके को भी न्याय सुलभ हो सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जशपुर जिला अधिवक्ता संघ के ऐतिहासिक योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि यह संघ हमेशा से सामाजिक न्याय और विधिक सेवा में अग्रणी रहा है। उन्होंने भारतचंद काबरा, बालासाहेब देशपांडे और नरहरि साय जैसी विभूतियों का स्मरण करते हुए कहा कि इन सभी ने शोषित, पीड़ित और वंचित लोगों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे इस परंपरा को बनाए रखते हुए लोगों के अधिकारों की रक्षा करें और उनके लिए न्याय की राह को सुगम बनाएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिवक्ताओं के लिए सुविधा और संसाधनों को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बार कार्उसिल के जीर्णोद्धार और ई-लाइब्रेरी के निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपये की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के इस दौर में ई-लाइब्रेरी से अधिवक्ताओं और कानून के छात्रों को नवीनतम विधिक जानकारी और अद्यतन संदर्भ सामग्री तक सहज पहुंच प्राप्त होगी। इससे न्यायिक प्रक्रियाओं में दक्षता बढ़ेगी और नए अधिवक्ताओं को अध्ययन व अनुसंधान के बेहतर अवसर मिलेंगे।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंसूर अहमद ने कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ता संघ के बीच अटूट रिश्ता है, और दोनों को मिलकर समाज में न्याय और विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने अधिवक्ताओं को न्याय की गरिमा बनाए रखने और विधिक सेवा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की अपील की। इस अवसर पर वक्ताओं ने अधिवक्ताओं की समाज में भूमिका, विधिक सहायता की आवश्यकता और न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर विचार साझा किए।

शपथ ग्रहण समारोह में कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, पवन साय, कृष्ण कुमार राय, रामप्रताप सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नीतीश से बिहार कैडर के प्रशिक्षु आईएएस ने की मुलाकात




अर्थ प्रकाश नेटवर्क

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आज बिहार कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 10 प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। श्री कुमार से रविवार को यहां एक, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में 2023 बैच के बिहार कैडर के 10 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सुश्री गरिमा लोहिया, श्री तुषार कुमार, श्री अनिरूद्ध पाण्डेय, सुश्री कृतिका मिश्रा, सुश्री आकांक्षा आनंद, श्री प्रद्युम्न सिंह यादव, सुश्री अंजली शर्मा, श्री रोहित कर्दम, सुश्री शिप्रा विजय कुमार चौधरी एवं सुश्री नेहा कुमारी ने अपनी ट्रेनिंग के दौरान जिले में किए गए कार्यों के संबंध में अनुभव साझा किए। इन 10 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों में छह महिलायें और 04 पुरुष हैं। इनमें पांच बिहार के, चार उत्तर प्रदेश और एक राजस्थान के रहनेवाले है। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत में कहा, 'आपलोगों ने अपने अनुभव साझा किए, यह सुनकर अच्छा लगा। आपलोग अभी ट्रेनिंग पीरियड में हैं, उसके बाद आपलोगों की पोस्टिंग होगी। सरकार नीति बनाती है और उसे क्रियान्वित करने में आईएएस अधिकारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।' श्री कुमार ने कहा कि आप 10 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों में छह महिलायें हैं, यह बहुत खुशी की बात है। महिलायें सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं इससे मुझे काफी प्रसन्नता होती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। ऐसा करनेवाला बिहार देश में पहला राज्य बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलने से बड़ी संख्या में महिलाएं समाज में प्रतिनिधित्व करने आगे आ रही हैं।

# राजीव युवा विकासम के आवेदनों स्वीकृति कल से

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेडड्डी



**हैदराबाद।** राजीव युवा विकासम योजना की आवेदन प्रक्रिया कल से शुरू होगी। ओबीएमएमएस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 5 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। इस योजना के तहत सरकार एससी, एसटी, बीसी के साथ-साथ अल्पसंख्यक बेरोजगार युवाओं को 3 लाख तक का स्वरोजगार ऋण देगी। 60-80 प्रतिशत की छूट दी गई है। 6,000 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 5 लाख लोगों को ये ऋण प्रदान किया जाएगा।

# फर्रुखाबाद में बेकाबू कार पलटने से दो युवकों की मौत तीसरा युवक घायल

अर्थ प्रकाश/अनिल अग्रवाल

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले कम्पिल थाना क्षेत्र में क्षेत्र आज रविवार को एक तेज रफ्तार वाली बेकाबू कार के पलटने से उसमें सवार दो युवकों की मौत हो गयी तथा तीसरा युवक घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि एटा जिले के मयूर विहार पीपल निवासी सक्षम तोमर उम्र करीब 18 वर्ष व कासगंज जिले के थाना पटियाली के बढौला निवासी प्रांजल राठौर तथा कासगंज के थाना पटियाली के लिए वढौला निवासी अनमोल उम्र करीब 22 वर्ष, एक कार से सवार होकर आज रविवार प्रात करीब 9 बजे कम्पिल थाना क्षेत्र के बगराई गांव के समीप तेज रफ्तार से गुजर रहे थे।इसी दौरान यह तेज रफ्तार वाली बेकाबू कार अचानक असंतुलित होकर सड़क समीपवर्ती खड्ड में जाकर पलट गई। बताया जाता है कि यह तीनों कार सवार युवक कपिल थाना क्षेत्र के गुजरपुर गांव में एक होली मिलन के सिलसिले में जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार इस हादसे में कार सवार युवक सक्षम तोमर तथा प्रांजल राठौर व अनमोल को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए लेजाया गया। यहां सरकारी चिकित्सक ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया तथा तीसरे युवक अनमोल का उपचार शुरू किया गया। पुलिस नेबताया कि मृतक युवकों के शवो पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भेजा गया।

# मीडिया की भूमिका व प्रासंगिकता को परिवर्तनशील माहौल में भी नहीं किया जा सकता कम: सीएम योगी

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय



गोरखपुर। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया को मान्यता दी गई है। मीडिया ही लोकतंत्र के प्रति सजग प्रहरी के रूप में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित कर अन्य तीन स्तंभों को किसी न किसी रूप में झकझोरती है। किन्हीं कारणों से छूटे हुए मुद्दों को सही तथ्यों के साथ प्रस्तुत कर जन सरोकार से जोड़ती है। मीडिया की भूमिका पूरी दुनिया में समय-समय पर अलग-अलग रूप में देखने को मिली है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर में आयोजित एक प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में कही।

कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि देश में कई ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं, जिन्होंने अपने करियर को मीडिया के जरिए आगे बढ़ाने का काम किया था। देश के स्वाधीनता आंदोलन में उन्होंने पत्रकारिता के रूप में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। इसमें सबसे पहला नाम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आता है, जिन्होंने अपनी लेखनी से समाचार पत्रों को प्रोत्साहित किया था।

लोकमान्य तिलक ने जन चेतना को जागरूक करने के लिए गणपति महोत्सव का आयोजन किया। इसके अलावा लाल लाजपत राय, गणेश शंकर विद्यार्थी आदि ने अपनी लेखनी की धार से समाज को नई दिशा दी। जिस समय देश के लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा था, तब समाचार समूहों ने अपनी लेखनी के माध्यम से लोकतंत्र को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। मीडिया की भूमिका और प्रासंगिकता को परिवर्तनशील माहौल में भी कभी कम नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि आज टेक्नोलॉजी से पूरी दुनिया में तेजी से बदलाव हो रहा है। ऐसे में मीडिया जगत में भी तेजी के साथ बदलाव हो रहा है ताकि समाज तक टेक्नोलॉजी से जुड़कर सही तथ्यों को उन तक पहुंचाया जा सके। आज युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रही है क्योंकि उसके पास समय कम है। ऐसे में मीडिया संस्थानों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है कि उन तक सकारात्मक चीजें पहुंचाई जाएं क्योंकि कुछ लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म का दुरुपयोग कर नकारात्मकता फैलाने का काम कर रहे हैं। ऐसे में मीडिया जगत अपनी जिस भूमिका के लिए जानी जाती है, उसी भूमिका के साथ उसे आगे बढ़ना होगा। यह न केवल लोकतंत्र बल्कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए बड़ा कार्य होगा।

सीएम योगी ने आगे कहा कि सुशासन और लोकतंत्र की पहली शर्त संवाद है। हम जबरन अपनी बात को किसी पर थोप नहीं सकते हैं, लेकिन संवाद से बड़े से बड़ी समस्या का समाधान कर सकते हैं। वहीं जब भी हम संवाद की भाषा से अपने आप को अलग करते हैं, तो नए संघर्ष को बढ़ावा मिलता है।

# दोस्त के घर में लगाई आग




होली के दिन युवक को शराब पीने से रोका था, आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** पल्ला थाना इलोक के नवीन नगर में एक व्यक्ति ने अपने दोस्त के घर में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आरोपी सुरेंद्र उर्फ जोकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि आरोपी सुरेंद्र और पीड़ित शुभम की 17-18 सालों से दोस्ती थी। 7 मार्च को शुभम के घर शादी के दौरान दोनों में झगड़ा हुआ। शुभम ने सुरेंद्र को थप्पड़ मार दिया था। 14-15 मार्च की रात को होली के मौके पर सुरेंद्र, शुभम के घर शराब पीने आया। शुभम ने उसे मना कर दिया। इस पर सुरेंद्र ने बदले की भावना से पेट्रोल लाकर घर में आग लगा दी। उस समय परिवार सोने की तैयारी कर रहा था।

घर वालों ने शोर मचाया तो पड़ोसी जाग गए। उनकी मदद से आग पर काबू पा लिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ देर की देरी से बड़ा हादसा हो सकता था। ईआरवी के जरिए सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पीड़ितों के बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# दुखियों को सुखी करना यानी मानव कल्याण ही एकमात्र उद्देश्य: जगद्गुरु वसंतविजयानंद गिरिजी महाराज

जगद्गुरुदेव का दर्शन, वंदन कर आशीर्वाद लेने पहुंचे टेक्सटाइल मिनिस्टर पाटिल व भाजपा सांसद पीसी मोहन सहित अनेक

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**बेंगलूरु।** जो साधक है वही संत है और संतों का काम है संस्कार, सदाचार का प्रचार करना। भक्त और भगवान के सेतु के रूप में बतौर जगद्गुरु या एक सिद्ध साधक के रूप में हमारा लक्ष्य ही लोगों का भला करना है। ऐसा करने में हमारी आत्मा भी खुश होती है। स्थानीय हनुमंत नगर स्थित मातृछाया में नौ दिवसीय श्री भैरव पद्मावती जप, साधना, आराधना हवन यज्ञ महा महोत्सव में परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज ने रविवार को यह बातें कही। उनके दर्शन वंदन एवं आशीर्वाद लेने के लिए कर्नाटक राज्य के टेक्सटाइल मिनिस्टर शिवानंद एस पाटिल तथा बेंगलूरु सेंट्रल से भाजपा सांसद पीसी मोहन ने भी आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दोनों राजनेताओं का श्री भैरव पद्मावती भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण, शल्यार्पण तथा मेमेंटो भेंटकर स्वागत सत्कार भी किया गया। अपने प्रेरणादाई प्रवचन में जगद्गुरु ने दोनों राजनेताओं को गौ सेवा, समाज सेवा एवं भूखे लोगों को भोजन कराने के साथ-साथ आज के दौर में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के पहल की भी सीख दी। उन्होंने कहा कि संत जिस प्रकार जन-जन की आस्था के केंद्र अर्थात प्रतीक होते हैं वैसे ही राजनेता भी जनता के प्रतिनिधि के तौर पर चुने जाकर शासन चलाते हैं, उन्हें अपनी प्रभावी भूमिका कर्म को धर्म मानकर ही करनी होगी। कृष्णगिरी पीठाधीश्वर वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि वे इस धरा पर जगत जननी, राजराजेश्वरी, धनदेश्वरी देवी मां पद्मावतीजी की कृपा से अब तक लाखों लोगों को बगैर जात पात के अर्थात बिना भेदभाव के सन्मार्ग पर आगे बढ़ा रहे हैं क्योंकि मानव कल्याण ही उनका एकमात्र उद्देश्य है। मय उदाहरण के उन्होंने कहा कि एक प्यासे को सिर्फ पानी से मतलब होता है, ठीक उसी प्रकार एक दुखी को सिर्फ सुख चाहिए, ऐसे में परमात्मा की अदृश्य शक्तियों से दूर रहने वाला नासमझ व्यक्ति जगद्गुरु के चरणों में आकर सही राह व सन्मार्ग की ओर बढ़ सकता है।




इस दौरान सुबह के सत्र में जगद्गुरु का साधना, जाप, आराधना क्रम जारी रहा। वहीं शाम के सत्र में हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। पूज्य जगद्गुरुदेवश्रीजी के दर्शन वंदन के लिए अनेक राजनेताओं, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्शाई। इस दौरान गुरुभक्त अश्विन सेमलानी, चंदूलाल गांधी, बंसीलाल पितलिया, रमेश मुथा, श्यामदास संत, रतनचंद श्रीश्रीमाल, कन्हैयालाल ओस्तवाल, बबीता देवी, विमला देवी, रेखा बेन, नेहा, दीपिका, आयुषी, लीला बाई, रतनीबाई मेहता, दीपक शाह, किशन बोहरा, जीतू शुक्लेचा, पुनीत गांधी, मनीष मेहता, देवेंद्र डॉषी सहित अनेक गुरुभक्त भी मौजूद रहे। बेंगलूरु, तमिलनाडु, राजस्थान सहित अनेक शहरों व राज्यों से श्रद्धालु भक्तों ने शिरकत कर जगद्गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल थॉट योगा पर लाइव प्रसारित किया गया।

# 'युद्ध नशे विरुद्ध' अभियान से बौखलाया पाकिस्तान : मीत हेयर

## कहा-पंजाब में नशे का नेक्सस टूट रहा, इससे पाकिस्तान परेशान, आज सीमा पार से आने वाले ड्रग्स को उठाने वाला भी कोई नहीं

शहज़ाद भट्टी का ग्रेनेड हमले की ज़िम्मेदारी लेना पाकिस्तान की साज़िश को उजागर करता है, उसे दिक्कत है कि पंजाब में नशा क्यों खत्म हो रहा : कंग

भाजपा पर उठाया सवाल कहा-गुजरात की भाजपा सरकार ने लॉरेंस बिश्नोई को साबरमती जेल में दामाद की तरह रखा हुआ है, इस पर उसे जवाब देना चाहिए





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** जालंधर के रसूलपुर में ग्रेनेड हमले को आम आदमी पार्टी (आप) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि पंजाब सरकार के युद्ध नशयां विरुद्ध अभियान से पाकिस्तान परेशान हो गया है। इसलिए वह पंजाब का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहा है।

मीत हेयर ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान 'युद्ध नशयां विरूद्ध' से पंजाब में नशे का नेक्सस टूट रहा है, इससे पाकिस्तान के ड्रग्स माफिया को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि आज हालत ऐसी हो गई है सीमा पार से आने वाले ड्रग्स को इस तरफ उठाने वाला भी कोई नहीं है।

आप सांसद ने कहा कि यह घटना सिर्फ पंजाब का नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। पंजाब और पाकिस्तान के बीच 500 किलोमीटर का बॉर्डर साझा होता है, लेकिन नशे की सप्लाई पकड़ने के लिए केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

मीत हेयर ने भाजपा से सवाल किया और कहा पिछले दिनों शहज़ाद भट्टी और लॉरेंस बिश्नोई के बीच बातचीत की वीडियो वायरल हुई थी और भाजपा ने उसे गुजरात के साबरमती जेल में मेहमान की तरह रखा हुआ है। लेकिन इस घटना के बाद क्या देश की सुरक्षा को देखते हुए केंद्र सरकार लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ करेगी?

सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि पाकिस्तान को चिंता हो रही है कि कि पंजाब में नशा क्यों खत्म हो रहा है। इसका ताजा उदाहरण है कि ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान के गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने ली है। इससे पाकिस्तान की साज़िश का स्पष्ट पता चलता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की कार्रवाई से पाकिस्तान की तरफ से आने वाला नशा और अवैध हथियार का कारोबार पूरी तरह रुक गया है जिसके कारण वह ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

कंग ने इस मामले पर भाजपा को घेरा और कहा कि शहजाद भट्टी वही शख्स है जिसकी पिछले दिनों लॉरेंस बिश्नोई के साथ एक सोशल मीडिया पर काफी वीडियो वायरल हो रही थी। इसलिए भाजपा नेताओं को जवाब देना चाहिए कि लॉरेंस बिश्नोई को उसकी गुजरात सरकार ने साबरमती जेल में दामाद की तरह क्यों पाल रखा है?

कंग ने कहा कि दरअसल भाजपा अपनी राजनीति के लिए लॉरेंस बिश्नोई का इस्तेमाल करती है और बदले में उसको सरकारी संरक्षण और जेल में होटल वाली सुविधाएं देती है। उन्होंने कहा की सभी लोगों को पता है कि भाजपा और गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के बीच क्या रिश्ता है।

### भाजपा व पाकिस्तान चाहे जितना जोर लगा लें, सफल नहीं होंगे, हमारी नशे के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी: कंग

कंग ने भाजपा से सवाल किया और कहा कि जिस गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को उसने गुजरात में मेहमान की तरह रखा हुआ है उससे जुड़े लोग पंजाब में हमला करवा रहे हैं और यहां की शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नेताओं को इस पर जवाब देना चाहिए और बताना चाहिए कि क्या भाजपा अपनी घटिया राजनीति के लिए पंजाब में इस प्रकार के हमले करवा रही है? उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से लगता है कि आम आदमी पार्टी को बदनाम करने के लिए भाजपा पंजाब का माहौल खराब करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा या कई भी पार्टी चाहे जितनी कोशिश कर ले पंजाब सरकार का नशे और गैंगस्टरों के विरुद्ध अभियान रूकेगा नहीं। चाहे पाकिस्तान हो या भाजपा हम किसी के भी नापाक मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। कंग ने कहा कि पंजाब सरकार की 'युद्ध नशे विरुद्ध' मुहिम के इसके तहत हमने नशे को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है और यह पंजाब सरकार का राज्य के लोगों के साथ वादा है और हम इसे पूरा कर के रहेंगे।

# फतेहगढ़ साहिब में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

## एक पुलिसकर्मी घायल, दो बदमाशों को लगी गोली; 15.5 लाख की लूट कर भागे थे आरोपी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**खन्ना, 16 मार्च।** फतेहगढ़ साहिब के मंडी गोबिंदगढ़ में पुलिस और दो बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपियों को गोलियां लगी हैं और एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 15.5 लाख रुपए की लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी मोगा के रहने वाले हैं।

एसएसपी शुभम अग्रवाल के अनुसार, कुछ दिन पहले मंडी गोबिंदगढ़ में लोहा व्यापारी के कार्यालय से फायरिंग कर 15.5 लाख रुपए लूटे गए थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि मोगा निवासी जयदीप और बसंत सिंह ने इस वारदात को अंजाम दिया था।

आज पुलिस को खबर मिली कि दोनों लुटेरे फोकल प्वाइंट मंडी गोबिंदगढ़ में किसी अन्य वारदात की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो दोनों बिना नंबर की बाइक से भागने लगे। वे मिट्टी के ढेर पर गिर गए। आरोपियों ने अवैध हथियारों से पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों के शरीर के निचले हिस्से में गोलियां लगीं। इस दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से 2 अवैध पिस्तौल और बिना नंबर की बाइक बरामद की है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### 10 मार्च को हुई थी वारदात

एशिया की सबसे बड़ी लोहा नगरी मंडी गोबिंदगढ़ के प्रीत नगर में 10 मार्च की देर शाम को एक लोहा व्यापारी के दफ्तर पर फायरिंग कर साढ़े 15 लाख रुपए लूटे थे। लुटेरे गेट तोड़कर अंदर घुसे और लोहा व्यापारी को डराकर कैश लेकर भाग गए थे। मंडी गोबिंदगढ़ के प्रीत नगर इलाके में देर शाम करीब 7 बजे स्विफ्ट कार में आए 6 लुटेरों ने गोली मारकर एक फर्म से करीब साढ़े 15 लाख रुपए लूट लिए थे। फर्म के मालिक अजय कुमार ने बताया था कि उनकी दो फर्में हैं। दोनों का करीब साढ़े 15 लाख रुपए कैश दफ्तर में आया हुआ था। लुटेरों ने आते ही उसे शीशे वाला दरवाजा खोलने को बोला जब उसने दरवाजा ना खोला तो उन्होंने दरवाजे पर गोली चला दी थी। दरवाजा तोड़ने के बाद हथियारों के बल पर उससे करीब साढ़े 15 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए थे

### आप पार्षद के पिता स्व. रछपाल सिंह के निमित्त अंतिम अरदास कल

**खन्ना (केवल कृष्ण)।** वार्ड 23 से आम आदमी पार्टी के पार्षद सुखमनजीत सिंह के पिता स्व. रछपाल सिंह (सेवा मुख्त इंस्पेक्टर एफसीआई) जिनका 10 मार्च को स्वर्गवास हो गया था। उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गए श्री सहज पाठ साहिब के भोग एवं निमित्त अंतिम अरदास कल गुरुद्वारा बाबा निरगूण दास जी, खन्ना खुर्द खन्ना में दोपहर 12 से 1.30 बजे तक संपन्न होगी।



# कपूरथला मॉर्डन जेल में हवालाती की मौतएनडीपीएस एक्ट में एक साल से था बंद, पत्नी बोलीं- एक दिन पहले हुई थी बात

पत्नी और मां ने लगाए आरोप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कपूरथला, 16 मार्च।** पंजाब की कपूरथला मॉर्डन जेल में एनडीपीएस एक्ट के एक आरोपी हवालाती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान जंडियाला गुरु निवासी सरबजीत सिंह साबा के रूप में हुई है। सरबजीत पिछले एक साल से जेल में बंद था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे कपूरथला के सिविल अस्पताल लाया गया।



यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखा गया है।

मृतक सरबजीत की पत्नी पूजा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने उनके पति पर झूठा केस दर्ज किया। पहले उसका हाथ तोड़ा और फिर उसकी हत्या कर दी। पूजा ने बताया कि मौत से पहले वाली रात उन्होंने पति से फोन पर बात की थी। उनके पति ने बताया था कि जेल में उसे धमकी दी गई है। उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को भी दी थी।

मृतक की मां बेअंत कौर ने भी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कोतवाली थाने के एसएचओ कृपाल सिंह का कहना है कि उन्हें अभी तक मामले की जानकारी नहीं मिली है। परिजनों के बयान के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संजय टंडन ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का अपने निवास पर किया स्वागत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 16 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन, पत्नी प्रिया टंडन व पुत्र सत्यम टंडन, महिमा डोगरा टंडन ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का उनके चंडीगढ़ निवास स्थान पर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया। राज्यपाल महिम चंडीगढ़ में एक कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आये हुए थे। इस दौरान उन्होंने विशिष्ट लोगों से भेंटवार्ता भी की। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मेयर हरप्रीत कौर बबला, राजीव वर्मा मुख्य सचिव, रेनू विग वीसी पीयू,



जतिंदर मल्होत्रा बीजेपी चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष, त्रिलोकी नाथ, दीपक बत्रा, नरेश विभाग प्रचारक, आशु पुंछी, पवन डोगरा, पवन मुटनेजा, अशोक खन्ना आदि लोगों ने भेंटवार्ता की और उनका स्वागत किया।

इस दौरान संजय टंडन और उनके परिवार के सदस्यों ने राज्यपाल का आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें स्मृति स्वरूप भेंट किया। संजय टंडन ने राज्यपाल महोदय शिव प्रताप शुक्ल को बताया कि किस प्रकार से उनके पिता जी की स्मृति में उनकी समाज सेवी संस्था बलरामजी दास टंडन चैरिटेबल फाउंडेशन के माध्यम से गरीब विधवाओं को निःशुल्क मासिक राशन और अन्य प्रकार के समाजिक कार्यक्रमों को कर रही है। उनकी बातों को सुनने के उपरान्त राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने संजय टंडन के परिवार की भरपूर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके पिता स्व बलराम जी दास टंडन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रहे। उनका उनसे बहुत स्नेह था और वो जिस से भी मिलते थे अपनी अमिट छाप छोड़ते थे। उनके द्वारा परिवार को दिए हुए संस्कार संजय टंडन और सभी सदस्यों के बीच दिखाई पड़ते हैं जोकि बहुत बड़ी देन है। ये हमारी संस्कृति ही है कि हम अपने पूर्वजों द्वारा दर्शाये हुए मार्ग पर आगे बढ़ें और राष्ट्रहित व् समाजहित के कार्यों में भाग लें।

# स्वर्गीय किशोरी लाल वर्मा की 10वीं पुण्यतिथि पर निशुल्क जांच शिविर का आयोजन



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 16 मार्च।** आज स्वर्गीय श्री किशोरी लाल वर्मा की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जगराओं की सबसे बड़ी समाज सेवी संस्था लोक सेवा सोसायटी द्वारा सी.एम.सी. अस्पताल के सहयोग से धीरज वर्मा एवं समस्त वर्मा परिवार द्वारा बच्चों की हड्डियों एवं जोड़ें, नाक, कान, गले एवं सामान्य बीमारियों के लिए निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। सोसायटी के चेयरमैन गुलशन अरोड़ा, अध्यक्ष राजिंदर जैन काका, सचिव कुलभूषण गुप्ता और कैशियर सुनील बजाज के नेतृत्व में गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा मोरी गेट में आयोजित शिविर में 182 मरीजों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर धीरज वर्मा परिवार ने कहा कि लोक सेवा सोसायटी पिछले 30 वर्षों से समाज सेवा का कार्य अनवरत रूप से कर रही है, जिसमें हम सभी शहरवासियों को अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर सोसायटी के चेयरमैन गुलशन अरोड़ा व अध्यक्ष राजिंदर जैन काका ने कहा कि सीएमसी अस्पताल के डॉक्टर का आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन मनोहर सिंह टक्कर, लाकेश टंडन, राजन सिंघला, गोपाल गुप्ता, अनिल मल्होत्रा, कंवल कक्कड़, पुरुषोत्तम अग्रवाल, पवन मित्तल, गुप्ता, कैप्टन नरेश वर्मा, प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी, विनोद बंसल, आरके गोयल, मनीष बंसल, जसवंत सिंह, मुकेश गुप्ता, नवील गोयल, कपिल शर्मा, प्रोजेक्ट कैशियर राजीव गुप्ता आदि मौजूद थे।

### जगराओं में 'लाखे वाले ज्वैलर्स' शोरूम पर फायरिंग का मामला सुलझाया

# मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 16 मार्च।** लुधियाना ग्रामीण पुलिस ने जगराओं के रानी झांसी चौक के पास लाखे वाले ज्वेलर्स शोरूम पर हुई फायरिंग की घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी एक मुठभेड़ के बाद हुई जिसमें संदिग्ध के पैर में गोली लगी।

आरोपी की पहचान कृष्ण उर्फ काकी पुत्र राजू निवासी मलसियां वाली बस्ती जीरा जिला फिरोजपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने एक .32 बोर की पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और एक बाइक भी बरामद की है।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए एसएसपी ने बताया कि लुधियाना ग्रामीण डॉ. अंकुर गुप्ता ने बताया कि 5 मार्च को हुई घटना के बाद पुलिस टीमें आरोपियों का पीछा कर रही थीं। लुधियाना ग्रामीण और एजीटीएफ। खुफिया सूचना के आधार पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उसकी लोकेशन जगरांव-सिधवान बेट रोड के पास पाई गई।



एसएसपी गुप्ता ने आगे बताया कि पुलिस पार्टी ने उसका पीछा किया और आरोपी ने आत्मसमर्पण करने के बजाय पुलिस पार्टी पर 3 गोलियां चलाई, जिनमें से एक पुलिस वाहन पर लगी। सौभाग्यवश गोली किसी पुलिस अधिकारी को नहीं लगी। आत्मरक्षा में कार्रवाई करते हुए पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की और आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई और उसे हिरासत में ले लिया गया। उसे स्थानीय सिविल अस्पताल ले जाया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

पुलिस स्टेशन सिटी जगराओं में धारा 125, 61 बीएनएस। शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एसएसपी अंकुर गुप्ता ने दोहराया कि मुख्यमंत्री पंजाब सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार लोगों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पंजाब में आई आपदा के कारण लोगों से किए गए वादे तीन साल से अधूरे

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 16 मार्च।** जगरांव पंजाब में आप सरकार के तीन साल पूरे होने पर आज भाजपा मंडल जगराओं द्वारा जनता से किए गए वादों को पूरा न करने के विरोध में रोष प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष टोनी वर्मा जिला महासचिव डॉ राजिंदर शर्मा ने कहा कि 2022 में झूठे वादे, चाहे वह नशे को खत्म करने की बात हो, गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के दोषियों को सजा दिलाने की बात हो, शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, दफ्तरों में आम लोगों की शर्मिंदगी और भ्रष्टाचार, चाहे वह विकास का मुद्दा हो, और लोगों की सुरक्षा, कानून व्यवस्था, 18 वर्ष से अधिक आयु की हर महिला को एक हजार रुपये देना, 22 फसलों पर किसानों को एमएसपी देना, आप सरकार पिछले तीन वर्षों से हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। आप सरकार का हर विधायक और मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त है। पंजाब का सारा पैसा लोगों की मेहनत की कमाई से लिया गया है, टैक्स और दूसरे राज्यों में खर्च किया जा रहा है। पिछले दिनों दिल्ली की जनता ने आप पार्टी की अक्षमता का जवाब उनके सुप्रीमो केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के मंत्रियों को हराकर बहुत अच्छे तरीके से दिया, जिससे दिल्ली मॉडल के सपने दिखाकर वे पंजाब में सत्ता में आए। वह पूरी तरह विफल साबित हुए और अब पंजाब के लोगों को उनकी अक्षमता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। जिसका जवाब पंजाब की जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में आप को हराकर और भाजपा को पंजाब की सत्ता में लाकर देगी। इस अवसर पर डॉ. राजिंदर शर्मा, टोनी वर्मा, राज वर्मा, सतीश कुमार पप्पू, डॉ. निर्मल भुल्लर, सुमित अरोड़ा, नवीन जैन, सुरेश गर्ग, आशीष गुप्ता, अनिल कुमार शंटी, नवनीत गुप्ता शिशु, अमित शर्मा, रणजीत सिंह, गुरचरण माला, कुलवंत भारती, बिनय गुप्ता थे।टोनी वर्मा से अध्यक्ष भाजपा जगराओं मंडल अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवंत मान सरकार के खिलाफ डेरा बस्सी में प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 16 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुकेश गांधी (राज्य कार्यकारी सदस्य) की अगुवाई में भगवंत मान सरकार के खिलाफ बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर पिछले तीन वर्षों में भ्रष्टाचार बढ़ाने, महिलाओं से किए 1000 रुपये देने के वादे को पूरा न करने और नशे को खत्म करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि भगवंत मान की सरकार पूरी तरह असफल रही है और जनता को इस सरकार के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने गांव, शहर, गली-मोहल्ले, स्कूल और कॉलेजों में जाकर सरकार की नाकामियों को उजागर करें।

भाजपा नेताओं ने यह भी कहा कि जैसे दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल की भ्रष्ट सरकार को नकार दिया, वैसे ही पंजाब की जनता को भी इस सरकार के खिलाफ खड़ा होना होगा। उन्होंने आगामी चुनावों में भाजपा के नेतृत्व में एक मजबूत और पारदर्शी सरकार बनाने का संकल्प लिया।



इस धरने में पूर्व मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह निम्मा, पूर्व पार्षद शिवकुमार टोनी, रविंदर बत्रा, मास्टर गुरचरण सिंह, जोगा सिंह, ओम प्रकाश, कोमल गुप्ता, इमरान मलिक, विजय कालिया सहित भाजपा की पूरी टीम मौजूद रही।

# हर फ्रंट पर फेल साबित हुई आम आदमी पार्टी की सरकार : संजीव खन्ना

'न विकास, न इंसाफ' के बैनर तले भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

सरकार के 3 साल पूरे होने पर कार्यकर्ताओं सहित ढकोली क्षेत्र में मुह पर पट्टी बांध किया शांतमय रोष प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग

**जीरकपुर, 16 मार्च।** आज भाजपा द्वारा पंजाब भर में बड़े स्तर पंजाब में आम आदमी पार्टी के सरकार बनाए को 3 साल पूरे होने के चलते भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंजाब भर में 150 जगहों पर मुह पर काली पट्टी बांध कर न विकास न इंसाफ के बैनर तहत शान्तमय धरना प्रदर्शन किया। भाजपा नेता सरकार पर चुनावी वादे पूरे न करने का आरोप लगा रहे हैं, जिसके चलते डेराबस्सी के भाजपा नेता और प्रदेश सचिव संजीव खन्ना के नेतृत्व में ढकोली इलाके में मुंह पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। संजीव खन्ना ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार 3 साल में हर फ्रंट पर फेल साबित हुई है। पिछले 3 साल में पंजाब में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। गैंगस्टर, गोलीबारी और बंब फेकने की घटनाएं आम हो चली हैं।



जिसके चलते लोग खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे है। आम आदमी पार्टी को सत्ता सौंपने के बाद लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे है और अब इंतजार कर रहें हैं इस आपदा का कब अंत होगा। इस मौके संजीव खन्ना ने कहा कि भगवंत मान की अगुवाई में महिलाओं को 1000 रुपए प्रति महीना की राशि की गारंटी को पूरा नहीं किया गया, जबकि भाजपा ने दिल्ली में 2500 रुपए देने भी शुरू कर दिए हैं। तीन महीने में नशा खत्म करने की गारंटी पूरी नहीं की गई और अब सरकार पीआर एक्सरसाइज के तहत ड्रामा कर रही है। सभी को 24 घंटे बिजली देने की गारंटी, व्यापारियों को 5 रुपए प्रति यूनिट बिजली नहीं दी गई। सभी फसलों को 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' पर खरीदने की गारंटी पूरी नहीं की गई। बेअदबी के दोषियों को सजा देने का वादा पूरा नहीं किया गया। रेत माफिया, भू माफिया, केवल मफिया आदि को खत्म करने का वादा पूरा नहीं किया गया। नई नौकरियां देने और अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करने का वादा पूरा नहीं किया गया। 6000 आम आदमी क्लीनिक खोलने का वादा पूरा नहीं किया गया, अब तक तीन साल में केवल 881 खोले गए हैं। और वह भी केंद्र सरकार के पैसे का दुरुपयोग करके। भ्रष्टाचार खत्म करने की गारंटी पूरी नहीं हुई। अस्थायी सफाई कर्मचारियों को स्थायी करने का वादा पूरा नहीं किया गया और सरकार ने सभी सीवरमैनों को सफाई किट देने का वादा पूरा नहीं किया गया। संजीव खन्ना ने कहा कि कानून व्यवस्था की बदहाली के आलम का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जीरकपुर की 23 वर्षीय बेटी मिताली का शरेआम अपरहण कर कत्ल कर दिया गया, कुछ दिन पहले पटियाला चौक पर युवक का कत्ल कर दिया गया। अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमला हो गया। उन्होंने कहा कि तहसीलों में भ्र्ष्टाचार के आलम का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के जीरकपुर तहसील दौरे के दौरान एक महिला ने रजिस्ट्री के एवज में 20 हजार रुपए रिश्वत मांगे जाने की बात सामने आई लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई। इस अवसर पर मंडल 2 के प्रधान प्रदीप शर्मा, सुधीर कांटीवाल, राधे श्याम, मनजीत, प्रदीप सिक्का, विप्पन शर्मा, सुधीर शर्मा, तरनवीर, मुकेश शर्मा, राजिंदर कौशिक, मनीषा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू, निखिल, गणेश आदि उपस्थित थे।

राजेश धर्माणी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से भेंट की

# गड़करी से मिल आर्थिक विकास और पर्यटन गतिविधियों को सशक्त करने के लिए दिया बल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने नागपुर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की। इस अवसर पर आयोजित बैठक में उन्होंने केंद्रीय मंत्री से सड़क, राष्ट्रीय राजमार्ग और लम्बित सड़क परियोजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की।

नितिन गडकरी ने प्रदेश में पर्यटन आधारित बुनियादी ढांचे को बड़ावा देने सहित विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कनेक्टिी को सशक्त करने के लिए रोपवे आधारित परियोजनाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

बैठक में लुहणू से बेरी-दरोला तक पुल बनाने के मामले पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर राज्य में आर्थिक विकास और पर्यटन गतिविधियों को सशक्त करने के लिए आधारभूत संरचना और सड़क नेटवर्क को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया।

राजेश धर्माणी ने प्रदेश में अब तक स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्गो और रोपवे निर्माण के उदार वित्त पोषण के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया।

# मंहत राम भारद्वाज दूसरी बार बने विश्वकर्मी विकास सभा के प्रधान



अर्थ प्रकाश /गोविंद ठाकुर

**नेरचौक।** विश्वकर्मी विकास सभा बल्ह ईकाई की बैठक विश्राम गृह बग्गी में प्रधान मंहत राम भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें बल्ह क्षेत्र के लगभग 100 के करीब विश्वकर्मी सदस्यों ने भाग लेकर आपसी विचार विमर्श कर निर्णय लिया कि पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाए जिसको लेकर पिछली कार्यकारिणी द्वारा अपना आय व्यय का पूरा ब्योरा पेश करते हुए समाज के उत्थान को लेकर किए गए कार्यों का भी बखान किया तत्पश्चात पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर विश्वकर्मी विकास सभा के संस्थापक सदस्य हंसराज भारद्वाज और मोहनलाल कौंडल की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया आरंभ की गई जिसमें सर्व समिति से मंहत राम भारद्वाज को दूसरी बार प्रधान , मुंशी राम को वरिष्ठ प्रधान, ठाकुरदास को महासचिव, मानसिंह भारती को संगठन सचिव तथा देवकीनंदन को कोषाध्यक्ष बनाया गया तथा कार्यकारणी विस्तार को लेकर नव नियुक्त कार्यकारिणी को अधिकृत किया गया । बैठक में उपस्थित जीवन चौहान, हरि सिंह कौंडल, सुदर्शन चौहान, कैप्टन विजय कुमार, कृष्ण चंद, रतनलाल तथा कमल किशोर ने भी अपने विचार प्रकट किए और समाज के विकास और मजबूती के लिए आने वाले समय में विशेष योगदान प्रदान करने की बात कही।

# बौद्ध दर्शन संस्कृत विद्यालय मंडोगलू में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अर्थ प्रकाश /सुभाग सचदेवा



**गोहर ।** बौद्ध दर्शन संस्कृत विद्यालय मंडोगलू में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में सामाजिक, राजनीतिक सांस्कृतिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में उम्दा प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पूर्व जिला परिषद सदस्य श्रीमती हर्षा चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका को लेकर अपने विचार साझा किए और कहा कि महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिलने से ही समाज में परिवर्तन संभव है। इस अवसर पर श्रीमती ममता चौधरी, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला बुराहटा, एथलीट मिस रोमा कुमारी, जिन्होंने एशिया स्वाथ चैंपियनशिप में रजत पदक जीता, भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

कुमारी रोमा ने अपने खेल जीवन की यात्रा और संघर्षों के बारे में बताया और युवा पीढ़ी को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में महिला मंडल शिव शक्ति मंडोगलू तथा महिला मंडल कमरुनाग चच्योट व विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समा बांधा।

प्रधानाचार्य बौद्ध दर्शन संस्कृत विद्यालय मंडोगलू रमन कुमार ने अपने संबोधन में महिलाओं के योगदान को सराहा और विद्यालय के बच्चों को प्रेरणा देने वाले इस कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता, धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण के विषय में अपने विचार रखे।

# सरकारी स्कूलों में घटते दाखिले को लेकर चलाया अभियान



अर्थ प्रकाश /गोविन्द ठाकुर

**नेरचौक।** बल्ह विधायक श्री इंद्र सिंह गाँधी जी ने सरकारी स्कूलों में दाखिलों में गिरावट को लेकर आज अपने गोद लिए गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुम्मी के अध्यापकों व पंचायतों के प्रधान व अन्य संगठनों के पदाधिकारियों एवं बुद्धिजीवी लोगों के साथ छातडू, काठ्याहल व लोअर कुम्मी में दाखिला अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर गांधी जी बताया की शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के कांग्रेस सरकार के झूठे दावों के बीच सरकारी स्कूलों में हर साल दाखिलों में गिरावट जारी है जो एक चिन्ता का विषय है जिसे लेकर आज हम सभी को इस तरह के अभियान चलाने की शक्त जरूरत है जिससे लोगों में जकरुकता फैलाकर अधिक से अधिक दाखिले करवाने में मदद मिले। इस मौके पर गाँधी जी के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुम्मी की प्रधानाचार्या श्रीमती कुसुम लता जी, स्कूल प्रबंधन समिति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुम्मी के प्रधान श्री अर्जुन सिंह जी, सेवानिवृत्त प्रवक्ता, ग्राम पंचायत कुम्मी के उप प्रधान श्री राजकुमार जी, श्री कृष्ण चंद सेवानिवृत बैंक मैनेजर श्री प्रकाश चंद बूथ अध्यक्ष, श्रीमती रजनी महिला मंडल अध्यक्षा कुम्मी, पंचायत वार्ड पंच श्रीमती मंजू व श्रीमती सपना व श्री राजेंद्र माधवी प्रवक्ता एवं कमलेश जी इत्यादि मौजूद रहे।

# हिमाचल में गैंगवॉर का भयानक वातावरण, कानून व्यवस्था अनियंत्रित : कश्यप

व्यक्तिगत झूठे आरोप लगा रहे हैं कांग्रेस के घायल नेता, सच्चाई पर पर्दा डालने का हो रहा प्रयास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश में गैंग वॉर का एक भयानक वातावरण खड़ा हो गया है जिसकी वजह से हिमाचल की जनता भयभीत है। हिमाचल की कानून व्यवस्था पूरी तरह अनियंत्रित एवं ध्वस्तहो चुकी है, जिला बिलासपुर में जिस प्रकार से गोलियां चली यह दुर्भाग्यपूर्ण है और इस घटना को लेकर हम सभी चिंतित है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और देवभूमि में इस तरह के प्रचलन कि हम निंदा करते हैं। आज से पूर्व प्रदेश में कॉन्ट्रैक्ट शूटर की वारदात सुनने को नहीं मिलती थी पर अब यह लगातार देखने को मिल रही है, इससे हिमाचल की जनता पर अच्छा प्रभाव नहीं पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में तरह-तरह के माफिया सक्रिय है और अंत में गैंग वॉर के माध्यम से इस प्रकार की घटनाओं को बल मिल रहा है। सवाल तो सरकार पर यह खड़ा होता है कि अगर सरकार के नेता स्वयं ही सुरक्षित नहीं है तो हिमाचल प्रदेश में कौन सुरक्षित है ? प्रदेश में सरकारी अधिकारी लापता है, पुलिस कर्मियों पर गोली चलाई जाती है, सरकारी अधिकारियों से मात पीट की जाता है, सरकारी आवास पर गोलियां बरसाई जाती है, चलती गाड़ियों पर भी गोलियां चलाई जाती है, ट्रैकों को रोक कर बंदूक की नोक पर धमकाया जाता है और अगर हम इस प्रकार की घटनाओं को गिनते रहेंगे तो यह खत्म नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता को गोली लगी उसके बावजूद वह राजनीति से प्रेरित टिप्पणियां कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने इस मामले को लेकर एसआईटी का गठन कर लिया और इंक्वारी भी चल रही है। पर जिस प्रकार से घायल कांग्रेस के नेता व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे हैं वह अशोभनीय है, अगर वह टिप्पणी कर रही है कि किसी के इशारे पर गोली चली है तो गोली चलने वाला व्यक्ति तो कमरे में कैद हो गया है उसको देखकर तो उसकी पहचान की जा सकती है। पर पहचान करने के बजाय कांग्रेस नेता और उनके बेटा सीधा आरोप लगाने का प्रयास कर रहे हैं जो की राजनीति से प्रेरित है। हिमाचल में तो वैसे भी कांग्रेस पार्टी के नेता झूठ बोलने के लिए जाने जाते हैं, और अगर कांग्रेस के घायल नेता झूठ बोल रहे हैं तो वह भी जनता को पता है।

उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी के नेताओं से निवेदन करते हैं कि किसी भी व्यक्ति पर व्यक्तिगत झूठे आरोप ना लगे, क्योंकि किसी भी व्यक्ति पर आप झूठे आरोप लगाकर उसकी छवि बिगाड़ नहीं सकते अपितु आपकी छवि बिगाड़ जरूर सकती है।

# वरिष्ठ पत्रकार ख्यालीराम बने प्रेस क्लब गोहर के अध्यक्ष



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोहर।** पंजिकृत प्रैस क्लब गोहर की महत्वपूर्ण बैठक लोकनिर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित की गई। प्रैस क्लब के वरिष्ठ सदस्य सुभाग सिंह सचदेवा व सुनील शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रैस क्लब गोहर के वार्षिक चुनाव संपन्न हुए जिसमें सर्वसम्मति से ख्याली राम भारद्वाज को प्रधान, सतीश ठाकुर को उपप्रधान, हरीश कुमार को सचिव तथा संजीव कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। सुनील शर्मा, सुभाग सिंह सचदेवा, रमेश गुप्ता व कपिल शर्मा मृगेंद्र संधु को मुख्य सलाहकार चुना गया। जबकि रमेश शर्मा योगेन्द्र शर्मा व राकेश कुमार कमेटी सदस्य चुने गये।नवनिर्वाचित प्रधान ख्यालीराम भारद्वाज ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा सभी के सहयोग से मिलजुल के प्रैस क्लब गोहर को आगे बढ़ाने का प्रयत्न करेंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नहीं रहे कवि सचपाल

**सोलन (अप्रस)।** बघल्याणी बोली में कविता के प्रखर कवि , व्यंग्यकार, लघु कथाकार सचपाल के आकस्मिक निधन की खबर सुन प्रदेश की पहाड़ी भाषा के साहित्य संसार में सन्नाटा फैल गया है। बाघली बोली के चर्चित कवि सचपाल मूलतः अर्की तहसील के डुमैहर गांव के रहने वाले थे। 68 वर्ष के सचपाल को अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हुई। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु पर साहित्य संगम सोलन और बाघली साहित्य संस्थान ने गहरा दुःख प्रकट किया है। सचपाल लंबे अरसे से बाघली बोली में व्यंग्य और कविताएं लिखते रहे थे। उनकी कविताएं दैनिक जागरण, दिव्य हिमाचल में, गिरिराज, हिमभारती में निरंतर प्रकाशित होती रही थीं। उनकी कविताओं और व्यंग्यों में अपनी बोली के प्रति उकना प्रेम सहज देखा जा सकता था। जब वे मंचों से अपनी बघल्याणी बोली की कविताएं प्रस्तुत करते थे तो श्रोता भावविभोर हो उठते थे। प्रदेश ही नहीं, अपितु अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक मंचों पर भी वे लोकभाषा में रचित कविताओं के माध्यम से अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करवाते रहे थे। डॉ. हेमराज कौशिक का कहना है कि उनकी आकस्मिक मृत्यु ने बाघली बोली के साहित्य में एक ऐसी शून्यता ला दी है जिसकी निकट भविष्य में भरपाई होना कठिन ही नहीं, न मुमकिन है। उनके आकस्मिक अवसान पर बाघली साहित्य के प्रमुख साहित्यकार डॉ. प्रेमलाल गौतम, डॉ. शंकर लाल वाशिष्ठ, यादव किशोर गौतम, बृज लाल शर्मा, डॉ. हेमराज कौशिक, प्रेम रघुवंशी, डॉ. अशोक गौतम, नेमचंद ठाकुर ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सचपाल के आकस्मिक निधन को डॉ. अशोक गौतम ने बाघली साहित्य को अपूर्णीय क्षति बताया है।

### मुकेश ठाकुर को मिला नेशन बिल्डर अवार्ड



**गोहर (अप्रस)।** मंडी जिला के बल्ह क्षेत्र के नलसर निवासी मुकेश ठाकुर को जीओसी 12 कोर के सैनिक कमांडर द्वारा राजस्थान में नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुकेश टीजीटी आर्ट्स राजकीय उच्च पाठशाला बैहना जिला मंडी हिमाचल प्रदेश में तैनात है। उन्होंने सैन्य सेवा भारतीय सेवा की गर्नेडियरस रेजीमेंट में 17 वर्ष नौकरी की। वह एनएसजी में ब्लैक कैट कमांडो रहे हैं और कमांडो ट्रेनर समेत स्काई मार्शल कराटे प्रशिक्षक हैं। 2007 क्रिकेट वर्ल्ड कप वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट टीम के सुरक्षा अधिकारी रहे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के निजी सुरक्षा अधिकारी भी रहे। दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवाएं दी। अब हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग मे टी जी टी आर्ट्स के पद पर 2015 से कार्यरत हैं। शिक्षा के अलावा पाठशाला में सुबह और शाम अतिरिक्त समय में विद्यार्थियों को निशुल्क कराटे प्रशिक्षण द्वारा कराटे के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रहे हैं। मुकेश ने टीम साबला विद्यालय में लड़कियों को आत्मरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए टीम साबला का निर्माण भी किया। आईटीआई मंडी, हिमाचल आर्मी वाइव्स वूमेन संगठन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिकावरी राजकीय उच्च पाठशाला बुराहटा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खारसी, राजकीय उच्च पाठशाला बैहना में लगभग 2000 विद्यार्थियों को कराटे प्रशिक्षण प्रदान कर चुके हैं।

# लता मंगेशकर कला केंद्र में सजी कवि गोष्ठी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश जिला ऊना द्वारा होली मिलन कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर लता मंगेशकर कला केंद्र समूरकलां के सम्मेलन कक्ष में कवि गोष्ठी का आयोजन करवाया गया जिसमें जिला के लगभग 31 साहित्यकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम ने विभिन्न विभागीय गतिविधियों के बारे में बताया एवं आगामी वार्षिक योजना प्रस्तुत की।

इस दौरान सर्वप्रथम जिला ऊना के वरिष्ठ साहित्यकार श्री प्रकाश चंद्र मेहरम के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । तदुपरांत मां सरस्वती की वंदना करते हुए द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला के वरिष्ठ साहित्यकार कुंदन लाल द्वारा की गई ।डॉक्टर राज कुमार एवं जाहिद अबरोल सदस्य हिमाचल भाषा कला संस्कृति अकादमी मुख्य रूप से उपस्थित रहे । मंच संचालन का कार्य ओम प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया । डॉ योगेश चंद्र सूद, डॉक्टर सत्येंद्र कुमार, रचना रानी , अशोक कालिया, कुलदीप शर्मा, रामपाल शर्मा घायल, देवकला शर्मा, दीपक शर्मा डॉ बालकृष्ण सोनी, सुधा पराशर, राजेंद्र कुमार कौशल,अनिल कुमार जसवाल, दिनेश कुमार शर्मा राजकुमार ठाकुर, रामकिशन भट्टी मनोहर भट्टी, अलका चावला ,सपना जसवाल, पुष्पा देवी ,राम प्रकाश रेशव वर्मा, किशोरी लाल बैंस, ओम देवी सैनी, चरणजीत सिंह चन्नी, भूपराम शास्त्री, संतोष शर्मा इत्यादि ने अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

# प्रत्येक व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : संजय अवस्थी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन ।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसन्तपुर के गांव कहडोग में 'विधायक आपके द्वार कार्यक्रम' के तहत जन समस्याएं सुनने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने इससे पूर्व कहडोग गांव में 02 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने गांव में निर्मित किए जाने वाले शिव मन्दिर का भूमि पूजन भी किया।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य लोगों तक हर सुविधा पहुंचाना है जिसके लिए विभिन्न योजनाएं आरम्भ की गई हैं। युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए की स्टार्ट अप योजना, किसानों की आय बड़ाने के लिए राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट अप योजना इत्यादि योजनाएं आरम्भ की गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए आधोसंरचना आधुनिकीकरण पर बल दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए लोगों का एकजुट होना आवश्यक है ताकि कार्यों को पूरा करने में कोई बाधा न आए। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विधायक आपके द्वार कार्यक्रम इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों के मध्य जाकर उनकी समस्याओं को दूर कर उनके जीवन को सरल बनाना है।

कार्यक्रम में उपमण्डल स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया और शेष समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

# अनामिका ने किया उप मंडल गोहर को गौरवान्वित



शिक्षा के क्षेत्र में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपति मुर्मू से से हासिल किया गोल्ड मेडल

अर्थ प्रकाश /सुभाग सचदेवा

**गोहर।** मंडल गोहर के तुन्ना गांव की होनहार बेटी अनामिका जिसने ÷बेटी है अनमोल÷ होने की कहावत को सत्य कर दिखाया है। अनामिका ने पंजाब यूनिवर्सिटी में हाल ही में संपन्न 72वें दीक्षांत समारोह में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपति मुर्मू के हाथों शिक्षा की क्षेत्र में उच्च स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल हासिल कर पंजाब यूनिवर्सिटी सहित परिवार व गोहर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

गौरतलब है कि अनामिका की माता पूनम ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धंग्यारा में मुख्य अध्यापिका है और अनामिका के पिता विजय ठाकुर सिक्किम में ऊर्जा के क्षेत्र में प्रोजेक्ट हैड के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अनामिका की प्राथमिक शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल से हुई है जबकि बीए और एम ए पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से की है। एम ए में अनामिका ने पूरी यूनिवर्सिटी में अब्बल रहकर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपति मुर्मू से गोल्ड मेडल हासिल कर पूरे गोहर क्षेत्र जिला मंडी व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अनामिका अब पंजाब यूनिवर्सिटी से ही एमबीए की शिक्षा ग्रहण कर रही हैं अनामिका ने बताया वो भविष्य में यूपीएससी क्रैक करके सिविल सर्विसेज में आकर देश सेवा करना चाहती हैं।

# हमारा स्वास्थ्य ही संसार में सबसे बड़ा धन होता है : अजय गौड़

लोगों को बेहतर स्वास्थय सुविधा देना हमारा मकसद है ताकि वे निरोगी जीवन जी सकें- डॉ0. अश्वनी यादव, डॉ0.सहिल शर्मा

दोनो डाक्टर पैसे के लिए काम ना करके जनसेवा के रूप में काम करेगें- करण सिंह

समाज के उत्थान और बेहतरी के लिए दोनो बच्चें पूरी मेहनत से काम करेगें- एस.एन शर्मा



अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** हमारा स्वास्थ्य ही संसार में सबसे बड़ा धन होता है!अगर स्वास्थ्य ठीक नही है तो करोडो की धन-माया भी बेकार है! यह बात मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड ने सेक्टर-15 में स्वास्थयम मल्टी स्पेशलिस्ट क्लीनिक के उदघाटन पर फीता काटने के उपरांत मौजूद लोगों से कही। इस मौके पर क्लिनिक के संस्थापक डॉ0. अश्वनी यादव,डॉ0. साहिल शर्मा,डॉ0. रेखा यादव,डॉ0. पंकज यादव,डॉ0. रूचिका मंगला,डॉ0. रोहित गर्ग,डॉ0. ओककार,करण सिंह,सैनिक कालोनी के पूर्व प्रधान राकेश धुन्ना,पूर्व आईपीएस रमेश पाल,एस.एन शर्मा उद्योगपति,नीरज दलाल एक्सईएन,के.सी शर्मा,सुरेन्द्र पाल,जयकिशन पूर्व पुलिस अधिकारी,मुनेश शर्मा,शोभित अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजदू थे। इस अवसर पर अजय गौड ने कहा कि ये हर इंसान की चाहत होती है कि उसके जीवन में हर खुशी हो कोई गम ना हो लेकिन जीवन में खुशियो का आन्नद लेने के लिये शरीर का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। ईश्वर ने यदि हमें रोग रूपी दुःख दिये हैं तो उनसे बचने के हमे साधन भी दिये है। जिनमें से एक है स्वास्थयम मल्टी स्पेशलिस्ट क्लीनिक।

डॉ0. अश्वनी यादव और डॉ0. साहिल शर्मा ने बताया कि इस क्लीनिक की शुरूआत जनकल्याण की भावना से की गई है। जो मरीज गरीब है या जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उनका इस क्लीतिक में अनुभवी डाक्टरों द्वारा बेहतर ईलाज किया जाएगा। किसी को यदि गायनी,हडड्डी,थायराईड या अन्य कोई बिमारी है तो उन्हें इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा एक छत के नीचे सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेगीं ताकि वे निरोगी जीवन जी सकें। डॉ0. अश्वनी यादव व डॉ0.सहिल शर्मा ने बताया कि हमारे पिता श्री करण सिंह व श्री एस.एन शर्मा का आर्शीवद हमारे सिर पर है जिन्होनें हमें पैसे से ज्यादा लोगों की सेवा करना सिखाया है।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का किया शुभारंभ



अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड

**बराडा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज बराडा में कॉलेज प्राचार्या डॉ इंदु विज के दिशा निर्देश से चल रहे सात दिवसीय एन.एस.एस शिविर का शुभारंभ एन एस एस गीत गा कर किया गया।एन.एस.एस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ पूजा बैरागी ने बताया कि कैंप के द्वितीय दिन की शुरुआत वॉलिंटियर्स द्वारा एन एस एस गीत गा कर की गई इस मौके पर डॉ बिन्नी पाहवा ने डिजिटल इंडिया पर वॉलिंटियर्स को एक्सटेंशन लेक्चर दिया जिसका उद्देश्य डिजिटल इंडिया एक पहल है जिसका उद्देश्य बुनियादी ढांचे के उन्नयन, डिजिटल साक्षरता में वृद्धि और ई-सेवाओं को बढ़ावा देकर देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज में बदलना है। उसके बाद वॉलिंटियर ने गांव रजौली में जाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अभियान को आगे बढ़ते हुए गांव की गली गली में जाकर रैली निकली जिससे लोग बेटियों के प्रति जागरूक हो सके।

# अनियंत्रित इनोवा गाड़ी नहर में गिरी 2 की मौत





अर्थ प्रकाश /सीमा देवी

**इंद्री।** इंद्री के गांव धनौरा के पास शुक्रवार देर रात एक अनियंत्रित इनोवा गाड़ी पश्चिमी यमुना नहर में गिर गई। जिससे गाड़ी में सवार संदीप और दलबीर की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार संदीप(करीब 42) ओर दलबीर(करीब 40) निवासी सढ़ूरा (यमुनानगर) से धनौरा में अपने मित्रों को छोड़ने आए थे। जैसे ही वे अपने मित्रों को छोड़कर धनौरा के नजदीक से गुजर रही पश्चिमी यमुना नहर के पुल के पास पहुंचे तो उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही आस पास के ग्रामीणों ने पुलिस और गोताखोरों को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही गोताखोर प्रगट सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गाड़ी को तलाशने का प्रयास किया। लेकिन पानी गहरा होने के कारण उन्हें नहर से खाली हाथ लौटना पड़ा।इसके बाद शनिवार सुबह गोताखोरों की सहायता से पुलिस ने संदीप के शव को निकाला ओर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन गाड़ी ओर दलबीर का सुराग नहीं मिला। काफी मशक्कत के बाद हाइड्रा की सहायता से गाड़ी को बाहर निकाला तो उससे दलबीर का शव बरामद हुआ।

### करीब 15 घंटे तक चले सर्च अभियान के बाद मिली गाड़ी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने रात करीब 11 बजे सर्च अभियान शुरू कर दिया। लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। सुबह करीब 10 बजे पुलिस को संदीप का शव बरामद हुआ। लेकिन दलबीर ओर गाड़ी का पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस ने कुश्ती मंगवाई ओर एसडीआरएफ के जवानों की सहायता से गाड़ी की तलाश शुरू की। करीब 2 बजे पुलिस ने हाइड्रा की सहायता से गाड़ी को निकाला तो उससे दलबीर का शव बरामद हुआ।

### मामले की जांच है जारी

इस मामले में थाना प्रभारी विपिन कुमार का कहना है कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

**विपिन कुमार थाना प्रभारी इंद्री।**

## दयालु योजना के तहत मृत्यु या दिव्यांग होने पर दी जाती है आर्थिक सहायता : राम कुमार कश्यप



**इंद्री (अप्रस)।** विधायक एवं चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) लागू की गई है। इसके तहत प्रदेश के गरीब परिवारों में 6 से 60 साल की आयु तक के किसी व्यक्ति की मृत्यु होने अथवा दिव्यांग होने पर आर्थिक मदद दी जा रही है। इस योजना के दायरे में एक लाख 80 हजार रुपये तक की आय वाले परिवार आएंगे। ऐसे परिवारों में 1 अप्रैल 2023 से किसी की मृत्यु हुई है या 100 प्रतिशत दिव्यांग हुआ है तो वह परिवार इस योजना का पात्र माना जाएगा। आवेदन के लिए परिवार के पास पीपीपी होना जरूरी है। यदि परिवार में किसी की एक्सीडेंट या प्राकृतिक मृत्यु हुई है, तो उसका मृत्यु प्रमाण पत्र देना होगा। यदि एक्सीडेंट में दिव्यांग हुआ है तो उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र, अस्पताल से डिस्चार्ज के दस्तावेज और एफआईआर की कॉपी जरूरी है।

# दीपेन्द्र हुड्डा गाँव बहलबा में आयोजित शहीदी फुटबॉल प्रतियोगिता में हुए शामिल, खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल



**रोहतक।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज महम हलके के गाँव बहलबा में ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित शहीदी फुटबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गाँव-गाँव में खेल प्रतिभाएं मौजूद हैं। इसी को पहचानकर चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने खिलाड़ियों के हित में 'पदक लाओ, पद पाओ' नीति लागू की। इस नीति के तहत मेडल विजेता प्रतिभाशाली खिलाडियों को सीधे डीएसपी व अन्य सम्मानजनक सरकारी पदों पर नौकरियां मिलने के कारण प्रदेश के युवाओं में खेल को करियर बनाने का नया जुनून तैयार हुआ था। जिसका परिणाम ये हुआ कि ओलिंपिक, कामनवेल्थ, एशियन गेम्स और विश्व चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा मेडल जीतकर देश की झोली में डाले और पूरी दुनिया में देश-प्रदेश का नाम रोशन किया। लेकिन बीजेपी सरकार ने इस उम्दा खेल नीति को तोड़-मरोड़ कर बंद कर दिया और पदक विजेता खिलाड़ियों को उनके हक से वंचित भी कर दिया। कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने स्कूली बच्चों में शुरुआती उम्र से ही खेल प्रतिभा को निखारने की दृष्टि से अनिवार्य 'स्पैट' नीति बनाई, जिसके तहत शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बच्चों को 1500-2000 रुपये का मानदेय मिलता था। ग्रामीण स्तर पर खेल स्टेडियमों की व्यवस्था की गयी, उनमें कोच आदि की नियुक्ति की गयी। लेकिन आज पूरे प्रदेश में खिलाड़ियों को खेल सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। दीपेन्द्र हुड्डा ने बीजेपी सरकार को चुनाव के समय जनता से किये वादों को पूरा करने की भी याद दिलाई। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय बीजेपी ने कहा था कि ।।यत्रह्ह के जरिए लगे कर्मचारियों को पक्का करेंगे लेकिन अब उनको हटाया जा रहा है। सफाई कर्मचारी पक्के होना तो दूर, कई महीनों से सफाई कर्मचारियों की तनख्वाह भी नहीं आ रही। लोगों के पीले कार्ड काटे जा रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि बीजेपी चुनाव के समय जनता से किये वादों को पूरा करने की बजाय उलट काम कर रही है।

# शिक्षकों की कमी से जूझ रहे है हरियाणा के सरकारी स्कूल : कुमारी सैलजा

कहा- प्रदेश में करीब 500 सरकारी स्कूल चल रहे हैं बिना टीचर के

शिक्षा विभाग के लगभग 5,000 नॉन टीचिंग स्टाफ के पद खत्म करने की तैयारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा का ढांचा बुरी तरह से चरमरा गया है, एक ओर जहां सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने की बात कर रही है वहीं प्रदेश के करीब 500 सरकारी स्कूलों में हजारों शिक्षकों की कमी है, पलवल, सिरसा, अंबाला और फरीदाबाद में शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। नियमित अध्यापक रखने के बजाए कम वेतन पर एचकेआरएन के माध्यम से नियुक्तियां की जा रही है। यह सरकारी बेरोजगारों के साथ ही नहीं देश के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। दूसरी ओर सरकार शिक्षा विभाग के लगभग 5,000 नॉन टीचिंग स्टाफ के पद सुप्रिटेंडेंट, वाईस सुप्रिटेंडेंट, स्टेनोग्राफर, स्टेनो, टाइपिस्ट, सहायक, सांख्यिकी सत्यापक, ड्राइवर, लैब अटेंडेंट और क्लर्क सहित कई पदों को खत्म करने की तैयारी कर रही है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार की ओर से सदन में जो आंकड़े पेश किए है उसमें माना है कि सरकारी स्कूलों में करीब 15659 शिक्षकों की कमी है, कुल 115325 पदों में से 99666 पद ही भरे हुए बताए जा रहे है। इनमें 80640 नियमित, 11616 अतिथि अध्यापक और 7110 एचकेआरएन के तहत कार्यरत है। इस समय सबसे ज्यादा पलवल में 1484, सिरसा में 1154, अंबाला में 1183 और फरीदाबाद में 1090 शिक्षकों की कमी है। इसके साथ ही कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, पंचकूला, पानीपत, रेवाडी, रोहतक, सोनीपत और नूंह-मेवात में शिक्षकों की कमी है। हरियाणा में 487 ऐसे सरकारी स्कूल हैं, जहां एक भी टीचर नहीं है। इसका खुलासा हरियाणा मौलिक शिक्षा विभाग द्वारा किए गए रेशनेलाइजेशन कैंपेन की सहायता से हुआ है। प्रदेश में 487 सरकारी स्कूल बिना टीचर के चल रहे हैं। इसके अलावा 294 स्कूलों में स्टूडेंट्स का दाखिला नहीं हुआ है। आंकड़ों से पता चलता है कि टीचरों के पदों पर फिर से भर्ती होने के बाद भी सरकारी प्राइमरी स्कूलों में 2,262 टीचर्स की कमी है। इसके अलावा स्टूडेंट्स का अनुपात केवल 28.1 है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि आंकड़ों के मुताबिक यमुनानगर में 79 स्कूल ऐसे हैं जो जहां टीचर नहीं है। इसके बाद पंचकूला में 45 और कुरुक्षेत्र में 34 बिना टीचर वाले स्कूल हैं। इसके अलावा यमुनानगर में बिना स्टूडेंट वाले 32 स्कूल हैं।

### हरियाणा में भाजपा सरकार 5,000 सरकारी नौकरियां ख़त्म करने पर उतारू

कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 के अपने जुमलापत्र यानि संकल्प पत्र में 22 लाख पक्की सरकारी नौकरियों का झांसा देने वाली भाजपा का चेहरा बेनकाब हो रहा है, नई नौकरियां देना तो दूर अब तो प्रदेश में 5,000 सरकारी नौकरियां ख़त्म करने पर उतारू है। शिक्षा विभाग के लगभग 5,000 नॉन टीचिंग स्टॉफ के पद, हमेशा के लिए ख़त्म करने का रास्ता तैयार कर रही है। इनमें सुप्रिटेंडेंट, वाईस सुप्रिटेंडेंट, स्टेनोग्राफर, स्टेनो, टाइपिस्ट, सहायक, सांख्यिकी सत्यापक, ड्राइवर, लैब अटेंडेंट और क्लर्क सहित कई पद शामिल है। भाजपा सरकार हरियाणा के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को पहले ही चौपट कर चुकी है और अब नौकरी के अवसर भी ख़त्म करने में लग हुई है।

# लाखों रुपए का साइबर फ्रॉड करने के मामले में महिला सहित तीन लोग दिल्ली से काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सिरसा।** साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की साइबर थाना पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए, वर्क फ्रॉम होम के जरिए,घर बैठे लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर, ऐलनाबाद कस्बे की एक महिला से 67 लाख 80 हजार 277 रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में महिला सहित तीन लोगों को दिल्ली से काबू किया है ।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अनिल कुमार पुत्र जमेली यादव निवासी केके कॉलोनी सोदानसी, जिला रामगढ़, झारखंड, गौरव पुत्र अनिरुद्ध निवासी मधुबनी बिहार व निधि पुत्री बृजमोहन निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली के रूप में हुई है । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारती पुत्री दिनेश कुमार वार्ड नं. 17, ऐलनाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि कुछ समय पहले उसके मोबाइल फोन पर एक महिला का फोन आया और कहने लगी कि पीडीएफ फाइल में डाटा एंट्री कर आप घर बैठे वर्क फ्रॉम होम के जरिए लाखों रुपए कमा सकते हो । इस काम के लिए आपको एक लैपटॉप की आवश्यकता होगी, जो हमारी कंपनी आपको लैपटॉप उपलब्ध करवाएगी,तथा पेपर वर्क के लिए आपको 1500 रूपए हमारी कंपनी के अकाउंट में ट्रांजैक्शन करने होंगे । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकार पीड़ित लड़की साइबर अपराधियों के लुभाने ऑफर में आकर कम समय में ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में पड़ गई । पीड़ित लड़की से पेंडिंग जीएसटी के नाम पर बार-बार दबाव डालकर यूपीआई के जरिए ट्रांजैक्शन करवाई गई और पैसे न डालने की एवज मे पहले वाली रकम रिफंड नहीं होने का दबाव बनाया गया। जब तक पीड़ित लड़की को एहसास हुआ तब तक साइबर अपराधियों ने यूपीआई ट्रांजैक्शन के जरिए, लड़की को 67 लाख 80 हजार 277 रुपए का चूना लगा दिया था। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ साइबर थाना में ठगी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी । जांच के दौरान साइबर थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अनिल,गौरव व निधि को ग्रेटर नोएडा गौतम बुध नगर दिल्ली से काबू कर लिया ।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ कर उनकी निशान देही पर करीब एक लाख 25 हजार रूपए की ठगी की राशि व वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किए गए है । वहीं गौरव के खाते के 4 लाख रूपए व निधि के खाते के 5 लाख रूपए फ्रीज करवाए गए हैं । उन्होने

## मंदिर से सरिया चोरी का अरोपी काबू

**सोनीपत (अप्रस)।** जिले के थाना सैक्टर-27, सोनीपत की पुलिस टीम ने मंदिर से लोहे के सरिया चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अभिषेक पुत्र शमशेर निवासी विकास नगर, सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि दिनाँक 15 मार्च 2024 को सुभाष पुत्र मनोहर लाल, कोषाध्यक्ष, माता चिन्तपूर्णी भवन निवासी सोनीपत नें थाना सैक्टर-27, सोनीपत में शिकायत दी कि हमारे मन्दिर का कार्य निर्माणाधीन है। दिनाँक 15/3/25 को नौजवान मन्दिर की दीवार लांघ कर मन्दिर में घुसा और चोरी छिपे लोहे के सरिया सरकारी मकान की तरफ फेंकता हुआ देखा गया और उसको काबू कर लिया उसने अपना नाम अभिषेक पुत्र शमशेर निवासी विकास नगर, सोनीपत बतलाया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### निफ़ा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित



**इंद्री (सीमा देवी)।** संवेदना 2 अभियान की शुरुआत करते हुए निफ़ा इंद्री द्वारा आज गाँव रिंडल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमे गाँव के युवाओ ने बढ़ चढ़कर 60 यूनिट रक्तदान किया ।निफ़ा प्रदेशाध्यक्ष श्रवण शर्मा ने बताया कि संवेदना 2 अभियान के तहत सभी 28 राज्यो,8 केंद्र शासित प्रदेशों व सभी 800 जिलों में 16 से 30 मार्च तक 2400 रक्तदान शिविर लगाए जाएँगे व 150000 ( डेढ़ लाख) यूनिट रक्त दान कराकर रेड क्रॉस व सरकारी ब्लड सेंटर को दिया जाएगा ।उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आपकी एक यूनिट रक्त से 3 लोगो की जान बचाई जा सकती है व रक्तदान करने से अपने शरीर में भी नए रक्त का संचार होता है और बहुत सी बीमारियों से बचाव होता है ।निफ़ा इंद्री सदस्य करणजीत सिंह व नीरू देवी ने कहा कि निफ़ा इन्द्री इस अभियान में लगातार रक्तदान शिविर लगाकर अपना सहयोग देगी ।व युवाओ को रक्तदान के प्रति जागरूक करती रहेगी ।निफ़ा इंद्री सदस्य नवीन कंबोज व नवीन भाटिया ने अपने गाँव रिंडल में पहला रक्तदान शिविर आयोजित कराकर युवाओ को रक्तदान के प्रति जागरूक किया व भविष्य में भी लगातार रक्तदान शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया। इस रक्तदान शिविर में लोगो में भारी उत्साह देखा गया ।गांव में मंदिर के पुजारी ने अपने पूरे परिवार सहित रक्तदान करके सभी को जागरूक किया। लोकनायक जय प्रकाश हॉस्पिटल ब्लड सेंटर कुरुक्षेत्र की टीम ने रक्तदान कराया व निफ़ा की और से सभी रक्तदाताओं को शहीदों के परिजनों द्वारा हस्ताक्षरित प्रशंसा पत्र व आयोजकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।

### सच्ची भावना के साथ ही हो सकती है सच्ची सेवा: गुरुजी



**फरीदाबाद (अप्रस)।** गुरुजी द डिवाइन स्परीचुअलिटी मिशन द्वारा रविवार को सेक्टर-21 सी स्थित सामुदायिक केन्द्र में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 63 लोगों ने रक्तदान किया और 200 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी जांच करवाई। इस मौके पर गुरुजी द डिवाइन स्परीचुअली मिशन की तरफ से सभी के लिए खाने की व्यवस्था भी की गई थी। रोटरी डे केयर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने भी बड़-चड़कर भाग लिया। जानकारी देते हुए गुरु मां ने बताया कि यहां पर नि:शुल्क बीपी, शुगर, ब्लड चैकअप, व अन्य टेस्ट किए जा रहे हैं। इसके अलावा कुछ टेस्ट डिस्काउंट रेट पर भी किए जा रहे हैं। इस कैंप में दांतों की जांच कराने आने वाले लोगों के लिए टूथपेस्ट, टूथब्रश आदि भी नि:शुल्क दिए जाते हैं।

# घरौंडा में 20वां सामूहिक विवाहोत्सव: एकता और सेवा की दिखी अनोखी मिसाल

अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरी



**घरौंडा।** सनातन धर्म मंदिर घरौंडा में रविवार को विशाल भगवती जागरण मंडल द्वारा 20वां सामूहिक विवाहोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद जोड़ों को विवाह के पवित्र बंधन में बांधकर समाज में सहयोग और एकता का संदेश देना था।

**मुख्य अतिथि और विशिष्ट हस्तियां बनीं आयोजन की शोभा :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र कल्याण, जो हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंदर कल्याण के भाई हैं, ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने इस पावन समारोह को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अनिल कुमार गर्ग, एम.डी., अरोमा एग्रोटेक प्रा.लि. ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अनिल जैन, एम.डी., एन. (वीर ओवरसीज लिमिटेड) ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं।

**पांच जोड़े बने वैवाहिक बंधन का हिस्सा :** इस पावन अवसर पर पांच जोड़ों ने सात फेरे लेकर अपने जीवन की नई शुरुआत की। सभी जोड़ों के नाम इस प्रकार हैं-

1. काजल कचरौली संग विक्की मोहिदीनपुर
2. वर्षा कुंजपुरा संग राहुल रामनगर करनाल
3. शिवानी घरौंडा संग राजकुमार भलौट पानीपत
4. कोमल नगला फार्म संग धर्मपाल भारतारपुर सोनीपत
5. रंजना पुण्डरी संग सुनील कुमार बालोना

सभी जोड़ों के विवाह विधि-विधान से संपन्न किए गए, जहां मंगल गीतों के साथ परिवारजन और समाज के लोगों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

**विशेष भूमिका निभाने वाले समाजसेवी :** इस आयोजन की सफलता में विशाल भगवती जागरण मंडल के प्रधान श्री हरबंस लाल चुघ, कोषाध्यक्ष ललित चुघ और मीडिया प्रभारी सन्नी बजाज ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनकी मेहनत और समर्पण से ही यह आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश दे पाया।

**सामूहिक विवाहोत्सव- समाज सेवा का अनूठा उदाहरण :** यह सामूहिक विवाह न सिर्फ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक वरदान साबित हुआ, बल्कि इसने समाज में एकजुटता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत किया। स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर इस आयोजन में भाग लिया और नवदंपतियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सहयोग और सेवा की भावना को जीवित रखते हैं। विशाल भगवती जागरण मंडल द्वारा आयोजित यह 20वां सामूहिक विवाहोत्सव न केवल नवदंपतियों के लिए यादगार पल बना, बल्कि समाज को एक नई दिशा और प्रेरणा भी दे गया।

## जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत (अप्रस)।** जिले के थाना खरखौदा की पुलिस टीम ने कार से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र नफे निवासी गाँव कुण्डल जिला सोनीपत हाल जैन नगर, नरेला दिल्ली का रहने वाले है।

15 मार्च 2024 को सागर पुत्र नफे निवासी गाँव कुण्डल जिला सोनीपत नें थाना खरखौदा में शिकायत दी कि 14 मार्च 2025 को मेरे बडे भाई नीरज पास झगड़ हुआ है। सुचना पाकर मै मौके पर आया तो मेरे भाई नीरज ने बताया कि थोडी देर पहले मैं और अरविन्द व पवन बैठकर पार्टी कर रहे थे तभी हमारे गाँव का दीपक पुत्र अशोक निवासी गाँव कुण्डल अपनी कार को लेकर आया और वहां रोक कर हमारे पास आकर कहने लगा कि तुम ने मुझे क्यो नही बुलाया और इस बात को लेकर आपस में कहा सुनी हो गई और वह मार पिटाई करने लगा जो शराब के नशे में प्रीतत हो रहा था और दीपक ने अपनी कार से मेरे भाई को पीछे से काफी तेज टक्कर मारी और वहाँ से भाग गया फिर हम नीरज को इलाज के लिए केश्वय हॉस्पिटल खरखौदा मे दाखिल करा दिया जिसका अब ईलाज चला हुआ है। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत थाना खरखौदा में अभियोग दर्ज किया गया।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने निकाली शोभायात्रा



अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, पिपली सेवा केन्द्र द्वारा सेक्टर 5 में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। विगत 30 वर्षों से ईश्वरीय सेवा में समर्पित ब्रह्माकुमारी प्रेरणा बहन ने बताया कि शोभा यात्रा का प्रयोजन शिव ज्ञान से जन कल्याण हेतु जागृत करना व गली गली शिव का सन्देश देना था। शिव के नारों द्वारा जनता को आह्वान किया। जागो - जागो समय पहचानो - भारत में भगवान आये हैं। सबका सद्गति दाता कौन? एक शिव परमात्मा । सब सत्यों में सत्य महान शिव है गीता का भगवान। इस अवसर पर राजेन्द्र कुमार सैनी एम. सी. ने शिव ध्वज दिखा कर शोभा यात्रा की शुरुआत की। इस शोभा यात्रा को सुचारू रूप से ब्रह्माकुमारी रेखा बहन ने अग्रसर होकर राजीव सैनी, कर्मजीत सैनी, धर्मपाल, देशराज, फूल सिंह, तेजपाल, हरिपाल, मनोज, दर्शन गोयल, सन्दीप सैनी व बलजीत कौर, सीमा, ललिता, प्रतिभा, सरोज बाला, नीलम जैन व नरेन्द्र बहन द्वारा शोभा यात्रा में भाग लिया गया। इस अवसर पर एडवोकेट राजेश कौशिक ने भी शोभा यात्रा की सराहना करते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा निस्वार्थ भाव से सेवा करना ही सच्ची सेवा है।

# सैनी सेवा ट्रस्ट की दूसरी मैराथन दौड़ आयोजित, विजेताओं को किया सम्मानित : रामधन सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**समालखा।** हल्के के गांव देहरा के खेल स्टेडियम में रविवार को सैनी सेवा ट्रस्ट द्वारा दूसरी महिला व पुरुषों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए हुए हजारों धावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपना दमखम दिखाया। मैराथन (पुरुष) दौड़ प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भारतीय कुश्ती जगत के दिग्गज दिनेश कपूर ने खेलों के महत्व पर बारीकी से प्रकाश डालते हुए धावकों का हौसलावर्धन करते हुए बताया कि खेल हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, साथ ही सामाजिकता और टीम वर्क को भी बढ़ावा देते हैं। कपूर ने कहा कि सैनी सेवा ट्रस्ट इस तरह के कार्यक्रम करके समाज को एक नई दिशा देने का काम कर रहा है। इसी बीच ठेकेदार राकेश कुमासपुर ने खेल प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इनके बल पर ही हम जीवन की बुलंदियों पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं और हम तंदुरुस्त रहते हैं। इसके साथ ही, खेल हमें विज्ञान, मनोविज्ञान, संघटना, अनुशासन और नैतिकता की महत्वपूर्ण शिक्षाएं भी प्रदान करता है। राकसेड़ा के सरपंच रामधन सैनी ने कहा कि अगर युवाओं को जीवन में आगे बढ़ना है तो आज के मौजूदा प्रतियोगिता के इस युग में युवाओं को शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करनी होगी और नशे से दूर रहना होगा।

कमल कुटिया समालखा के प्रमुख संत सुंदर दास ने कहा कि नशा नाश की जड़ हैं जिसे हर हाल में खत्म किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि खेल हमें तंदुरुस्त रखते हैं और युवाओं को खेलों पर ध्यान देना चाहिए. राम सिंह कारकौली, रामफल सैनी, सरपंच पति कपिल शर्मा, संजय सैनी आदि ने धावकों एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को अपनी संस्कृति और मर्यादाओं से जुड़ कर रहना चाहिए क्योंकि पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण एक सभ्य समाज के लिए निरंतर एक बीमारी का रूप ले रहा हैं। युवा ही देश को सही दिशा में ले जाने का काम कर सकते हैं।

इसी बीच ट्रस्ट की अध्यक्षा माया देवी ने ट्रस्ट द्वारा आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि सैनी सेवा ट्रस्ट सही मायनों में मानवीय मूल्यों का आईना बनकर समाज के सामने आया है। उन्होंने ट्रस्ट की उपलब्धियां का भी बारीकी से जिक्र किया और 76 साल के कर्ण सिंह सैनी ने इस भी अपने अनुभवों को सांझा किया। पट्टीकल्याण गांव में सरपंच मुकेश पहलवान, कमल कुटिया समालखा के प्रमुख संत सुंदर दास, पूर्व सरपंच नवरत्न पावटी, गड़ी त्याग्यान गांव में सरपंच अजब सिंह छोकर एडवोकेट, पूजा दास, महावटी गांव में सरपंच जयपाल देशवाल, महावटी आश्रम के प्रमुख संत रजक दास ने खेल प्रेमियों की भारी भीड़ के साथ पुष्प वर्षा के जरिए दौड़ के सभी प्रतिभागियों का भव्य स्वागत किया।

विभिन्न दूरियों व वर्गो की दोडों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थी और पंचम स्थान पर रहे विजेताओं को ट्रस्ट की ओर से साईकिले आदि देकर सम्मानित किया गया । महिला वर्ग में मुस्कान पहले नंबर पर, कारी का दूसरे नंबर पर, अंकित तीसरे, आरती चौथे व प्रियंका पांचवे में, पुरुष ओपन वर्ग में वंश सैनी प्रथम, सचिन दूसरे, शुभम तीसरे, सचिन चौथे व साहिल पांचवे और अंडर 18 बॉयज में सौरभ पहले नंबर पर, प्रिंस दूसरे नंबर पर, मयंक तीसरे, अजय चौथे,व चक्षु पांचवे स्थान पर रहे।

इस मौके पर सुनील छिक्कारा, जितिन, मोहित, आशीष मलिक, निशांत, आकाश धनखड़, अनिल सैनी, सतीश, मोहन लाल सैनी, संकेत,रामफल, राजकुमार, प्रेम, पंकज, संजय, अनिल कुमार सैनी, बलवान सिंह, सतीश कुमार, सुरेश, पप्पू, मदन सिंह रोहतक, विक्की, बलजीत, मोहित, सोनी, जतिन, कुलदीप, जयपाल,अनीता, सरोज बाला, मूर्ति देवी, जगमती, बिमला, ममता, सोना देवी, मोहित, टोनी सैनी आदि मौजूद थे।

# शिव के पास हैं विनाशक हथियार, दुष्टों का कर देते हैं पल भर में संहार



कैलाशपति भोलेनाथ को कल्याण और विनाश दोनों का देवता माना जाता है। कल्याण वह भक्तों का करते हैं और संहार शिव दुष्टों का करते हैं। वो भस्म रमाते हैं तो ब्रह्माण्ड के समस्त रत्न उनके चरणों में समर्पित है और शिव उनके अधिपति हैं। भोले भंडारी हैं। थोड़ी सी भक्ति से प्रसन्न हो जाते हैं तो अपनी क्रोधाग्नि की अग्नि में जलाकर बुराइयों और दुष्टों को भस्म भी कर देते हैं। पाताल से लेकर आसमान की गहराईयों तक शिवभक्तों को अभय और सुरक्षाकवच प्रदान करने वाले पिनाकपाणी शिव विध्वंसक हथियारों के अधिपति भी है, जो बेहद संहारक और दुष्टों का नाश करने वाले हैं और इन्ही भोलेनाथ के अमोघ अस्त्र- शस्त्र की मदद से देवताओं ने असुरों को पराजित किया था।

महादेव के धनुष का नाम पिनाक है। कहा जाता है कि पिनाक की टंकार इतनी भयानक है कि उसकी तीखी ध्वनी से ही बादल फट जाते थे और धरती पर भयानक कंपन पैदा हो जाता था। पिनाक के मात्र एक तीर से शिव ने त्रिपुरासुर की तीनों नगरियों को नष्ट कर दिया था। मान्यता है कि देवी और देवताओं के युग की समाप्ति के बाद इस धनुष को देवरात के सुपूर्द कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि राजा दक्ष के यज्ञ में यज्ञ का भाग शिव को नहीं देने के कारण महादेव की क्रोधाग्नि काफी ज्यादा भड़क गई थी और उन्होंने सभी देवताओं को अपने पिनाक धनुष से नष्ट करने का संकल्प ले लिया था। उस समय पिनाक की एक टंकार से धरती का वातावरण बहुत भयानक हो गया था। बड़ी मुश्किल से भोलेनाथ का क्रोध शांत किया गया, उसके बाद उन्होंने यह धनुष देवताओं को सौंप दिया था। देवताओं ने इस धनुष को राजा जनक के पूर्वज देवरात को सौंप दिया था। राजा जनक के पूर्वज निमि के ज्येष्ठ पुत्र देवरात थे। शिव-धनुष उन्हीं की धरोहर के रूप में राजा जनक के पास रखा हुआ था। इस धनुष को भोलेनाथ ने स्वयं अपने हाथों से बनाया था। उनके इस विशालकाय, शक्तिशाली और वजनदार धनुष को कोई भी उठाने की सामर्थ्य नहीं रखता था। लेकिन भगवान श्रीराम ने इसको देवी सीता के स्वयंवर में उठाया, प्रत्यंचा चढ़ाई और इसे एक झटके में तोड़ दिया था।

### महादेव का चक्र

पौराणिक मान्यता के अनुसार सभी प्रमुख देवी-देवताओं के अपने-अपने अस्त्र-शस्त्र है और इनमें चक्र सबसे प्रमुख शस्त्र है। भगवान भोलेनाथ के पास भवरेंदु नाम का शक्तिशाली और अमोघ चक्र है, जबकि भगवान श्रीहरी के पास कांता नाम का चक्र और देवी दुर्गा के पास मृत्यु मंजरी चक्र है। इसी तरह सुदर्शन चक्र का आख्यान भी भोलेनाथ से प्रारंभ होता है। मान्यता है कि सुदर्शन चक्र का निर्माण स्वयं कैलाशपति शिव ने किया था। निर्माण करने के बाद इसको उन्होंने श्रीहरी को भेंट कर दिया था। आवश्यकता होने पर उन्होंने सुदर्शन चक्र को देवी पार्वती को भी प्रदान किया था। देवी पार्वती ने इस अमोघ चक्र को परशुराम को सौंप दिया और परशुरामजी ने इस चक्र को श्रीकृष्ण को भेंट कर दिया था।

### महादेव का त्रिशुल

महादेव के पास कई तरह के दिव्य अस्त्र- शस्त्र थे। भगवान भोलेनाथ ने इन सभी अस्त्रों- शस्त्रों को देवताओं को भेंट कर दिया था, लेकिन उन्होंने त्रिशूल को किसी को भी नहीं दिया था और अपने पास रखा था। शास्त्रोक्त मान्यता है शिव धनुष अत्यंत घातक और मारक शक्ति वाला हथियार है। त्रिशूल 3 प्रकार के कष्टों दैहिक, दैविक और भौतिक के विनाश का प्रतीक माना जाता है। इसके साथ ही त्रिशूल में तीन तरह की शक्तियां सत, रज और तम समाई हुई है।

### महादेव का पाशुपतास्त्र

पूरी सृष्टि के विनाश की क्षमता रखने वाला विनाशक हथियार पाशुपतास्त्र भी शिव के प्रमुख शस्त्रों में से एक है। इसकी बनावट एक तीर के समान बताई गई है और धनुष के प्रयोग से इसको चलाया जाता था। महाभारत के समय यह हथियार अर्जुन के पास था, लेकिन लोकहित को ध्यान में रखते हुए उसने कभी इसका प्रयोग नहीं किया।

# भगवान कृष्ण ने सांदीपनि आश्रम में ली थी शिक्षा, बलराम और सुदामा थे सखा

भगवान कृष्ण के जन्म से जुड़ी बातें जब भी होती हैं, तब-तब मध्यप्रदेश के उज्जैन के सांदीपनि आश्रम का जिक्र जरुर आता है। इसी आश्रम में भगवान कृष्ण ने 64 दिन पढ़ाई करके 64 विद्याएं और 16 कलाएं सीखी और पहले जगत गुरु बने थे। इस दौरान उनके साथ भगवान बलराम और सुदामा भी साथ पढ़ते थे। भगवान कृष्ण के गुरु महर्षि सांदीपनि जी का आश्रम करीब 5 हजार 273 साल पुराना है। सांदीपनि आश्रम में गुरु सांदीपनि जी की मूर्ति के सामने चरण पादुकाओं के दर्शन होते हैं।

धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि 11 साल 7 दिन की आयु में भगवान कृष्ण अपने मामा कंस का वध करने के बाद बाबा महाकाल की नगरी अवंतिका में आए थे। यहां उन्होंने 64 दिनों तक रहकर पढ़ाई की थी। आश्रम में भगवान कृष्ण की बैठे हुई मुद्रा में मूर्ति के दर्शन होते हैं। जबकि दूसरे मंदिरों में भगवान कृष्ण खड़े होकर बांसुरी बजाते हुए दिखाई देते हैं। यहां भगवान कृष्ण बाल रुप में नजर आते हैं। उनके दोनों हाथों में स्लेट और कलम हैं। इससे मालूम होता है कि वे विद्याध्ययन कर रहे हैं। देश-दुनिया से सांदीपनि आश्रम में बड़ी संख्या में दर्शन के लिए लोग




आते हैं।

सांदीपनि आश्रम में ही हरि से हर का मिलन हुआ था। हरि यानी भगवान कृष्ण और हर अर्थात भोलेनाथ। श्री कृष्ण जब सांदीपनि आश्रम में पढ़ने के लिए पहुंचे तो भगवान शिव उसने मिलने गए थे। इस दौरान भगवान शिव ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के भी दर्शन किए। कहा जाता है कि यह दर्लभ क्षण था जब हरिहर का मिलन सांदीपनि आश्रम में हुआ था। उज्जैन में भगवान कृष्ण के तीन विख्यात मंदिर हैं। पहला सांदीपनि आश्रम जहां भगवान कृष्ण ने ज्ञान प्राप्त किया था। दूसरा गोपाल मंदिर है। गोपाल मंदिर की देखरेख सिंधिया राजघराना करता है और तीसरा मंदिर इस्कॉन मंदिर हैं। तीनों मंदिरों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महापर्व धूमधाम से मनाया जाता है।

सांदीपनि आश्रम का नाम अंकपात भी था। कहा जाता है कि भगवान कृष्ण सांदीपनि आश्रम में स्लेट पर लिखे अंकों को धोकर मिटाते थे। इस वजह से आश्रम का नाम अंकपात भी पड़ा था। यहां गोमीकुंड भी काफी प्रसिद्ध जगह है। कहा जाता है कि 1 से 100 अंकों को एक पत्थर पर गुरु सांदीपनि ने ही अंकित किया था। कहा जाता है कि महर्षि सांदीपनि ने भगवान कृष्ण को जगत गुरु की उपाधि दी थी। यह करीब 5 हजार साल पुरानी बात कही जाती हैं। इस बारे में प्रमाण आज भी सांदीपनि आश्रम उज्जैन में मौजूद हैं।

# भाजपा के नये जिला अध्यक्ष की आज होगी घोषणा: संदीप जोशी

**भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए आए 59 नामांकन, महिलाओं सहित सभी वर्गों के कार्यकर्ताओं ने किया नामांकन**

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पद के लिए रोहतक में 59 कार्यकर्ताओं ने अपना नामांकन दाखिल किया है,जिसमें वर्तमान जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका,महासंपर्क अभियान संयोजक नागेंद्र शर्मा,प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, फरीदाबाद के प्रभारी नरेंद्र वत्स, पूर्व पार्षद अशोक खुराना और महिला आयोग की पूर्व चेयरपर्सन प्रतिभा सुमन,चैयरमैन हरीश कौशिक, डॉ दिनेश घिलौड,सत्य प्रकाश बिसला,सतीश चौधरी,आशा शर्मा, ईश्वर चंद्र सिंघल, अमित बंसल, मनोज मक्कड़,पंकज भारद्वाज, सुषमा सरोहा, धर्मवीर शर्मा सहित कई प्रमुख नेता अध्यक्ष की दौड़ में शामिल हैं। जिला चुनाव सह अधिकारी सुखबीर चंदेलिया व डॉ दिनेश घिलौड़ ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व सभी आवेदकों पर विचार विमर्श करेगा और 17 मार्च सोमवार को सर्वसम्मति के साथ नये जिलाध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है।

रविवार को रोहतक सनसिटी सेक्टर-36ए स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय 'मंगल कमल' में जिलाध्यक्ष के नामांकन को लेकर कार्यकर्ताओं में दिनभर हलचल रही। भाजपा कार्यालय में नामांकन दाखिल करने के लिए कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटी। भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए 59 कार्यकर्ताओं ने नामांकन किया है, आवेदकों में पांच महिलाएं,ओबीसी, अनुसुचित जाति वर्ग सहित सभी वर्गों के कार्यकर्ताओं ने नामांकन किया भाजपा के जिलाध्यक्ष पद के नामांकन की प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए चुनाव अधिकारी संदीप जोशी ने बताया कि 59 नामांकन जिलाध्यक्ष के लिए आए हैं। भाजपा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नामांकन के बाद पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष की घोषणा 17 मार्च सोमवार तक की जा सकती है और उसके साथ ही जिला संगठन चुनाव सम्पन्न हो जाएगा। रोहतक जिला में संगठन की दृष्टि से सभी 15 मंडल अध्यक्षों के चुनाव की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। जिला चुनाव अधिकारी संदीप जोशी ने बताया कि इस बार मंडल अध्यक्ष की घोषणा में हर वर्ग पर विशेष ध्यान दिया है। पार्टी की इस रणनीति से पार्टी कार्यकर्ताओं और समाज के विभिन्न वर्गों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। यह चुनाव भाजपा के अंदर एक नई दिशा में बदलाव का प्रतीक माना जा रहा है, जिसमें महिला और ओबीसी वर्ग को समान महत्व दिया गया है। जो पार्टी के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

# भक्तजन जो इस उजाले से युक्त हो जाते हैं



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

सत्य का ज्ञान जीवन में उजागर करके जन्मों-जन्मों की अज्ञानता के अन्धकार को मिटाया जा रहा है, जिस अन्धकार के कारण लोग भ्रमों और बंधनों में रह कर इस जीवन के सफर को तय करते आ रहे थे। जिस-जिस को भी इस ज्ञान का उजाला प्राप्त हुआ वही अपने आपको धन्य बता रहा है कि सही मायनों में मेरा संसार में आना सफल हो गया। वरना मेरी ये जिन्दीगी ऐसे ही चली जाती। जैसा ये मोलक जन्म अज्ञानता में रहकर ही मैंने बितादेना था, जैसे लाखों-करोड़ों लोग बिता कर चले जाते हैं, हमें भी सत्य का ज्ञान नहीं होना था। हम भी केवल प्रभु के नाम से वाकिफ रहते लेकिन ब्रह्मज्ञानियों की कृपा हुई कि वो ज्ञान की नज़र दे दी, जिसके कारण नाम के आगे निकल गये और नामी की पहचान हो गई।

इस परम अस्तित्व की पहचान हो गई जिसे राम कह कर भी पुकार रहे थे, जिसे हम अल्लाह, गॉ कह कर भी पुकार रहे थे, जिसे हम अकाल पुरख कह कर भी सम्बोधित कर रहे थे। ऐसे परम अस्तित्व का बोध हो गया इस आत्मा को और आत्मा धन्य हो गई। आत्मा को भी ठिकाना मिल गया, इसके बंधन भ्रमों के मिट जाने के कारण समाप्त हो गये। तो इस तरह से आत्मा के लिहाज़ से अपने आपको धन्य मान रहे थे। साथ ही साथ इसी उजाले के कारण जो भेद वाले भाव थे वो मिट गये हैं। कितने-कितने मान्यताओं से युक्त, कितने वहम-भुलेखों में पड़े हुए लोग जीवन जीते चले जा रहे हैं और उनके जीवन में ये सवेरा आया तो वो यही कह रहे हैं कि वाकई ये भी हमारे जीवन में ऐसा पड़ाव आया है जो हमारे जीवन को सरल बना रहा है। अब सरल महसूस होता है जीवन क्योंकि अब सत्य का आधार है और भेद वाले भाव मिट गये हैं। आज तक इसी अन्धकार के कारण हम भेद करते थे, हम उँची जाति वाले और वो नीची जाति वाले इस तरह से घृणा करते थे, नफ़रत करते थे।

## पंचांग

सोमवार, 17 मार्च, 2025, सूर्योदयः 06:28 ए एम, सूर्यास्तः 06:31 पी एम, चन्द्रोदयः 09:18 पी एम, चन्द्रास्तः 07:50 ए एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः फाल्गुन, पूर्णिमान्त महीनाः चैत्र, वारः सोमवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः तृतीया - 07:33 पी एम तक, नक्षत्रः चित्रा - 02:47 पी एम तक, योगः ध्रुव - 03:45 पी एम तक, करणः विष्टि - 07:33 पी एम तक, द्वितीय करणः बव - पूर्ण रात्रि तक, सूर्य राशिः मीन, चन्द्र राशिः तुला, राहुकालः 07:59 ए एम से 09:29 ए एम, गुलिक कालः 02:00 पी एम से 03:30 पी एम, यमगण्डः 10:59 ए एम से 12:30 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:05 पी एम से 12:54 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:54 पी एम से 01:42 पी एम, दुर्मुहूर्तः 03:18 पी एम से 04:06 पी एम, अमृत कालः 07:34 ए एम से 09:23 ए एम, वर्ज्यः 09:06 पी एम से 10:54 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** व्यावसायिक सन्दर्भ में अपने आप को साबित करने के लिए आज आपको कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता हो सकती है।

**वृषः** आज आपकी नये कार्यों में रूचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा।

**मिथुनः** आज वाणी पर संयम रखना अतिआवश्यक है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है।

**कर्कः** रचनात्मक लोग जीवन में अच्छा करेंगे। अपनी कल्पना और रचनात्मकता आपको प्रगति में मदद करेगी।

**सिंहः** आज किसी शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। इस राशि के स्टूडेंट्स अपने पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद हो सकती है।

**कन्याः** आज किसी बड़ी दिक्कत का समाधान होगा। भाग्य का साथ रहेगा। अपने जीवन पर नियंत्रण रखें और और सब के कहने या कुछ करने की कोई भी परवाह ना करें।

**तुलाः** आज भाग्य आपका साथ देगा। पहले आपके सामने आने वाली कठिनाइयों अब गायब हो जाएंगी और रुके हुए काम भी प्रगति करेंगे।

**वृश्चिकः** आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति हो सकती है। बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है।

**धनुः** आपको अपने कार्यालय या घर पर थोड़ा तनाव महसूस हो सकता है। व्यवसायी अन्य उज्ज्वल योजनाओं के साथ आगे के निवेश की योजना भी बनाएंगे।

**मकरः** आज आप दृढ निश्चय होकर पूरे लगन से अपने कार्यों को क्रियान्वित करेंगे, परिणाम सार्थक और सकारात्मक होगा।

**कुंभः** आज परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आज आपके कुछ मित्र मददगार साबित होंगे।

**मीनः** आज तांबे की कोई वस्तु खरीदना लाभदायक रहेगा। यात्रा सम्बन्धी कार्यक्रम में नए सिरे से बदलाव कर सकते हैं।

# तुलसी गबार्ड भारतीय हितों व हिन्दू संस्कृति की सदैव हिमायती रही है: आचार्य लोकेश



**अमेरिकी ख़ुफ़िया प्रमुख तुलसी गबार्ड जैन आचार्य लोकेश से आशीर्वाद लेंगी**

**हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति मिशन पर तुलसी गबार्ड का भारत में स्वागत है**

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

नई दिल्ली /पानीपत। अमेरिका के नेशनल इंटेलिजेंस की निदेशक तुलसी गबार्ड हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति मिशन के तहत भारत पहुंच रही हैं। दिल्ली प्रवास के दौरान गबार्ड भारत के प्रथम 'विश्व शांति केंद्र' के संस्थापक एवं अमेरिकी प्रेसिडेंशियल अवार्ड से सम्मानित जैन आचार्य लोकेशजी से भेंट कर आशीर्वाद लेंगी। इससे पूर्व भी तुलसी गबार्ड एवं जैन आचार्य लोकेश कई मौकों पर भारतीय हितों पर चर्चा करते रहे हैं।जैन आचार्य लोकेश ने इस बात की पुष्टि की कि गबार्ड के आफिस ने अहिंसा विश्व भारती फाउंडेशन यूएसए कार्यालय से संपर्क कर उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की।

गबार्ड ट्रंप सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली उच्च पदस्थ अधिकारी हैं जो भारत के दौरे पर आ रही हैं अमेरिकी नेशनल इंटेलिजेंस की निदेशक गबार्ड हमेशा से भारत से जुड़े हितों का समर्थन करती रही हैं, वह खुलकर अपने आपको बतौर हिन्दू प्रवक्ता प्रस्तुत करती हैं।गबार्ड की भारत यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात होने की संभावना है। वह 18 मार्च को दिल्ली में सुरक्षा संबंधी रायसीना सम्मेलन में शामिल होंगी । डीएनआइ निदेशक शांति मिशन के तहत भारत के अलावा जापान, थाइलैंड, फ्रांस की यात्रा पर है।

विश्व शांति केंद्र एवं अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश ने अपने वक्तव्य में कहा कि गबार्ड भारत की सच्ची मित्र है उनकी इस यात्रा से अमेरिका - भारत के रिश्ते और मजबूत होंगे उनकी विश्व शांति सद्भावना यात्रा का विश्व शांति केंद्र परिवार स्वागत करता हैं। भारत व हिंदू हितों की हिमायती गबार्ड से पूर्व की मुलाक़ातों का स्मरण करते हुए जैनाचार्य लोकेश जी ने कहा कि वह अत्यंत विनम्र और धार्मिक विचारों की महिला है।

# विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट से ही करें सम्पर्क: वरुण सिंगला

**वीजा के नाम पर फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने को पुलिस ने की एडवाइजरी जारी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रैवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। यह बात पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर लोगों को जागरूक करते हुए कही।

जिला पुलिस द्वारा विशेष एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हरियाणा एक सम्पन्न प्रदेश है। यहां के लोगो की विदेश जाने की काफी इच्छा होती है। लोगों के इस इच्छा का फायदा उठाकर फर्जी ट्रेवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं। ये लोग पीड़ितों को तब झांसे में फंसा लेते हैं जब वे सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों का जवाब देते हैं। इसके बाद एजेंटों द्वारा तरह-तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं। बहुत से मामलों मे ये एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दुसरे देशों में भेज देते है जैसे अमेरिका जाने वालों को मैक्सिकों, क्यूबा आदि देशो मे व इसी प्रकार आस्ट्रेलिया जाने वालों को मलेशिया आदि देशो मे ले जाते है और वहा से जगंलो, समुन्द्री रास्तों, सड़क मार्ग द्वारा पैदल नावों, कन्टैनरों द्वारा गैर कानूनी तरीके से सीमा पार करवाते है । इस यात्रा के दौरान बहुत से लोगों की ठण्ड के कारण, जहरीले



जानवरों के काटने से, नाव डुबने या कन्टैनर मे दम घुटने से मृत्यु हो जाती है। बहुत से मामलों मे इस प्रकार से विदेश गये लोगों के पासपोर्ट आदि दस्तावेज अपराधियों द्वारा छीन लिए जाते है और उनसे डरा धमका कर गलत कार्य करवाये जाते है। इसलिए हमें ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से बचकर रहना चाहिए। आपके द्वारा बरती गई थोड़ी-सी सावधानी आपको ऐसे ठगों का शिकार होने से बचा सकती है। विदेश जाने से सम्बंधित कार्यो को लेकर हमेशा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंटों की सेवाएं लें और पैसों का भुगतान करने से पूर्व उसे एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें। सावधानी मे ही बचाव है।

पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रेवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। पुलिस द्वारा विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जा रही। वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर पुलिस द्वारा हेल्पलाइन नंबर 80530-03400 जारी किया गया है। विदेश भेजने या वीजा लगवाने के नाम धोखाधड़ी होने पर पीड़ित इस नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# संजय कॉलोनी में हुई हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार अपराध व अपराधियों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि संजय कॉलोनी निवासी सदानंद ने अपनी दरखास्त में आरोप लगाया कि 14 मार्च को अंकित, कुलदीप, अवध, योगी व उनके साथियों ने मिलकर उसके बेटे सूरज की पीट पीट का हत्या कर दी गई थाना मुजेसर पुलिस ने इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज किया।

उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने अंकित वासी चमनपुरा जिला गोपालगंज बिहार हाल संजय कॉलोनी, जोगी कुमार वासी शिव नगर जिला मुंगेर बिहार हाल संजय कॉलोनी, अवध कुमार वासी सकरौली बिहार हाल संजय कॉलोनी तथा कुलदीप कुमार वासी चक्का लोहार जिला दरभंगा बिहार हाल संजय कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में सामने आया कि वे चारों एक साथ एक मकान में किराए पर रहते हैं तथा प्राइवेट नौकरी करते हैं। 14 मार्च को आरोपीगण अपने घर पर पार्टी कर रहे थे तभी वहां पर घर के बाहर सूरज नाम के लड़के से झगड़ा हो गया और उन्होंने सूरज की पिटाई कर दी, इससे सूरज की मौत हो गई।आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

# यूवक की गोली मारकर हत्या करने की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले की क्राईम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने यूवक की गोली मारकर हत्या करने की घटना में संलिप्त मुख्य शूटर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मनु पुत्र जगदीश निवासी गाँव जवाहरा जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 15 मार्च को जिला सोनीपत निवासी एक महिला नें थाना सदर गोहाना में शिकायत दी कि मेरा पति सुरेंद्र खेतीबाड़ी का काम करता था जो मैं व मेरा पति सुरेंद्र 14 मार्च को समय करीब 9 बजे पर अपने घेर में गए हुए थे कुछ देर बाद हम अपना काम करके घेर से अपने घर आ रहे थे जो घेर के बाहर हमारा पड़ोसी सुल्तान पुत्र सूरजन निवासी जवाहरा मिला और मेरा पति सुरेंद्र व सुल्तान साथ-साथ घर की तरफ आ रहे थे जब हवासिंह पुत्र सूरत के मकान के पास पहुंचे तो आगे से मनु पुत्र जगदीश निवासी गाँव जवाहरा आगे से आया और मेरे पति सुरेंद्र के ऊपर पिस्तौल से गोली चला दी फिर मनु मेरे पति को और गोली मारने लगा तो सुल्तान व मैंने मनु को पकड़ने की कोशिश की तो मनु ने मुझे धक्का दे दिया और सुल्तान के सिर पर पिस्तौल का बट मारा फिर मेरा पति भाग कर एक किरयाणा की दुकान में घुस गया तो मनु ने पीछा कर दुकान में घुसकर मेरे पति सुरेंद्र को गोली मार दी जो मेरा पति लहू लूवाहन हो गया।




# मिताली हत्याकांड में फरार चल रहे तीनों आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेशकर 4 दिन का लिया रिमांड

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग



**जीरकपुर, 16 मार्च।** मिताली हत्याकांड में फरार चल रहे तीनों आरोपियों सुल्तान मोहम्मद मोहल्ला राजपुतान बनूड, राज निवासी मोहल्ला घुमियारा वाला बनूड, अमनदीप निवासी मोहल्ला तरखाना वाला बनूड को गिरफ्तार करने उपरांत जीरकपुर थाना पुलिस ने रविवार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां अदालत ने तीनों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। मिताली की हत्या क्यों हुई यह राज अभी भी साफ नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में पूछताछ के बाद प्रैस कॉन्फ्रैंस करेंगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार मिताली पिछले पांच साल से आरोपी सुल्तान मोहम्मद के संपर्क में थी। दोनों में काफी अच्छी दोस्ती थी। दोनों में एक बार शादी तक करवाने की बात भी चल रही थी। सूत्रों के अनुसार सुल्तान मोहम्मद एक साल पैसे कमाने के लिए साउदी अरबिया भी गया था, लेकिन इस दौरान मिताली की दोस्ती किसी अन्य के संपर्क में आ गई थी। सुल्तान से उसने बातचीत काफी कम कर दी थी। उसने सुल्तान का नंबर भी ब्लॉक लिस्ट में डाल दिया था। सुल्तान उसे बातचीत करने के लिए घर के बाहर से ले गया था। उसके बाद मिताली और सुल्तान एक मोटरसाइकिल पर अलग से चले गए थे। सूत्रों से यह भी पता चला कि सुल्तान अपनी शादी की बात करने के लिए मिताली को साथ लेकर गया था लेकिन इंटर कास्ट के चलते मिताली ने उसे मना कर दिया था। जहां उनकी आपस में बहस हुई और तीन दिन बाद मिताली का शव बनूड के पास गंदे नाले में मिला जो तिरपाल से ढका हुआ था।

सूत्रों के अनुसार जब सुल्तान मिताली को बातचीत के लिए अपने साथ ले गया तो उसके मोबाइल पर लॉक लगा हुआ था। काफी तूं-तूं-मैं-मैं के बाद जब मिताली से पासवर्ड लेकर उसका सुल्तान ने मोबाइल खोला तो उसमें मिताली की किसी अन्य लड़के के साथ चैटिंग थी। उसके बाद उनमें झगड़ा हुआ। पुलिस का कहना है कि अभी मिताली का मोबाइल और जिस पर सुल्तान उसे लेकर गया था वह मोटरसाइकिल बरामद करना बाकी है। 7 मार्च को मिताली घर से लापता हुई थी। 10 मार्च को उसका शव बनूड के पास गंदे नाले से बरामद हुआ था और 11 मार्च को उसके शव का राजपुरा अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया था। लेकिन परिवान ने शव का संस्कार करने से इंकार कर दिया था, क्योंकि उनकी मांग थी कि जब तक चारों आरोपी गिरफ्तार नहीं हो जाते तब तक वह मिताली के शव का संस्कार नहीं करेंगे। वहीं पुलिस ने तीनों आरोपियों को गौरखपुर नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया। मिताली के परिवार को आरोपियों की पुष्टि करवाई जिसके बाद 15 मार्च को मिताली का पूरे रिती रिवाजों से संस्कार किया गया। वहीं, एसएचओ जीरकपुर जसकंवल सेखों तीनों आरोपियों को शनिवार 4.25 पर गौरखपुर से लेकर निकले थे और रविवार साढ़े 8 बजे जीरकपुर थाने पहुंचे, जिसके बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया।

बता दें कि बादल कॉलोनी से जिस 23 वर्षीय मिताली को चार युवकों ने 7 मार्च को अगवा किया था, उसका पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मिताली की हत्या उसी दिन हो गई थी जिस उसे अगवा किया गया था। तीन दिन उसकी लाश नाले से बरामद हुई थी। पुलिस ने रोहित कुमार जोकि बनूड का रहने वाला था को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था और उससे आई-20 गाड़ी जिसमें मिताली को अगवा किया गया था, उस गाड़ी को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया था। तीनों आरोपी सुल्तान मोहम्मद मोहल्ला राजपुतान बनूड, राज निवासी मोहल्ला घुमियारा वाला बनूड, अमनदीप निवासी मोहल्ला तरखाना वाला बनूड फरार थे जिन्हें गौरखपुर से गिरफ्तार किया गया है।

> अभी तक की पूछताछ में सामने आया है कि मिताली सुल्तान के संपर्क में थी और उनका कनेक्शन था। अभी वह पुलिस रिमांड पर है और उनसे पूछताछ की जा रही है। असल बात क्या है कि वह हम प्रैस कॉन्फ्रैंस में बताएंगे।
>
> **–मनप्रीत सिंह, एसपी दिहाती।**

# अजनाला थाना अटैक : अमृतपाल सिंह के साथियों पर शिकंजा कसने की तैयारी में पंजाब पुलिस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** अजनाला थाना हमले के मामले में पंजाब पुलिस अब तेजी से एक्शन की तैयारी कर रही है। पुलिस की योजना वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के सहयोगियों पर शिकंजा कसने की है। ये वही लोग हैं, जिन्हें पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में भेजा गया था।

पुलिस अब अमृतपाल सिंह के जेल में बंद साथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की योजना बना रही है। इन बंदियों को अब एनएसए हटाकर पंजाब लाया जाएगा। सोमवार से असम की डिब्रूगढ़ जेल से सभी बंदियों को पंजाब लाया जाएगा और इसके बाद उन पर कानूनी कार्रवाई यहीं पंजाब में की जाएगी।

अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में घातक हथियारों से लैस करीब 200-250 लोगों की भीड़ ने अजनाला थाना पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया था। इस हमले का उद्देश्य उनके एक साथी को पुलिस हिरासत से छुड़ाना था। इस घटना के बाद पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह और उसके कुछ अन्य साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था।

पुलिस के अनुसार, अमृतपाल और उसके साथियों ने इस हमले के दौरान कानून व्यवस्था को गंभीर रूप से चुनौती दी थी। अब पुलिस इस मामले में एक बार फिर से एक्शन लेने के मूड में है। अमृतपाल के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस ने अपनी तैयारी तेज कर दी है और इस मामले में अब और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल पुलिस ने अमृतपाल सिंह के करीबी साथी लवप्रीत सिंह तूफान को गिरफ्तार कर लिया। लवप्रीत सिंह की गिरफ्तारी के बाद अमृतपाल सिंह ने 23 फरवरी 2023 को अपने समर्थकों के साथ मिलकर हथियारों से लैस होकर अजनाला थाना पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया था।

इस हमले के दौरान अमृतपाल और उसके समर्थकों ने पुलिस बैरिकेड्स को तोड़ते हुए थाने के अंदर घुसकर अपने साथी को पुलिस हिरासत से छुड़ाया। इस हमले में छह पुलिसकर्मी घायल हो गए थे, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई गई थी। इस घटना के बाद अमृतपाल सिंह पुलिस की रडार पर आ गया था और पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए अपनी कार्रवाई तेज कर दी थी।

अमृतपाल सिंह फिलहाल जेल में बंद है और इस हमले के बाद पुलिस उसकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे हुए है। अब पुलिस अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की दिशा में तेजी से कदम उठा रही है।




# यह कभी मत भूलो की हमें गुरुओं का बहुत सहारा है : मुकेश मुनि जी महाराज


> अर्थ प्रकाश भवन में कुशल वक्ता मुकेश मुनि जी महाराज, शीतल मुनि जी महाराज व अखिल मुनि जी महाराज विराजमान रहे

अर्थ प्रकाश संवाददाता




जैन संत श्री मुकेश मुनि जी महाराज, शीतल मुनि जी महाराज एवम अखिल मुनि जी महाराज ढाणे 3 का प्रवचन अर्थ प्रकाश भवन में आयोजित किया गया।, प्रवचन में अर्थ प्रकाश परिवार की तरफ से संतो व उपस्थित श्रद्धालुओं का धन्यवाद करते हुए कैलाश जैन। **फोटो : अजीत कौशल**

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** गुरु सुदर्शन संघ के वर्तमान संघ संचालक व मनोहर व्याख्यानी पूज्य गुरूदेव नरेश चंद्र जी महाराज के आज्ञात अनुवर्ती व कुशल वक्ता मुकेश मुनि जी महाराज, शीतल मुनि जी महाराज व अखिल मुनि जी महाराज रविवार को भी अर्थ प्रकाश में प्रवचन के लिए विराजमान रहे। मुकेश मुनि जी महाराज ने प्रवचन करते हुए व्यक्ति को अपने सुविचार रखने, ईष्ट देव का आह्वान कर गुरू का स्मरण करने, अपनी वाणी पर नियंत्रण रखने, अच्छे शब्द बोलने और समय को दोष न देने की महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह कभी मत भूलो की हमें गुरूओं का बहुत सहारा है। गुरु ही मार्गदर्शक होते हैं। अपने ईष्ट देव का स्मरण कर खुद को पहचानो। उन्होंने कहा कि हम दूसरों के बारे में बात करते हैं लेकिन अपने अंदर नहीं झांकते। हम दूसरों की बुराई करते हैं लेकिन अपनी बुराई नहीं सुनते। उन्होंने कहा कि समय बहुत विचित्र है। समय कभी अच्छा या बुरा नहीं होता। सीता का हरण हुआ क्या तब कलयुग था। द्रोपदी का चीर हरण हुआ तब कलयुग था। जिस तरह हमारे अंदर अच्छा और बुरा खून होता है वैसे ही अच्छे विचार और बुरे विचार भी होते हैं। समय बहुत विचित्र है। ऐसा नहीं है सब कुछ बुरा समय है। आचार्य भगवंतों ने मंथन करके हमारे को ऐसी बातें दी हैं। यदि हम इन बातों को जीवन में उतार लें तो आने वाला समय हमारा कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। उन्होंने कहा कि वाणी को कभी बाण न बनने दो। वाणी पर नियंत्रण रखे। यह किसी भी गैर और गैर को अपना बना सकती है। अर्थ प्रकाश परिवार की ओर से हरीश जैन, महावीर जैन, कैलाश जैन, वींद्र जैन और गीतेश जैन व अंकुर जैन ने सभी ईष्ट मित्रों व अन्य श्रद्धालुओं ने मुनि जी का आर्शीवाद लिया।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)